


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 आईपीएम में साधारण प्रदर्शन के चलते हार्दिक पंड्या और केएल राहुल ...

कांग्रेस का बड़ा ऐलान- सरकार बनी तो संसद के पहले ही सत्र में रद्द हो ... 12



वर्ष : 14 | अंक : 339 | नई दिल्ली, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### श्रमिक एक्सप्रेस में हुआ ब्लास्ट, आरपीएफ जवान की मौत

पटना/मुजफ्फरपुर। राज्य के मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह वलसाड से पहुंची श्रमिक एक्सप्रेस की बोगी में आग लगने के दौरान ब्लास्ट होने से आरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। रेलवे पुलिस के मुताबिक प्लेटफार्म संख्या पांच पर यात्रियों के उतरने के कुछ देर बाद एसी बोगी में आग लग गई और बोगी से धुंआ निकालने दलगा। आग बुझाने के लिए आरपीएफ का एक जवान बोगी में चढ़ गया और आग बुझाने लगा। आग बुझाने के दौरान अग्निशमन यंत्र ब्लास्ट कर गया, जिससे जवान को गंभीर चोटें आईं और उसका चेहरा झुलस गया। स्थानीय रेलवे पुलिस ने आनन-फानन में गंभीर रूप से जख्मी जवान को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के आईजी जंक्शन पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरूकी। एफएसएल टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रही है।

### पिथौरागढ़ में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत

पिथौरागढ़/नैनीताल। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में सोमवार तड़के सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पिथौरागढ़ निवासी आठ लोग किसी शादी समारोह में शामिल होने के बाद आज सुबह वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ऐंचोली क्षेत्र में अडोली के पास उनका वाहन अनियंत्रित होकर 200 मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद राज्य आपदा प्रबंधन बल के सहायक उप निरीक्षक सुंदर सिंह की अगुवाई में एक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सबसे पहले घायलों को बाहर निकाला और चिकित्सालय पहुंचाया। साथ ही शवों को भी खाई से बाहर निकाल कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### आतंकवादी साजिश का मामला, श्रीनगर में नौ जगहों पर छापेमारी

श्रीनगर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने जम्मू कश्मीर को अस्थिर करने के लिए नवगठित आतंकी संगठनों से जुड़ी कथित साजिश की जांच के तहत सोमवार को श्रीनगर में नौ स्थानों पर छापेमारी शुरू की। एनआईए के सूत्रों ने बताया कि यह मामला भौतिक एवं साइबरस्पेस दोनों तरह की साजिश रचने तथा जम्मू कश्मीर में बम, आईईडी और छोटे हथियारों के साथ हिंसक आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के षडयंत्र से संबंधित है। इस तरह के षडयंत्र जम्मू कश्मीर में युवाओं और भूमिगत कार्यकताओं के साथ मिलकर आतंकवादी समूहों की एक बड़ी साजिश का हिस्सा हैं।

### पीएम की सभा 26 को अररिया में, आमंत्रण के लिए अक्षत

अररिया। फारबिसगंज के हवाई फील्ड के मैदान में 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जिसमे शामिल होने के लिए आमजनों के घर घर जाकर भाजपा कार्यकर्ता अक्षत देकर आमंत्रण देंगे। यह जानकारी बिहार सरकार के मंत्री एवं प्रधानमंत्री के फारबिसगंज में आयोजित कार्यक्रम के प्रभारी नीरज कुमार बबलू ने कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 26 अप्रैल के कार्यक्रम के ऐतिहासिक होने का दावा किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है।

---

**सीएम ने भागलपुर व बांका में चुनावी सभा को किया संबोधित, राजद पर साधा निशाना**

# अपने परिवार को आगे बढ़ाने में लगे हैं कुछ लोग, हमने परिवार को नहीं बढ़ाया : नीतीश

- मुखिया के चुनाव में महिलाओं को दिया आरक्षण
- 8 हजार कब्रिस्तान की घेराबंदी करवा दी

## कहा-जदयू ऐसी पार्टी है इसके लोग इधर-उधर नहीं करते हैं



प्रात : किरण

पटना/भागलपुर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को भागलपुर के गोराडीह प्रखंड स्थित मुक्तापुर उच्च विद्यालय के प्रांगण में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए लालू परिवार का नाम लिए बिना कहा कि हमारी मूर्खता से वह आ गया था। उसमें हमारा भी सहयोग था। फिर वह गड़बड़ करने लगा। हमें भी लगा कि गड़बड़ करता है। लालू यादव को जब सात साल के बाद पद छोड़ना पड़ा तो अपने पत्नी को भी मुख्यमंत्री बना दिया। सीएम नीतीश ने कहा कि पति-पत्नी दोनों बन गए। उसके बाद बेटा, बेटी, बाल बच्चा यही सबके फेरा में लगा रहता है। जदयू ऐसी पार्टी है इसके लोग इधर-उधर नहीं करते हैं। अपने परिवार के लिए कुछ नहीं करते हैं। मैं इतने दिनों से पार्टी में हूं। अपने परिवार को कभी आगे नहीं बढ़ाया। अपने परिवार के लिए नहीं कुछ किया। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की तरक्की की बात करते हुए कहा कि जब हम केंद्र में मंत्री थे। तो महिलाओं की उत्थान के लिए कमेटी बनाया गया था। उसे राष्ट्रीय नियम में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण की बात हुई थी। हम उसमें सदस्य थे। नीतीश कुमार ने कहा कि जब पहली बार 2005 में हमारी सरकार बनी तो मुखिया के चुनाव में हमने महिलाओं को आरक्षण दिया। फिर नगर निकाय में भी आरक्षण दिया। अब नौकरी में महिलाओं को 50 प्रतिशत तक आरक्षण है।

हमने बेटियों के लिए साइकिल योजना, पोशाक योजना चलाई। बेटियां अब स्कूल जाने लगी है। स्कूल बनवा दिए हर तरफ महिलाएं आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी आंदोलन में हम जेल गए थे। हमारे समय में इंजीनियरिंग में नौकरी नहीं मिलती थी। इसलिए हमने इंजीनियरिंग के छात्रों को साथ लेकर आंदोलन किया और हम जेल गए थे। तब हम भागलपुर जेल में बंद थे। जब मुख्यमंत्री बन गए तो भागलपुर आते जाते रहे। जन्मभूमि से और भागलपुर से हमारा गहरा रिश्ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 से पहले शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। क्या हालत थी आप लोग जानते हैं। बिहार की अब हर तरफ तरक्की है। पहले हिंदू मुस्लिम का कितना झगड़ा होता था। अब किसी प्रकार का झगड़ा नहीं होता है।

हमने 8 हजार कब्रिस्तान की घेराबंदी करवा दी है और एक हजार कब्रिस्तान को चिन्हित किया गया है। उसकी भी घेराबंदी जल्दी ही कर दी जाएगी। पहले स्वयं सहायता समूह नहीं था। हमने स्वयं सहायता समूह बनाकर जीविका बनाई। अब बिहार में 10 लाख से ऊपर जीविका कार्य कर रही हैं। यह जीविका देश भर में आजीविका कहलाएगी। मुख्यमंत्री ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भागलपुर से जदयू राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवार अजय मंडल को भारी मत देकर जिताने के लिए लोगों से वोट मांगे। इस मौके पर राजीव कांत मिश्रा, राज्यसभा सांसद संजय झा, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, मंत्री विजय चौधरी, कहकशां परवीन, शाह फकरे आलम हसन ने सभा को संबोधित किया।

**महिलाओं के लिए नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया :** बांका के रजौन में जनसभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि हमने शिक्षा, स्वास्थ्य, मूलभूत सुविधाएं, रोजगार, नौकरी आदि पर कई काम किए है। वहीं विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने परिवारवाद के मुद्दे पर चोट किया।

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोग परिवारवादी नहीं है पर वे लोग परिवार के लिए काम करते हैं। लालू प्रसाद का नाम लिए बिना निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अपनी पत्नी व बेटे-बेटी के लिए ही काम करते हैं। पहले खुद लड़ा फिर पत्नी और बेटा को बनाया अब सब बेटी को बनवा रहा है। महिलाओं को पढ़ने लिखने से लेकर नौकरी रोजगार का अवसर दिया है एवं महिलाओं के लिए नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है।

---

**कांग्रेस ने पांच सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का किया ऐलान**

# लोस चुनाव : महाराजगंज से आकाश तो मुजफ्फरपुर से अजय निषाद लड़ेंगे चुनाव

## समस्तीपुर में बिहार सरकार के दो मंत्रियों के बच्चे आमने-सामने







प्रात : किरण

पटना/नई दिल्ली। महागठबंधन की तरफ से चुनाव लड़ रही कांग्रेस ने बिहार में अपने हिस्से की बची छह सीटों में से पांच उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने जहां अपने कोटे के नौ सीटो में से तीन उम्मीदवारों के नाम का ऐलान पहले ही कर दिया था। वहीं सोमवार को बचे हुए छह सीटों में पांच पर अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने पश्चिम चंपारण से मदन मोहन तिवारी, मुजफ्फरपुर से अजय निषाद, महाराजगंज से आकाश प्रसाद सिंह, समस्तीपुर से सन्नी हजारी और सासाराम से मनोज कुमार को उम्मीदवार घोषित किया है। पश्चिम चंपारण सीट से मदन मोहन तिवारी का मुकाबला भाजपा के डा. संजय जायसवाल से होगा। इसी तरह मुजफ्फरपुर सीट से वर्तमान सांसद अजय निषाद मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी राजभूषण निषाद से होगा।

**पांच प्रत्याशियों की सूची**

1. **महाराजगंज :** आकाश सिंह
2. **मुजफ्फरपुर :** अजय निषाद
3. **समस्तीपुर:** सन्नी हजारी
4. **सासाराम :** मनोज कुमार
5. **पश्चिम चंपारण :** मदन मोहन तिवारी

अजय निषाद इससे पहले भाजपा से सांसद थे, लेकिन टिकट नहीं मिलने के कारण उन्होंने कांग्रेस के साथ जाने का फैसला किया। समस्तीपुर से रोचक मुकाबला समस्तीपुर में देखने को मिलेगा। यहां से बिहार सरकार के दो मंत्रियों के बच्चे चुनावी मैदान में हैं। एक तरफ मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी चिराग की पार्टी लोजपारा से चुनाव लड़ रही हैं।

वही, दूसरी तरफ जदयू से कांग्रेस में गए सन्नी हजारी भी अब चुनाव में उन्हें कड़ा मुकाबला देने को तैयार हैं। सन्नी हजारी मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं। महाराजगंज सीट से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के बेटे आकाश प्रसाद सिंह को टिकट दिया गया है। आकाश का मुकाबला यहां भाजपा के जनार्दन सिंह सिग्रिवाल से होगा। इसके अलावा यहां निर्दलीय एमएलसी सच्चिदानंद राय ने अपनी पत्नी को चुनाव में उतारने का फैसला लिया है। सासाराम सीट से मनोज कुमार का मुकाबला भाजपा के उम्मीदवार शिवेश राम से होगा।

**पटना साहिब सीट पर संशय बरकार :** हालांकि पटना साहिब सीट से कांग्रेस ने अपने चेहरे पर से पर्दा नहीं हटाया है। यहां कौन उम्मीदवार होगा। इस पर सस्पेंस कायम है। माना जा रहा है कि यहां मीरा कुमार के बेटे को पार्टी अपना उम्मीदवार बना सकती है।

**बिहार में कांग्रेस 9 सीटों पर लड़ रही चुनाव:** बता दें कि बिहार में इंडिया गठबंधन के बीच हुए सीट बंटवारे में कांग्रेस को 9 सीटें मिली हैं। जबकि 23 सीटों पर आरजेडी चुनाव लड़ रही है। वहीं, 5 सीटें वाम दल को दी गई हैं। 3 सीट पर वीआईपी चुनाव लड़ रही है।

---

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार चार लोगों की ली जान

प्रात : किरण

लखीसराय/एजेंसी। बिहार के लखीसराय जिले के मेदनी चौक थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक अज्ञात वाहन ने दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, दो बाइक पर सवार होकर पांच लोग पास से ही एक शादी समारोह में भाग लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 80 पर हैबतगंज के पास अज्ञात वाहन ने दोनों बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। मेदनी चौक थाना के प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मृतकों में पुग्गी यादव, लक्ष्मी महतो, मनीष कुमार, कुणाल कुमार शामिल हैं, वहीं सूरज कुमार जख्मी है। हादसे के शिकार सभी लोग लखीसराय और मुंगेर के निवासी थे और पास के ही एक गांव में बारात में शामिल होकर लौट रहे थे।

---

# लोस चुनाव : तीसरे चरण के पांच सीटों पर 54 उम्मीदवार मैदान में

प्रात : किरण

पटना। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग के लिए सोमवार को बिहार की पांच सीटों अररिया, झंझारपुर, सुपौल, मधेपुरा और खगड़िया के चुनाव में नामांकन पर नामांकन करने वाले उम्मीदवारों के पर्चा की जांच की गयी। एक लोकसभा सीट पर नॉमिनेशन करने वाले 20 उम्मीदवारों का पर्चा खारिज कर दिया गया। पांच सीटों पर कुल मिलाकर 42 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर दिया गया है। तीसरे चरण के




मतदान वाली पांच सीटों पर अब कुल 54 उम्मीदवार मैदान में हैं। बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर 7 मई को होने वाली तीसरे चरण की वोटिंग होनी है। इन सीटों में अररिया, झंझारपुर, सुपौल, मधेपुरा और खगड़िया शामिल हैं। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक नामांकन पत्र में अधूरी जानकारी, शपथ पत्र नहीं लगाने या चुनाव अधिकारी के सामने प्रस्तावक को पेश नहीं करने जैसे कारणों से 42 उम्मीदवारों का नॉमिनेशन कैंसिल कर दिया गया है। अररिया में 20 उम्मीदवारों का नामांकन रद्द : चुनाव आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक अररिया लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 20 उम्मीदवारों का नामांकन रद्द कर दिया गया है। अररिया के डीएम इनायत खान ने मीडिया को बताया कि अररिया सीट के लिए 29 कैंडिडेट ने 40 सेट में नामांकन किया था। कैंडिडेट या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सामने नॉमिनेशन पेपर की जांच की गई। जिनका पर्चा खारिज किया गया उन सबको पक्ष रखने का मौका दिया गया। उधर, झंझारपुर और मधेपुरा सीट पर 7-7 उम्मीदवारों के नामांकन का पर्चा रद्द कर दिया गया है। वहीं, सुपौल सीट पर 5 और खगड़िया सीट पर 3 कैंडिडेट का नामांकन पत्र रद्द हो गया है। तीसरे चरण के मतदान वाली पांच सीटों पर अब कुल 54 उम्मीदवार मैदान में हैं। सोमवार को नाम वापसी का आखिरी दिन है और अगर इनमें कोई अपना नाम वापस नहीं लेता है तो इन सबका लड़ना तय है। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक जिन उम्मीदवारों का पर्चा खारिज हुआ है उनमें ज्यादातर निर्दलीय चुनाव मैदान में खड़े होने पहुंचे थे। बिहार में लोकसभा चुनाव में अब हुए तीन चरणों के नामांकन में तीसरे चरण में सबसे ज्यादा उम्मीदवारों का नामांकन रद्द किया गया है।

---

# दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ कर फेंक देंगे : शाह

प्रात : किरण

जगदलुपर/एजेंसी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जब तक नक्सलवाद है, तब तक सुख सुविधाएं नहीं पहुँच सकतीं और नक्सलवादी अगर आत्मसमर्पण करने के लिए ना समझे तो वे जान लें कि दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंक दिया जाएगा। श्री शाह बस्तर संभाग के कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, जिससे भारत



दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाए। पिछले दस साल में देश में बड़ा परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर निमंत्रण पत्र भेजा गया, लेकिन वे राम के दरबार में नहीं आए। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि कश्मीर का बाकी राज्यों से क्या लेना देना, उन्हें पता नहीं है कि छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जैसे आतंकवाद को समाप्त किया, वैसे ही नक्सलवाद के समाप्त कर रहे हैं। पिछले चार महीने में 90 से ज्यादा नक्सली मारे गए और 250 ने आत्मसमर्पण किया। दो साल के अंदर छत्तीसगढ़ से नक्सलियों को उखाड़ फेंकेगें। उन्होंने बचे हुए नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की सलाह देते हुए चेतावनी दी कि अन्यथा वे लड़ाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि जल, जंगल जमीन के साथ आदिवासियों की सुरक्षा के साथ सम्मान की गारंटी भी प्रधानमंत्री श्री मोदी देते हैं। संसाधन पर पहला हक आदिवासियों और गरीबों का है, पर कांग्रेस की सोच इससे अलग है।

---

# सूरत से मिली भाजपा को पहली सीट, मुकेश दलाल निर्विरोध विजयी

## सभी निर्दलीय और राजनीतिक दलों ने वापस लिया नामांकन पत्र

- कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन निर्वाचन अधिकारी ने किया था रद्द

प्रात : किरण

सूरत/एजेंसी। लोकसभा चुनाव-2024 में भाजपा को पहली सीट सूरत से मिली है। सूरत लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल ने निर्विरोध जीत कर इतिहास रच दिया है।

नाम वापस लेने के अंतिम दिन कुल 9 मान्य नामांकन में से 8 ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। इससे पहले रविवार को कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी और सुरेश पडसाला के नामांकन रद्द कर दिए गए थे। देश में 1951 से लेकर वर्ष



2019 में तक हुए 17 बार लोकसभा चुनाव में पहली बार कोई उम्मीदवार निर्विरोध विजयी घोषित किया गया है। इस तरह भाजपा को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली सीट सूरत से मिली है। सूरत लोकसभा सीट के लिए भाजपा के मुकेश दलाल समेत 9 लोगों के नामांकन मान्य घोषित किए गए थे। नाम वापस लेने के अंतिम दिन सोमवार को मुकेश दलाल को छोड़कर बाकी के सभी 8 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। शाम तक चुनाव अधिकारी की ओर से इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी। सोमवार सुबह सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्टी के अब्दुल हमीद खान, ग्लोबल रिपब्लिकन पार्टी के जेयेश मेवाडा, लोग पार्टी के सोहेल शेख, निर्दलीय अजीत उमट, निर्दलीय किशोर डायाणी, निर्दलीय रमेश भाई बारैया और निर्दलीय भरतभाई प्रजापति ने अपने नाम वापस ले लिए। हालांकि बहुजन समाज पार्टी के प्यारेलाल भारती ने सबसे अंत में अपना नाम वापस लिया। इससे पूर्व उनकी पार्टी की ओर से पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर सुरक्षा की मांग की गई थी। उनका आरोप था कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार को अनजान नंबरों से फोन कर धमकी दी जा रही है। हालांकि बाद में उन्होंने भी अपना नाम वापस ले लिया।

---

**दौरा** | **सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद बहादुरों को श्रद्धांजलि दी**

# सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन पहुंचे रक्षामंत्री, जवानों का बढ़ाया हौसला

## माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने वाले सैनिकों को मिठाई खिलाई

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा चुनाव प्रचार की व्यस्तताओं के बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को सियाचिन पहुंचे। दुनिया की सबसे ऊंची बैटल फील्ड में तैनात सशस्त्र बलों के जवानों से बातचीत करके उनकी चुनौतियों को समझने का प्रयास किया। उन्होंने माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने के लिए सैनिकों का हौसला बढ़ाया।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस बार होली का पर्व सैनिकों के साथ मनाने के लिए सियाचिन जाना था, लेकिन अचानक मौसम खराब होने की वजह से अंतिम समय में कार्यक्रम बदलना पड़ा। इसके बाद राजनाथ सिंह ने लेह के मिलिट्री स्टेशन में जाकर सशस्त्र बलों के साथ होली का त्योहार मनाया था। उन्होंने उसी समय सियाचिन में तैनात कमांडिंग ऑफिसर से जल्द सियाचिन आकर पाकिस्तान के मोर्चे पर तैनात जवानों से मुलाकात करने का वादा किया था। इसके बाद वे पहले चरण के लोकसभा चुनाव में बतौर स्टार प्रचारक चुनावी सभाओं और रैलियों में व्यस्त हो गए। इस बीच भारतीय वायु सेना ने 13 अप्रैल को पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन मेघदूत की 40वीं वर्षगांठ मनाई लेकिन रक्षामंत्री चुनावी व्यस्तताओं के कारण इस कार्यक्रम में भी नहीं शामिल हो सके। इस बीच आज सुबह रक्षा मंत्री सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ लेह, लद्दाख में थोइस हवाई अड्डे पर पहुंचे। इसके बाद रक्षामंत्री सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों के साथ बातचीत की। उन्होंने सियाचिन की बर्फीली पहाड़ियों पर तैनात जवानों से बातचीत में उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। रक्षा मंत्री ने जवानों को मिठाई खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया और भारत माता की जय का उद्घोष किया। रक्षामंत्री ने कहा कि सियाचिन में ऑपरेशन मेघदूत की सफलता हम सभी भारतीयों के लिए गौरव का विषय है। दुनिया के सबसे ऊंचे इस युद्धक्षेत्र में हमारी सेनाओं ने जो बहादुरी दिखाई है, उस पर हमें नाज है। उन्होंने जवानों से कहा कि राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा करने के लिए आप अपना सब कुछ न्योछावर कर देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। आपका राष्ट्रप्रेम हम सब भारतीयों के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। राजनाथ सिंह ने सियाचिन ग्लेशियर पर मातृभूमि की रक्षा के लिए तैनात सभी जांबाज सैनिकों को नमन किया। इससे पहले उत्तरी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने फॉरवर्ड फील्ड अस्पताल की परिचालन तैयारियों और चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करने के लिए दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन के आगे के क्षेत्रों का दौरा किया। सेना कमांडर ने प्रताप पुर सैन्य स्टेशन को सर्वश्रेष्ठ ग्रीन स्टेशन पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने चुनौतीपूर्ण और कठिन परिस्थितियों में उनके संपूर्ण व्यावसायिकता और अनुकरणीय कार्य के लिए सभी रैंकों की सराहना की।

---

# पश्चिम बंगाल में एसटीएफ ने आतंकी को पकड़ा

प्रात : किरण

कोलकाता/एजेंसी। कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी कर हमले की योजना बना रहे एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस ने उसे मुंबई के माहिम इलाके से गिरफ्तार किया है। शख्स की पहचान राजाराम रेगे के तौर पर हुई है।

कोलकाता पुलिस ने दावा किया है कि राजाराम आतंकी है और उसका कनेक्शन मुंबई हमलों के हैंडलर डेविड हेडली से भी रहा है। इतना ही नहीं एसटीएफ का दावा है कि राजाराम कोलकाता में मुंबई के 26/11 जैसे हमले की साजिश रच रहा था। कोलकाता पुलिस के एडिशनल सीपी 1 मुरलीधर शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि कोलकाता पुलिस ने तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी के मामले में मुंबई से राजाराम रेगे को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि राजाराम ने साल 2011 के मुंबई हमले से पहले डेविड हेडली से मुलाकात की थी। पुलिस का कहना है कि आतंकी हेडली ने शिकागो की एक कोर्ट में 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मुकदमे में अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में अपने बयान में कहा था कि वह मध्य मुंबई के दादर में शिवसेना भवन गया था और राजाराम रेगे से मिला था।

एडिशनल सीपी ने बताया कि राजाराम को कोलकाता में देखा गया था। उसने साउथ कोलकाता के होटल रुका था। उसके पास अभिषेक बनर्जी और उसके पीए का नंबर भी था। कोलकाता पुलिस का कहना है कि 26/11 जैसे हमले का प्लान किया जा रहा था। आरोपित ने अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी करने की भी कोशिश की थी। शुरूआती जांच में पता चला है कि राजाराम ने कोलकाता में कुछ और लोगों से मुलाकात की थी। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्वे में 18699 मतदाता थे गायब, वोट डालने पहुंचे 304 लोग

**हल्द्वानी, एजेंसी।** बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) को मतदाता सर्वे के दौरान घर में नहीं मिले लोगों को भी मतदान कराने की सुविधा दी गई थी। ऐसे लोगों को अनुपस्थित, विस्थापित या मृत (एएसडी) की सूची में शामिल किया गया था। इसका उद्देश्य था कि कोई भी व्यक्ति अपने मताधिकार के प्रयोग से न चूके। नैनीताल जिले में सर्वे के दौरान गायब मिले 18699 लोगों को एएसडी सूची में शामिल किया गया था। मगर इसमें से 304 लोग ही अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से जारी सूची से एएसडी मतदाताओं की पुष्टि हुई है। इसमें गायब मिले सर्वाधिक 3785 वोटर हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र में थे। इनमें से सिर्फ 181 लोग ही शुक्रवार को लोकतंत्र के महापर्व में प्रतिभाग करने के लिए पहुंचे। वहीं, नैनीताल में 3510 में से 30 वोटरों ने मताधिकार का प्रयोग किया। उधर, कालाढूंगी में 3349 वोटर बीएलओ को मौके पर नहीं मिले थे। इनमें से 25 लोगों ने अपने केंद्रों पर जाकर वोट किया। रामनगर विधानसभा क्षेत्र में 3344 में से 37, लालकुआं में 2713 में से 26 और भीमताल विस क्षेत्र के 1992 में से सिर्फ पांच लोगों ने मत का प्रयोग किया। इधर, प्रतिशत के हिसाब से देखें तो सिर्फ 1.62 प्रतिशत मतदाता केंद्रों पर पहुंचे जबकि 98.38 प्रतिशत लोग वोट डालने नहीं पहुंच पाए।

### जिले में मतदान प्रतिशत आंकड़ों में बदलाव

**हल्द्वानी, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में जिले में मतदान प्रतिशत में बदलाव हुआ है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने 19 को मतदान के बाद शाम पांच बजे तक पूरे जिले में 57.84 प्रतिशत मतदान की जानकारी जारी की थी। अब इसमें बदलाव हुआ है। जिले में मतदान प्रतिशत 59.10 प्रतिशत मतदान का आंकड़ा जारी हुआ है। इसके हिसाब से 1.26 मत प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा विधानसभा के बूथवार आंकड़े जारी हुए हैं, इसमें कालाढूंगी विधानसभा में 182055 मतदाता था, इसमें 109912 ने मतदान किया। इसी क्रम में नैनीताल विधानसभा में में 110683 मतदाता थे, जिसमें 57176 ने मतदान किया। हल्द्वानी में 156040 मतदाता हैं, इसमें 92484 वोट डाला। रामनगर में 121917 मतदाता और 77784 ने मतदान किया। लालकुआं में 126003 और 77529 और भीमताल में 103421 मतदाता और 58315 ने मतदान किया।

### कम मतदान से उलझे सियासी दिग्गज, प्रत्याशी के अपने गुणा-भाग

**हल्द्वानी, एजेंसी।** मतदान निपटने के बाद अब सियासी लोग जीत हार का गुणाभाग करने में जुट गए हैं। मतदान का ट्रेंड, बूथवार जो रिपोर्ट आ रही है उसका आकलन किया जा रहा है। इसके अलावा कहां पर कमी और कहां पर मजबूती रही है। उसको भी बारीकी से देखा जा रहा है। मतदाताओं ने किसको आशीर्वाद दिया है, उसका पता चार जून को लगेगा। नैनीताल - ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट पर मतदान प्रतिशत घटा है। इस सीट पर नैनीताल विधानसभा सीट पर बामुश्किल मतदान आंकड़ा 51.64 पर पहुंच पाया है। इसी तरह अन्य विधानसभाओं में मतदान प्रतिशत घटा है। अब इस घटे हुए मतदान से किसको लाभ और किसको नुकसान होगा? इसका आकलन किया जा रहा है। इसमें कैडर वोट, समर्थकों के हिसाब से आकलन किया जा रहा है। सियासी दिग्गज इस बूथ लेविल पर वोटिंग ट्रेंड के हिसाब से मतदान और उसके संभावित प्रभाव को समझने की जुगत कर रहे हैं।

### धामस, जयोली, सूरी, शीतलाखेत में तेंदुए का खौफ

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिले के धामस, जयोली, सूरी, शीतलाखेत, गरसारी आदि गांवों में तेंदुए का आतंक बना हुआ है। शीतलाखेत निवासी त्रिलोक सिंह ने बताया कि शाम होते ही तेंदुआ गांव के पास पहुंच रहा है। ऐसे में ग्रामीणों खासकर बच्चों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कहा कि जल्द इसके आतंक से निजात दिलाने के उपाय नहीं किए तो बड़ी घटना हो सकती है।

# यात्रियों का बढ़ा दबाव तो बढ़ाई बसें

**कोटद्वार, एजेंसी।**
वीकेंड पर रविवार को मैदानी क्षेत्रों के लिए लौट रहे यात्रियों को बस में सीट के लिए परेशान होना पड़ा। लोगों को बस अड्डे और सड़कों पर बस के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। लोग परिवार और सामान के साथ बस स्टेशन, लालबत्ती चौराहे व देवीरोड के पास घंटों तक बस का इंतजार करते रहे। जो बस आती उसमें सीट के लिए मारामारी रहती। यात्रियों का अधिक दबाव देखते हुए परिवहन निगम ने मैदानी क्षेत्र के लिए दो और बसें बढ़ाई और कुल 20 बसों का संचालन किया, लेकिन इसके बाद भी यात्रियों को वाहनों के लिए भटकना पड़ा। यूपी रोडवेज की बसें भी खचाखच भरकर चलीं।

रविवार को सुबह से ही स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। उत्तराखंड परिवहन निगम के कोटद्वार डिपो में बसों की कमी के कारण डिपो प्रबंधन को यात्रियों के लिए बसों का इंतजाम करने में पसीना बहाना पड़ा। कोटद्वार डिपो की दिल्ली रूट के लिए सामान्य दिनों में 18 बसें चलाई जाती हैं। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रविवार को दूसरे दिन भी 20 बसों को इसी रूट पर चलाना पड़ा। कोटद्वार रोडवेज डिपो की बसें कम पड़ने पर लोगों को यूपी रोडवेज की बसों का नजीबाबाद चौराहे, मोटर नगर, देवी मंदिर चौराहे पर घंटों बसों का इंतजार करना पड़ा।उधर, कोटद्वार डिपो के स्टेशन अधीक्षक नवीन चंद्र आर्य ने बताया कि शादी और मतदान के बाद लौट रहे यात्रियों का दबाव अधिक होने के कारण यात्रियों की सुविधा के लिए रूटीन की बसों के अलावा दो अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की गई।



सतपुली। क्षेत्र में शादियों की अधिकता के कारण बस और छोटे वाहनों की कमी से रविवार को यात्री हलकान रहे। सतपुली बस अड्डे पर कोटद्वार की ओर जाने वाली सवारियों समेत अन्य ब्रांच रूटों पर वाहनों के टोटे से यात्रियों को मुसीबतें झेलनी पड़ीं। नयारघाटी क्षेत्र में रविवार को यात्री वाहनों के शादियों में व्यस्त होने के चलते बस अड्डे पर सुबह से ही इक्का दुक्का यात्री वाहन नजर आए। पौड़ी एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से कोटद्वार की ओर जाने वाली जीएमओयू की छिटपुट बसों के अलावा टैक्सियां भी पूरी तरह से पैक थी। जिससे सतपुली बस अड्डे पर कोटद्वार की ओर जाने वाली सवारियां खासी परेशान नजर आई। वहीं ब्रांच रूटों पर भी टैक्सियों की भारी किल्लत रही। जिससे यात्री वाहनों को मनमाने किराए पर बुकिंग देकर गंतव्य की तक पहुंचे। कोटद्वार। रविवार को वीकेंड पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु सिद्धपीठ श्री सिद्धबली मंदिर में दर्शनों के लिए उमड़े। ऐसे में यहां सैकड़ों श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं बनाने में मंदिर समिति के कार्यकर्ताओं और पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

रविवार सुबह सात बजे से ही बिजनौर, नजीबाबाद, धामपुर, मुरादाबाद, हापुड़, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, हरियाणा, देहरादून, सहारनपुर के लोग परिवार समेत बड़ी संख्या में सिद्धबली मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचने लगे। हालांकि मंदिर में मुख्य द्वार से लेकर मंदिर प्रांगण तक मंदिर समिति की ओर से व्यवस्थाएं बनाई गई थीं लेकिन भीड़ के कारण व्यवस्थाएं बनाने में मशक्कत करनी पड़ी। श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर सिद्धबाबा के दर्शन किए। एसएसआई जयपाल सिंह चौहान ने बताया कि सिद्धबली मंदिर और आसपास के क्षेत्र में पुलिस तैनात की गई है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मंदिर के पास खोह नदी में नहाने के लिए भी मना किया जा रहा है।

## बिजली कटौती से दिन से रात तक परेशान रहे उपभोक्ता

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
शहर में गर्मी की तपिश बढ़ते ही बिजली कटौती की समस्या से भी लोग जूझने को मजबूर हो रहे हैं। शनिवार को दिन में एक बजे से कमलुआगांजा से 33 केवी की लाइन में फॉल्ट आने से 13 बीघा फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली सप्लाई प्रभावित रही। इस दौरान शाम को पांच बजे से जज फार्म में भी शटडाउन रहा। जिसे रात में आठ बजे तक सुचारू कराया गया। ऐसे में गौजाजाली, इंदिरानगर, चौधरी कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी, बरेली रोड और गौलापार क्षेत्र में हजारों लोगों को परेशान रहना पड़ा। विद्युत वितरण खंड नगर प्रदीप पांडे ने बताया कि कमलुआगांजा से आने वाली 33 केवी की लाइन में दिन में एक बजे फॉल्ट आया था जिसे ठीक कराने का प्रयास किया जा रहा है। इधर देर रात खबर लिखे जाने तक क्षेत्र में बिजली की सप्लाई बहाल नहीं हो पाई थी।

रोस्टर से शनिवार को ऊंचापुल के हजारों उपभोक्ता परेशान रहे। उपभोक्ताओं को दिन भर चिलचिलाती गर्मी में बिना बिजली के गुजारनी पड़ी। इस दौरान नाराज रहे कई उपभोक्ताओं ने कहा कि विभाग गर्मी के दौरान लाइन शिफ्टिंग कार्य करवा रहा है जिससे उपभोक्ताओं को बिल देने के बावजूद गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## अग्निशामक बॉल से बुझेगी आग

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
अब सड़क से दूर भवनों में अग्निशामक बॉल से आग बुझाई जाएगी। अग्निशमन वाहनों की पहुंच दूर स्थानों में इस बॉल के जरिए भवनों की आग पर काबू पाया जाएगा। अग्निशमन विभाग के पास इस बॉल की खेप पहुंच चुकी है।

सीएफओ नरेंद्र सिंह कुंवर ने बताया कि जहां अग्निशमन वाहन और कर्मी नहीं पहुंच पाते वहां अग्निशामक बॉल के जरिए आग पर काबू पाया जाएगा। बताया कि बॉल में 90 प्रतिशत मैप पाउडर के साथ सूखा रसायन होता है जो आग बुझाने में कारगर है। आग के संपर्क में आते ही बॉल फटेगी और इससे बाहर निकलने वाले रसायन से आग बुझेगी। बॉल को हाथ से आसानी से प्रभावित क्षेत्र में फेंका जा सकता है। इसके जरिए 11 से 23 वर्ग फुट के दायरे में लगी आग बुझाई जा सकती है।

## 26 अप्रैल से रामनगर से चलेगी लखनऊ के लिए ट्रेन

**काशीपुर, एजेंसी।** यात्रीगण कृपया ध्यान दें, लखनऊ जाने वाले लोगों के लिए 26 अप्रैल से शुक्रवार और शनिवार को ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन संचालित होने वाली है। इसके लिए रेलवे की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। रेलवे के मुताबिक 26 अप्रैल की सुबह करीब 9~15 बजे ट्रेन संख्या 05043 रामनगर से चलकर काशीपुर पहुंचेगी। करीब 9~27 बजे यहां से ट्रेन बाजपुर, लालकुआं, पीलीभीत होते हुए शाम करीब 7~15 बजे लखनऊ पहुंचेगी। वापसी में यही ट्रेन संख्या 05044 बनकर रात करीब 9~15 बजे लखनऊ से चलकर इसी मार्ग से होते हुए अगले दिन सुबह करीब 7~15 बजे रामनगर पहुंचेगी। शनिवार को भी यह ट्रेन अपने निर्धारित समय से संचालित होगी। इसमें स्लीपर, कुर्सीयान, जनरल समेत कुल 15 बोगी लगाई गई है। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रेन संख्या 05043-05044 रामनगर-लखनऊ सप्ताह में दो दिन शुक्रवार और शनिवार को चलेगी। यह स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन 26 अप्रैल से 29 जून तक चलाई जाएगी। इससे लखनऊ आने-जाने वाले यात्रियों को लाभ मिलेगा।

## छत में पार्टी कर रहे थे दोस्त, बातों-बातों में हुआ विवाद; सीने में दाग दी गोली

**हल्द्वानी, एजेंसी।** टीपीनगर चौकी क्षेत्र के आनंदपुर गांव में शराब पीने के दौरान दो दोस्तों में विवाद हो गया। बात इतनी बड़ी की एक दोस्त ने दूसरे के सीने पर गोली मार दी। घायल की हालत नाजुक है। जिसे एसटीएच के बाद बरेली रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपित की पहचान कर ली है। उसे पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस के अनुसार 16 वर्षीय वेदांत मूलरूप से नेपाल व हाल देहरादून का निवासी है। आनंदपुर गांव में रहने वाले एक युवक से उसकी दोस्ती है। इसलिए वह 15 दिन पहले दोस्त के घर आया हुआ था। बताया जा रहा कि शनिवार कि रात कुछ लड़के एक घर की छत में बैठकर शराब पी रहे थे। इसी बीच वेदांत और उसके दोस्त के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। नौबत मारपीट तक पहुंची।

दोस्त ने वेदांत के सीने पर तमंचे से गोली मार दी। और फरार हो गया। बाकी युवक उसे एसटीएच लाए। हालत गंभीर होने पर वेदांत को बरेली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि गोली युवक के दाहिने तरफ सीने पर लगी है।

## हरिद्वार के इकबालपुर में योगा एक्सप्रेस के कोच में लगी आग, यात्रियों में मचा हड़कंप, कोई हताहत नहीं

**हरिद्वार, एजेंसी।**
गुजरात के अहमदाबाद से उत्तराखंड के ऋषिकेश आ रही योगा एक्सप्रेस रेलगाड़ी के एक कोच में आग लग जाने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई हालांकि घटना में किसी के हताहात होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घटना हरिद्वार जिले के इकबालपुर रेलवे स्टेशन पर रविवार दोपहर हुई। पुलिस के मुताबिक, योगा एक्सप्रेस जैसे ही रेलवे स्टेशन पर पहुंची तभी उसके एक कोच के निचले हिस्से में अचानक आग लगी हुई दिखाई दी, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पंहुची और आग



पर काबू पा लिया गया। लक्सर जीआरपी थाने के प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया रेलगाड़ी के ब्रेक लगने के बाद उसके हीटअप होने से पहियों मे आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग दिखाई देने के बाद सभी यात्रियों को रेलगाड़ी से नीचे उतार लिया गया। शर्मा ने बताया कि रेलगाड़ी के निचले हिस्से में ही आग लगी थी, जिसे तुरंत ही बुझा दिया गया। उन्होंने बताया कि आग लगने से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। शर्मा ने बताया कि घटना के कारण रेलगाड़ी इकबालपुर रेलवे स्टेशन पर करीब डेढ़ घंटे खड़ी रही। उन्होंने बताया कि आग से हुए मामूली नुकसान को ठीक करने के बाद उसे ऋषिकेश के लिए रवाना कर दिया गया।

### नैनीताल के एक बूथ में 21 फीसदी तो दूसरे में 76 फीसदी से अधिक पड़े वोट

**हल्द्वानी, एजेंसी।** नैनीताल विधानसभा क्षेत्र में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पचास फीसदी मतदान हुआ है। यहां एक बूथ में मात्र 21 फीसदी ही वोट पड़े जबकि दूसरे बूथ में सर्वाधिक 76.74 फीसदी मतदान हुआ।

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक प्राइमरी पाठशाला तल्लीताल स्थित एक बूथ में 633 मतदाताओं में से 130 लोगों ने ही वोट डाले। जबकि इसी स्कूल के एक अन्य बूथ में 564 मतदाताओं में से 151 लोगों ने वोट दिया। ऐशडेल स्कूल सूखाताल के एक बूथ में 1064 में से 328 लोगों ने मतदान किया है जो 32.34 फीसदी है। नारायननगर में बने बूथ में 394 में से 302 मतदाताओं ने वोट डाले जो सर्वाधिक 76.64 रहा। जबकि मंगोली व खुर्पाताल में 68 फीसदी मतदान हुआ है। शहर के 43 व खुर्पाताल, बजून, मंगोली, रोखड़, थापला, पांडेगांव, सौड़ बगड़, घुघ्घू खान, मेहरोड़ा आदि ग्रामीण क्षेत्रों के 70 बूथों में कुल 48677 मतदाताओं में से 24347 मतदाताओं ने वोट डाले जो करीब 50 फीसदी रहा है।

## हरिद्वार से उत्तरकाशी जा रही बस और कार की हुई जबरदस्त टक्कर, मची चीख पुकार

**टिहरी, एजेंसी।**
उत्तरकाशी से देहरादून जा रही कार और हरिद्वार से उत्तरकाशी जा रही बस की टक्कर हो गई। हादसे में छह लोग घायल हुए हैं।

ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर रविवार दोपहर एक कार और बस की जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसा होते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे में कार सवार छह लोग घायल हुए जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी चिन्यालीसौड़ में भर्ती कराया गया है। वहीं, बस में सवार यात्रियों को चोट नहीं आई। वह सब सुरक्षित हैं।

जानकारी के अनुसार, घटना दोपकर करीब ढाई बजे की है। कंडीसौंण के पास पन्याली में उत्तरकाशी से देहरादून जा रही कार च10/9596 की हरिद्वार से उत्तरकाशी जा रही बस यूके07पीसी/0490 की आमने सामने से टक्कर हो गई। टक्कर होने के बाद कार पहाड़ी



से टकरा गई। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

वहीं, कार सवार सभी छह सवारी घायल हो गई। थाना छाम एसआई एसपी डिमरी ने बताया कि कार में चालक संदीप भट्ट (39) पुत्र हर्षपति भट्ट निवासी पुलिस लाइन मार्ग ज्ञानसु, उत्तरकाशी, रश्मि(29) पत्नि संदीप भट्ट, रियांश (7), समृद्धि (5) पुत्र पुत्री संदीप भट्ट, माहेश्वरी (60) पत्नि हर्षपति भट्ट व संदीप भट्ट के ससुर राजाराम नौटियाल (56) निवासी गोरसारी, पट्टी गाजणा उत्तरकाशी सवार थे।

## शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न के आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा

**नैनीताल, एजेंसी।**
नैनीताल जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबीर कुमार की अदालत ने अनुसूचित जाति की युवती का शादी का झांसा देकर डेढ़ साल तक यौन उत्पीड़न के आरोपी को शनिवार को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, 16 फरवरी 2022 को हल्द्वानी थाने में एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एक निजी अस्पताल में सेवारत है और उसी अस्पताल में वार्ड ब्वाय के रूप में कार्यरत गौलापार निवासी रोहित पलडिया ने शादी का झांसा देकर उसके साथ अलग अलग स्थानों में दुराचार किया। आरोपी ने घोडाखाल मन्दिर में उसकी मांग में सिंदूर भी भरा लेकिन बाद में शादी से मुकर गया है। साथ ही जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उत्पीड़न कर रहा है। आरोपी के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट तथा यौन उत्पीड़न के आरोप में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

अभियोजन पक्ष की ओर से इसे गंभीर अपराध मानते हुए आरोपी को कठोर सजा की मांग की गई। सभी दलीलों को सुनने व गवाहों के बयानों के आधार पर अदालत ने आरोपी को एससी-एसटी एक्ट में आजीवन कारावास व 20 हजार रुपए का अर्थदंड तथा यौन उत्पीड़न के मामले में दस साल का कारावास व 20 हजार रुपए अर्थदंड जबकि मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक वर्ष का कारावास व 20 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## उत्तराखंड के इस ग्राम प्रधान के नाम एक बड़ी उपलब्धि, 27 को नेपाल में मिलेगा सम्मान

**डोईवाला, एजेंसी।**
रानीपोखरी के ग्राम प्रधान सुधीर रतूड़ी को 27 अप्रैल में नेपाल के काठमांडू में सम्मानित किया जाएगा। जिससे संबंधित पत्र नेपाल की संस्था डेमसोल की सीईओ नमिता घिमिरे की ओर से ग्राम प्रधान को मिला है। ग्राम प्रधान को यह सम्मान मिलने की जानकारी होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

यहां बता दें कि इससे पूर्व भी ग्राम प्रधान सुधीर रतूड़ी उत्तराखंड के ऐसे ग्राम प्रधान है जो अन्य राज्यों में भी लगातार सम्मानित होते आए है और राष्ट्रीय कार्यशालाओं में उन्हें विशेष तौर पर बुलाया जाता है। अब नेपाल



के काठमांडू में होने जा रहे इस सम्मान समारोह में उन्हें सम्मान मिलना एक बड़ी उपलब्धि है।

ग्राम प्रधान सुधीर रतूड़ी ने बताया कि प्रौद्योगिकी उत्कृष्ट पुरस्कार 2024 का आयोजन काठमांडू में किया जा रहा है। जिसमें उन्हें सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने पर प्रदेश से एकमात्र निमंत्रण मिला है। उन्होंने बताया कि इस तरह का सम्मान मिलने से उनमे एक नई ऊर्जा का संचार होगा।

# युवती शादी तुड़वाने की दे रही धमकी, पुलिस स्टेशन आपबीती लेकर पहुंचा युवक

**रुड़की, एजेंसी।** एक युवती ने युवक से 50 हजार की डिमांड की और ऐसा नहीं करने पर उसकी शादी तुड़वाने की धमकी दी। शिकायत लेकर युवक पुलिस स्टेशन पहुंचा।

साहब! एक युवती शादी तुड़वाने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर 50 हजार रुपये मांग रही है। युवती लगातार कॉल कर रुपये मांगकर परेशान कर रही है। एक युवक ने पुलिस से शिकायत कर युवती के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित एक गांव निवासी युवक की कुछ माह पूर्व शादी तय हुई थी। रविवार को युवक की भगवानपुर क्षेत्र में बरात जानी है। शनिवार को कोतवाली पहुंचे युवक ने पुलिस से बताया कि कुछ माह पूर्व उसकी सहानपुर निवासी रिश्तेदारी में आने वाली एक युवती से जान-पहचान हुई थी। इसके बाद वह उसके मोबाइल पर कॉल कर बातचीत करने लगी।

अब रविवार को उसकी बरात जानी है। आरोप है कि युवती कॉल कर लगातार 50 हजार रुपये की मांग कर रही है। ऐसा नहीं करने पर युवती उसकी शादी तुड़वाने की धमकी दे रही है। युवक ने अपनी शादी बचाने और युवती के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। युवती ब्लैकमेल कर रही है तो कार्रवाई की जाएगी।



# गाजीपुर लैंडफिल पर आग लगने को लेकर आप-भाजपा में तकरार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर लैंडफिल स्थल (कचरा एकत्र करने की जगह) में लगी आग को लेकर सोमवार को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) शासित दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) पर हमला किया।

आग लगने के बाद स्थानीय निवासी सांस लेने में परेशानी का सामना करने के साथ ही स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याओं से जूझ रहे हैं।

दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि घटना के कारण का पता लगाने के लिए मामले की जांच की जाएगी।

पूर्वी दिल्ली में लैंडफिल स्थल पर रविवार शाम भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि ऐसा अनुमान है कि गर्म और शुष्क मौसम के कारण गाजीपुर लैंडफिल साइट में आग लगी है।

पुलिस के अनुसार, आग लगने के बाबत गाजीपुर थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) और 278 (वातावरण को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बनाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गाजीपुर लैंडफिल स्थल का सोमवार को दौरा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के भ्रष्टाचार का एक उदाहरण है।

महापौर शैली ओबेरॉय भी घटनास्थल पर गईं और उन्होंने कहा कि यह राजनीति का समय नहीं है।

उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल ने रविवार को घटनास्थल का दौरा किया था। गाजीपुर लैंडफिल स्थल में भीषण आग लगने के कई घंटों बाद भी सोमवार को वहां से धुएं का घना गुबार आसमान की ओर उठता दिख रहा था।

कूड़े के ढेर का एक हिस्सा टूट जाने से लैंडफिल से सटी टिन पैनल से बनी दीवार भी गिर गई। पोल्ट्री मार्केट की तरफ कई मीटर लंबी दीवार खड़ी की गई थी।

लैंडफिल स्थल के पास स्थित घड़ोली गांव के राम कुमार ने कहा, ह्यआग लगे हुए 15 घंटे हो गए हैं। यह धुआं कोई आम धुआं नहीं है, यह बहुत जहरीला है। हम जलन के कारण अपनी आंखें खुली नहीं रख पा रहे हैं और सांस लेने में कठिनाई हो रही है।

इलयास खान ने कहा, 15 साल हो गए हैं। मंत्री केवल चुनाव के दौरान हमारे पास आते हैं लेकिन उसके बाद उनमें से एक भी हमारे दरवाजे पर यह जानने के लिए नहीं आता कि हमें कोई समस्या है या नहीं। यह ह्यलैंडफिलह्ण हमारे लिए एक अभिशाप है। हम हर दिन दुर्गंध झेलने को मजबूर हैं। और अब इस आग ने हमारे लिए कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर दी हैं। वे (मंत्री) क्यों चाहते हैं कि हम मर जाएं?

हृदय रोगी राकेश कुमार ने कहा कि उन्हें अपने रिश्तेदार के यहां जाना पड़ा क्योंकि वह अब और घुटन बर्दाश्त नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा, ह्यऔर यह केवल मेरी स्थिति नहीं है, कई लोग इसी कारण से अपना घर छोड़ रहे हैं। एक अन्य निवासी बिल्किस ने कहा कि लैंडफिल अभी भी वहीं है जहां वह था क्योंकि नेताओं ने कभी भी अपने वादों को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा, ह्यअब वे फिर से यहां आएंगे और सिर्फ वोट लेने के लिए अपनी चिंता दिखाएंगे। कुछ नहीं होगा।

महफूज ने कहा कि जब उन्होंने लगभग 20 साल पहले इस क्षेत्र में एक मकान खरीदा था, तो ह्यलैंडफिलह्ण इतना बड़ा नहीं था। उन्होंने कहा, ह्यइतने बड़े कूड़े के ढेर जैसा कुछ नहीं था। सरकार कोई उचित समाधान क्यों नहीं ढूंढ पा रही है? धुएं के कारण हम अपने बच्चों को स्कूल भी नहीं भेज पा रहे हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 2022 के एमसीडी चुनाव से पहले 31 दिसंबर 2023 तक लैंडफिल स्थल को साफ करने का वादा किया था। इसके बावजूद कूड़े का पहाड़ बढ़ता ही जा रहा है। साल 2019 में गाजीपुर ह्यलैंडफिलह्ण की ऊंचाई 65 मीटर थी, जो कुतुब मीनार से सिर्फ आठ मीटर कम थी।

साल 2017 में ह्यलैंडफिलह्ण से कचरे का एक हिस्सा बगल की सड़क पर गिर गया था, जिससे दो लोगों की मौत हो गई।

# मर्डर में मिली नौकरानी को आजीवन कारावास की सजा

- कोविड में पेरोल, तो हो गई महिला दिल्ली से असम फरार
- क्राइम ब्रांच की टीम ने किया बेटी के घर से गिरफ्तार





**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

मर्डर के मामले में कोर्ट के द्वारा सजा मिलने के बाद जेल की सलाखों के पीछे आजीवन कारावास की सजा भुगत रही एक महिला रूबी बेगम को कोविड के दौरान 2020 में पेरोल मिल गई थी। उसके बाद वह पुलिस की नजर से ओझल हो गई और दिल्ली से फरार होकर असम पहुंच गई। लेकिन इस मामले को क्राइम ब्रांच के इंटर स्टेट सेल की टीम ने आखिरकार काफी मशक्कत के बाद पता लगा करके दबोच लिया है।

डीसीपी अमित गोयल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि इस महिला पर करीब 14 साल पहले 17 जुलाई 2010 को राजौरी गार्डन थाना में हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इस पर आरोप था कि इसने अपने पति के साथ मिलकर बुजुर्ग महिला की हत्या की थी। यह नौकरानी के रूप में वहां 2 दिन पहले ही काम करना शुरू किया था। वहां से कैश और जूलरी लूटकर फरार हो गई थी। उसे मामले में इसे आजीवन कारावास की सजा कोर्ट ने सुनाया था। साथ ही नगद जुर्माना भी लगाया गया था। इसी बीच कोविड के दौरान साल 2020 में इसे इमरजेंसी पैरोल पर 8 सप्ताह के लिए जेल से रिहा किया गया था। उसके बाद भी पैरोल बढ़ता गया, इसे 20 फरवरी 2021 को जेल में सरेंडर करना था। लेकिन यह दिल्ली से फरार होकर पुलिस की नजर से ओझल हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी जब यह नहीं मिली फिर मामले की जांच के लिए क्राइम ब्रांच को लगाया गया।

एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन कुमार, सत्येंद्र मोहन, सब इंस्पेक्टर राकेश, एएसआई सुरेश, हेड कांस्टेबल ललित, बृजेश, सुरेंद्र और लेडी कांस्टेबल मनीषा की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इनफॉर्मेशन की मदद से इसके रिश्तेदारों, इसके जानकारी मिलने का लगाना शुरू किया। आखिर यह जानकारी मिली कि यह अपनी बेटी के घर पर देखी गई है।

पुलिस ने फिर सुभाष नगर में छापा मारकर इसको गिरफ्तार कर लिया। इससे पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह पैरोल मिलने के बाद असम के कोकराझाड़ में रहने के लिए चली गई थी। तीन दिन पहले ही वह बेटी से मिलने के लिए दिल्ली आई थी और पकड़ी गई।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर स्कूली बच्चों ने ई-कचरे से बनाया चंद्रयान-3 का मॉडल




**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली। विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर स्कूली बच्चों की ओर से एक अभियान चलाया गया। द्वारका के पेसिफिक डी-21 मॉल में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान के जरिये बच्चों ने मॉल में कचरे से बनाई गई विभिन्न मूर्तियां और मॉडल प्रदर्शित किए और ई-कचरा इनोवेशन को बढ़ावा दिया। इस मौके पर छात्रों की ओर से बेकार पड़े की-बोर्ड, तार, बैटरियों से बना इको-नटराज, फेंकी गई सीडी, कार्टिज और मदरबोर्ड से एक चंद्रयान-3 मॉडल बनाया गया। इसके अलावा अपशिष्ट पदार्थों से एक फ्लावरपॉट तैयार किया। वहीं पेसिफिक मॉल एनएसपी पीतमपुरा में सिंगल यूज प्लास्टिक बैग के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जूट बैग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के अभियान में योगदान देते हुए स्टाइलिश और मजबूत जूट बैग बनाने की कला सीखी।

# 54वें विश्व पृथ्वी दिवस पर प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया : शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




ग्रीन अर्थ क्रूसेडर्स भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज बरवाला में 54वें विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रकृति,पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वत्स ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के खतरे के बावजूद जनसंख्या में हो रही भारी वृद्धि के कारण संसाधनों की कमी के चलते धरती पर विकराल संकट छाया हुआ है। मानव द्वारा प्रकृति और पृथ्वी का जिस बेरहमी से दोहन किया जा रहा है वह भी मानवता के लिए खतरे का संकेत है। प्रकृति, पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण ही एकमात्र बचाव का रास्ता बचता है। इसी से पृथ्वी का अस्तित्व कायम रह पाएगा। वत्स ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए विश्व समुदाय को प्रकृति और पृथ्वी का सम्मान करना ही होगा। वत्स ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि भारत की धरती को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए जागरूकता अभियान चलाएंगे। भारत जैसे देश में प्लास्टिक का बढ़ता प्रयोग पृथ्वी के लिए घातक है। इसलिए हमें प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने की दिशा में भी तेजी से काम करना होगा।

# ध्यान की गहनतम अनुभूतियों में डूबे श्री गुरु के सैकड़ों साधक, मन की एकाग्रता और शांति के लिए किया मेडिटेशन

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



श्रीमद् राजचन्द्र मिशन के तत्वावधान में दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया। ध्यान धारा के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में श्री गुरु द्वारा शाश्वत आनंद के गूढ़ अर्थ को समझने के लिए सामूहिक ध्यान आयोजित किया गया। इस आयोजन के दौरान ध्यान के द्वारा मन को एकाग्र, शांत, आनंदमय बनाने की प्रक्रिया श्री गुरु के मार्गदर्शन में की गई। ध्यान के दौरान बड़ी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में रुककर सोचने और वास्तविक आनंद की प्राप्ति की ओर ले जाने के विचार के साथ आयोजित किया गया। श्री गुरु के मार्गदर्शन में साधकों ने उस आनंद के बारे में मार्गदर्शन प्राप्त किया जिसकी सही मायने में अनुभूति की जा सके। आयोजन के दौरान श्री गुरु ने कहा, मनुष्य आज के समय में सारा दिन एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में समय गंवा देता है। उन्होंने कहा कि जितने भी दुख आते हैं वह आप द्वारा किए जा रहे ज्यादा सुखों की लालसा की वजह से आते हैं। उन्होंने उपस्थित साधकों को परम आनंद सुखी जीवन जीने की कला के अनेक तरीके बताए। लगभग दो घंटे तक आयोजित की गई इस ध्यान योग शिविर के दौरान साधकों ने पूरी एकाग्रता और स्थित चित्त से ध्यान किया।

# केजरीवाल ने तिहाड़ जेल अधीक्षक को लिखा पत्र, की रोजाना इंसुलिन की मांग : आप

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ की सेंट्रल जेल नंबर-2 के अधीक्षक को पत्र लिखकर कहा है कि जेल प्रशासन के बयान झूठे हैं और वह रोजाना इंसुलिन की मांग कर रहे हैं। आप के सूत्रों ने यह जानकारी दी। आप सूत्रों ने उनके पत्र का हवाला देते हुए कहा, मैंने अखबार में तिहाड़ प्रशासन का बयान पढ़ा। बयान पढ़कर मुझे दुख हुआ। तिहाड़ के दोनों बयान झूठे हैं।

आप सूत्रों के मुताबिक केजरीवाल ने अपने पत्र में कहा, मैंने 10 दिनों से इंसुलिन का मुद्दा उठाया है। जो भी डॉक्टर मुझे देखने आए, मैंने उन्हें अपना बढ़ा हुआ शुगर लेवल दिखाया। मैंने उन्हें दिखाया कि हर दिन शुगर लेवल 3 बार 250-320 के बीच पहुंच जाता है। मैंने उन्हें यह भी दिखाया कि मेरा फास्टिंग शुगर लेवल हर दिन 160-200 के बीच था। लगभग हर दिन मैंने इंसुलिन की मांग की। आप ऐसा बयान कैसे दे सकते हैं कि मैंने कभी इंसुलिन का मुद्दा नहीं उठाया? आप सूत्रों ने कहा कि एम्स के डॉक्टरों के साथ केजरीवाल के वीडियो कॉल में कभी भी चिंता नहीं करने का उल्लेख नहीं किया गया है, बल्कि उन्होंने कहा कि वे डेटा की जांच करने के बाद सूचित करेंगे। आप सूत्रों ने कहा, तिहाड़ प्रशासन राजनीतिक दबाव में झूठ बोल रहा है। इससे पहले शनिवार को तिहाड़ जेल प्रशासन ने केजरीवाल और एम्स के एक वरिष्ठ विशेषज्ञ के बीच एक वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें इंसुलिन का मुद्दा न तो केजरीवाल ने उठाया और न ही चिकित्सा विशेषज्ञों ने इसकी सिफारिश की। जेल सूत्रों ने कहा, यह परामर्श करीब 40 मिनट तक चला। दिल्ली के मुख्यमंत्री की पत्न‍ी सुनीता केजरीवाल के अनुरोध पर शनिवार को आयोजित किया गया था। केजरीवाल को आश्वासन दिया गया कि कोई बड़ी चिंता नहीं है। उन्हें दवाएं जारी रखने की सलाह दी गई, जिसका नियमित रूप से मूल्यांकन और समीक्षा की जाएगी।

जेल सूत्रों ने कहा, न तो केजरीवाल ने इंसुलिन का मुद्दा उठाया था और न ही डॉक्टरों ने इंसुलिन का सुझाव दिया। केजरीवाल कथित शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल नंबर 2 में बंद हैं। वह 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में हैं।

# दिल्ली कांग्रेस में खुलकर सामने आई अंतर्कलह, नारेबाजी के बीच तीनों प्रत्याशियों का कराया गया परिचय

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली कांग्रेस में लोकसभा की तीन सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर अंतर्कलह खुलकर सामने आ रहा है। पहले जहां कन्हैया कुमार को लेकर संदीप दीक्षित के बीच नोकझोंक देखने को मिली थी। वहीं अब उदित राज को लेकर पार्टी के अंदर विरोध हो रहा है। इसी बीच सोमवार को दिल्ली से कांग्रेस के तीनों उम्मीदवारों को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी, लेकिन बाहर पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान के समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की।

इससे पहले, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि आज हमारे तीनों प्रत्याशी यहां उपस्थित हैं। हमें उम्मीद है कि हम सभी सीटें जीतेंगे। दिल्ली की जनता बीजेपी सांसदों के रवैये से व्यथित हो चुकी है, इसलिए इस बार आप और कांग्रेस ने गठबंधन कर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

चांदनी चौक से प्रत्याशी जयप्रकाश अग्रवाल मुझे 10वीं बार पार्टी ने मौका दिया है। चांदनी चौक दिल्ली का दिल है। हर मतदाता से मेरे निजी संबंध हैं। जबकि भाजपा सांसद ने कभी वहां नियमित जाने की प्रवृत्ति भी विकसित नहीं की। वहां अनेक समस्याएं हैं, जिनका कभी समाधान नहीं निकला। मैं सभी समस्याओं के लिए लडूंगा।

उत्तर पश्चिमी दिल्ली से उदित राज

मैं इस सीट से पहले भी सांसद रहा हूं। कुछ काम करवाए, लेकिन बहुत से काम के प्रस्ताव पास करवा देने के बाद भी नहीं हो पाए। इस क्षेत्र के लोग देहातवासी होने की सजा भुगत रहे हैं। एमपी से हटने के बाद भी मैं क्षेत्र में सक्रिय रहा। अब राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के विजन पर काम करेंगे। उत्तर पूर्वी दिल्ली से प्रत्याशी कन्हैया कुमार पार्टी नेताओं और कार्यकताओं का सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद। हम देश में कठ.ऊकअ. उम्मीदवार के तौर पर 543 सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। आज देश में असमानता बढ़ती जा रही है। गरीबी बढ़ रही है। यूपीए सरकार के काम रोक दिए गए। कल हम सभी को जवाब देना होगा कि जब भाजपा सरकार इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर चंदा वसूल रही थी तो हम क्या कर रहे थे। हम सभी सीटों के लिए सकारात्मक एजेंडा रखते हैं। इस एजेंडे में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी इधर-उधर की बातें किए बिना सिर्फ यह बता दें कि उन्होंने 10 साल में किया क्या है? हम इस क्षेत्र की जनता के बीच जाएंगे और उनकी समस्याएं दूर करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जिस लोकतंत्र ने पीएम बनाया, उसी का वह सम्मान नहीं करते। खुद को सम्राट समझते हैं। संविधान बदलना चाहते हैं। न उनके पास रोजगार के मुद्दे पर जवाब है, न महिलाओं के सम्मान पर कुछ बोल पाते हैं। क्योंकि वो प्रेस वार्ता नहीं करते तो उनसे कोई सवाल भी नहीं पूछ सकते।

# दिल्ली सरकार का कामकाज हो गया है पूरी तरह ठप : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि एक महीने से दिल्ली सरकार का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। एक महीने से कोई केबिनेट मीटिंग नहीं हुई और न ही बिजली-पानी का समर एक्शन प्लान बना है। मॉनसून के दौरान दिल्ली को डूबने से बचाने के लिए दिल्ली सरकार की तरफ से कोई मीटिंग नहीं बुलाई गई। यहां तक कि एक मंत्री का इस्तीफा हो गया और वह मंजूरी के लिए भी नहीं भेजा गया। पूरी आम आदमी पार्टी सरकार केवल झूठे आरोप लगाने में व्यस्त है। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली एक अजीब संवैधानिक संकट के दौर से गुजर रही है। ऐसा अभूतपूर्व संकट कभी नहीं आया कि कोई मुख्यमंत्री जेल से सरकार चलाने की जिद करके बैठा हो और राज्य का प्रशासनिक ढांचा ठप होकर रह जाए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की पूरी सरकार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शूगर लेवल को नापने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि गर्मी अब धीरे-धीरे अपने शबाब पर आ रही है। हर साल गर्मियों में बिजली-पानी की स्थिति से निपटने के लिए समर एक्शन प्लान बनाया जाता है लेकिन इस साल इसके लिए कोई मीटिंग नहीं हुई। दिल्ली में पानी का गंभीर संकट बना हुआ है और 80 प्रतिशत दिल्ली इससे प्रभावित है। गर्मी के बाद मॉनसून से निपटने की तैयारियां भी अप्रैल में ही शुरू करनी पड़ती हैं लेकिन इस बार उसके लिए भी कोई प्रयास नहीं किया गया।

# अदालत ने प्राथमिकी रद्द करने की मंदर की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा



**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मानवाधिकार कार्यकर्ता हर्ष मंदर और उनके एनजीओ की उस याचिका पर सोमवार को सीबीआई से जवाब मांगा, जिसमें विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के कथित उल्लंघन के लिए उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया गया है।

न्यायमूर्ति विकास महाजन ने याचिका पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया और एजेंसी से सुनवायी की अगली तारीख से पहले अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। सीबीआई ने मौखिक रूप से अदालत को आश्वासन दिया था कि वह अभी मंदर को गिरफ्तार नहीं करेगी। उच्च न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी 29 अगस्त को करना तय किया। सुनवायी के दौरान, पूर्व आईएएस अधिकारी मंदर और उनके एनजीओ सेंटर ऑफ इक्विटी स्ट्डीज (सीईएस) की ओर से पेश वरिष्ठ वकील नित्या रामकृष्ण ने अदालत से याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने की अंतरिम राहत देने का आग्रह किया।

सीबीआई की ओर से पेश वकील अनुपम शर्मा ने कहा कि सुनवायी की अगली तारीख तक कार्यकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने आज तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया है और वह फिलहाल उन्हें गिरफ्तार करने भी नहीं जा रही है। उन्होंने कहा कि आम तौर पर सीबीआई ऐसे मामलों में गिरफ्तार नहीं करती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक शिकायत के बाद प्रारंभिक जांच करने के बाद एफसीआरए के विभिन्न प्रावधानों के कथित उल्लंघन के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंदर और उनके दिल्ली स्थित एनजीओ सीईएस के खिलाफ इस साल फरवरी में प्राथमिकी दर्ज की थी। फरवरी में जारी सीबीआई के एक बयान के अनुसार, मंदर के आधिकारिक और आवासीय परिसर सहित दिल्ली में दो स्थानों पर छापेमारी की गई। मंदर केंद्र की पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के पूर्व सदस्य रहे हैं। वकील सरीम नावेद के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता की ओर से बिना किसी संज्ञेय अपराध के छह महीने की लंबी प्रारंभिक जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। याचिका में दावा किया गया कि प्राथमिकी अस्पष्ट है और ऐसा लगता है कि दंडात्मक प्रावधानों की सामग्री पर बिना सोचे-समझे दर्ज की गई है। इसमें कहा गया है कि यदि याचिकाकताओं द्वारा मांगी गई राहत नहीं दी गईं, तो उन्हें आगे भी उनका उत्पीड़न और उन्हें धमकाया जाना जारी रहेगा, लेकिन अगर उन्हें राहत दी जाती है, तो एजेंसी को कोई नुकसान नहीं होगा।

कथित एफसीआरए उल्लंघन को लेकर सेंटर फॉर इक्विटी स्ट्डीज, अमन बिरादरी ट्रस्ट, ऑक्सफैम इंडिया और एक्शन एड एसोसिएशन के खिलाफ गृह मंत्रालय की एक शिकायत पर सीबीआई ने पिछले साल 13 अप्रैल को प्रारंभिक जांच दर्ज की थी। प्राथमिकी में कहा गया है कि जांच से पता चला कि सीईएस की स्थापना और पंजीकरण एक ट्रस्ट के रूप में किया गया था और मंदर इसके अध्यक्ष थे। सीबीआई के बयान में कहा गया था, आरोप है कि एनजीओ ने एफसीआरए, 2010 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए 2020-21 के दौरान अपने एफसीआरए खाते से वेतन/मजदूरी/पारिश्रमिक के अलावा 32.71 लाख रुपये व्यक्तियों के खाते में स्थानांतरित किए। आरोप है कि एनजीओ ने एफसीआरए, 2010 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए अपने एफसीआरए खाते से 10 लाख रुपये की धनराशि भी कंपनियों के माध्यम से स्थानांतरित की थी। गृह मंत्रालय ने पिछले साल 14 जून को सीईएस के एफसीआरए प्रमाणन को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया था।

# दिल्ली के अलीपुर इलाके में बदमाशों ने दो युवकों को मारी गोली

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी दिल्ली में सोमवार को अलीपुर थाना इलाके के स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज के सामने बदमाशों ने टेंपो चालक और उसके साथी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले के वक्त दोनों युवक टेंपों में थे। जानकारी के मुताबिक, उन पर बदमाशों ने करीब 10-11 राउंड फायरिंग की, जिसमें वह घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर बदमाश मौके से फरार हो गए। वहीं, आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसके बाद दोनों को नरेला के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में ले जाया गया, जहां एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान नरेंद्र मलिक के रूप में हुई है, जबकि, उसके साथ की पहचान तरुण के रूप में हुई है। घटना में तरुण के पैर में गोली लगी। हमलावर दो मोटरसाइकिल पर आए थे, जिन्होंने हेलमेट लगा रखा था। अलीपुर थाने की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हमलावरों को पकड़ने के लिए पुलिस की छह टीमें लगाई गई हैं। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। वारदात के बाद डीसीपी रवि कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस कई पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। इस घटना को गैंगवार से भी जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, वारदात में किसी गैंग का नाम सामने नहीं आया है। मौका ए वारदात से पुलिस ने खाली कारतूस और एक बाइक बरामद किया है, जो वहां खड़ी मिली। जानकारी के मुताबिक बाइक चोरी की बताई जा रही है। वहीं मृतक की बहन ने कुछ लोगों पर घटना को लेकर आरोप लगाए हैं।

# देश को जोड़ने वाले को जिताएंगे तोड़ने वाले को नही

## दिन रात एक किया हैं मनोज तिवारी ने : सतीश गर्ग



**सतीश गर्ग (समाजसेवी ) एवं**
**अध्यक्ष : हैल्पिंग हैंड वैलफेयर ट्रस्ट**

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

देश के अंदर 2024 के चुनाव का बिगुल बज चुका है, यहां तक की पहले चरण का चुनाव 21 राज्यों की 102 सीटों पर हो चुका हैं वहीं बात यदि दिल्ली के चुनाव की करें तो सात सीट में से उत्तर पूर्वी दिल्ली हॉट सीट मानी जा रही है क्योंकि यहां से दो बार सांसद बने भाजपा के मनोज तिवारी मैदान में है और कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को टिकट दिया है, जबकि भाजपा पार्टी से और इस बार भी पार्टी की पहली पसंद है, मुख्य रूप से टक्कर दोनों के बीच ही मानी जा रही है,

इन्ही सब बातो कों लेकर उत्तर पूर्वी दिल्ली से प्रमुख समाजसेवी, हेल्पिंग हैंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश गर्ग का कहना है की उत्तर पूर्वी दिल्ली की जनता यह बहुत अच्छी तरह से जानती है कि

* उनके सुख और दुख में खड़ा होने वाला कौन है

* किसने उत्तर पूर्वी दिल्ली के अंदर विकास कार्य किए हैं,

* किसने पाण्डु शिला रोड का निर्माण कराया

* किसके प्रयास से रोड लाइट से जगमग है

* आज शास्त्री पार्क में कन्वेंशन सेंटर किसने बनवाया

* कौन है जो क्षेत्र की जनता की छोटी छोटी खुशी और गम में शामिल होता है,

2. कौन है जो जन हित के लिए तपति धूप,और बरसात में भी सड़क पर निकल पड़ता हैं,

* कौन हैं वो जो सभी धार्मिक कार्यों में बढ़ - चढ़कर हिस्सा लेता है

* उत्तर पूर्वी दिल्ली के पार्को में ओपन जिम व आधुनिक मशीने लगवाने का काम किसने किया

* शाहदरा में केंद्रीय विद्यालय किसकी देन है

3. मुझे यह कहते हुए गर्व है कि वो हमारे उत्तर पूर्वी दिल्ली से लगातार दो बार जीतने वाले सांसद मनोज तिवारी हैं

आज इस लोकप्रिय सांसद के सामने टुकड़े-टुकड़े गैंग के चेहरे कों उतारा गया हैं यें केवल वोट बैंक की राजनीति नहीं तो क्या है

हवा के गुब्बारे के साथ उतारे गए इस उम्मीदवार का जनता ने नाम सुनते ही नकार दिया हैं, कांग्रेस ने हताश होकर पहले ही हार मान ली हैं उसे क्षेत्र में कोई भी योग्य नेता नहीं मिला आज इलाके में मनोज तिवारी कों तीसरी बार जिताने का लोगों ने मन बना लिया है सतीश गर्ग कहते है की आज भ्रष्टाचार पर चोट का काम केंद्र सरकार बखूबी कर रही है, बस यही विपक्षियों को हजम नहीं हो रहा मनोज तिवारी को हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है क्योंकि देश एक बार फिर से मोदी सरकार चाहता है और देखना इस बार जीत का अंतर 5 लाख वोट से पार होगा मनोज तिवारी फिर सांसद बनेंगे और आदरणीय मोदी जी कों देश की जनता के प्यार और समर्थन से इस बार 400 पार सीट निश्चित जनता दे रही है और भारत को समृद्ध व भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में यें जनता अपना अद्भुत योगदान देने जा रही है

# बीआरएस नेता के कविता की जमानत याचिका पर 2 मई को आएगा कोर्ट का फैसला



**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 2 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया। 8 अप्रैल को कोर्ट ने के कविता की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि मनी लांड्रिंग मामले में के कविता को महिला होने की वजह से जमानत देने में किसी तरह की रियायत नहीं दी जा सकती है। सुनवाई के दौरान के कविता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने ईडी पर आरोप लगाया था कि वह जांच नहीं बल्कि प्रताड़ित करने वाली एजेंसी बन गई है। सिंघवी ने कहा था कि इस मामले की जांच पक्षपातपूर्ण तरीके से रही है। के कविता फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। कविता को सीबीआई ने 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में के कविता भी साजिश में शामिल थी। इसके पहले के कविता आबकारी घोटाला मामले के मनी लांड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में थी। सीबीआई ने इस मामले में के कविता से 6 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में पूछताछ की थी। 5 अप्रैल को कोर्ट ने सीबीआई को कविता से न्यायिक हिरासत में पूछताछ की अनुमति दी थी। ईडी ने कविता को 15 मार्च को हैदराबाद से छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक इंडोस्पिरिट्स के जरिये 33 फीसदी लाभ कविता को पहुंचता था। ईडी के मुताबिक कविता शराब कारोबारियों की लॉबी साउथ ग्रुप से जुड़ी थीं। ईडी ने कविता को पूछताछ के लिए दो समन भेजा था लेकिन कविता ने इसे नजरअंदाज कर दिया और पेश नहीं हुईं, जिसके बाद छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार किया गया था।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

टेंडर नोटिस सं.: Inj. Medicines दिनांक: 19.04.2024

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82241200B | लिराग्लूटाइड पेन इंज 6 मिलीग्राम प्रति एमएल (लंबे समय तक काम करने वाला इंसुलिन) | 2890 Nos | 13.05.2024 |

**निविदा शर्तेंः-** 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। **1200/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024

# आप नेता आतिशी ने किया भाजपा को एक्सपोज- बताया कैसे अरविंद केजरीवाल जी को इंसुलिन न मिले इसलिए कोर्ट को गुमराह कर रही ईडी और तिहाड़ प्रशासन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आप नेता आतिशी ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए भाजपा को एक्सपोज किया। उन्होंने बताया कि कैसे अरविंद केजरीवाल जी को इंसुलिन न मिले इसलिए ईडी और तिहाड़ प्रशासन कोर्ट को गुमराह कर रही है। उन्होंने साझा किया कि, भाजपा की ईडी और जेल प्रशासन ने कोर्ट में कहा कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल जी को एम्स के डॉक्टर को दिखाया, यह सरासर झूठ है। ईडी और तिहाड़ प्रशासन द्वारा कोर्ट में पेश होने तक केजरीवाल जी का एम्स के किसी डायबटीज स्पेशलिस्ट से कंसल्टेशन नहीं करवाया गया। ईडी और तिहाड़ प्रशासन ने इन्सुलिन रोकने के लिए कोर्ट में दलील दी-अरविंद केजरीवाल डाइट चार्ट फॉलो करेंगे तो उन्हें न अपने डॉक्टर से कंसल्ट करने और न ही इन्सुलिन लेने की जरूरत जबकि कोर्ट में जो डाइट चार्ट पेश किया वह एम्स के किसी डायबटिक स्पेशलिस्ट ने नहीं बल्कि न्यूट्रिशियन विभाग की एक न्यूट्रिशनिस्ट ने बनाया था।

आतिशी ने कहा कि, 30 साल से गंभीर डायबटीज के पेशेंट अरविंद केजरीवाल जी की इन्सुलिन रोकने के लिए एम्स के एक सामान्य से डाइट चार्ट को कोर्ट में आधार बनाया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि, अरविंद केजरीवाल जी जिनका ब्लड शुगर लेवल 300 से ऊपर है, जिनका ईडी कस्टडी में शुगर लेवल 45 तक पहुँच गया था, क्या उनके लिए ईडी और तिहाड़ प्रशासन एम्स से ये कंसल्टेशन कर रही है? उन्होंने कहा कि, भाजपा की ईडी-तिहाड़ प्रशासन कोर्ट और पूरे देश को गुमराह करने का प्रयास कर रही है; अरविंद केजरीवाल जी अपने डॉक्टर से बात न कर सके, इन्सुलिन न ले सके इसलिए ये पूरा षड्यंत्र रच जा रहा है। वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में एप्लीकेशन डाली थी कि, वो अपने डॉक्टर से, डायबटीज स्पेशलिस्ट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कंसल्ट करना चाहते है। अरविंद केजरीवाल जी ने अपने इंसुलिन को दोबारा शुरू करने की एप्लीकेशन डाली थी। इस एप्लीकेशन का विरोध भाजपा की ईडी और तिहाड़ प्रशासन ने किया। कोर्ट में ईडी के वकील प्रस्तुत हुए और बोला कि, नहीं अरविंद केजरीवाल जी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने डॉक्टर से कंसल्ट नहीं करने देना चाहिए। कोर्ट में तिहाड़ के और से भी वकील प्रस्तुत हुए जो एलजी साहब के पर्सनल काउंसल थे, और उन्होंने भी इसका विरोध किया, अरविंद केजरीवाल जी की इन्सुलिन का विरोध करते हुए कहा कि, उन्हें इंसुलिन की जरूरत नहीं है।

आतिशी ने कहा कि, भाजपा की ईडी और तिहाड़ प्रशासन के वकीलों ने कोर्ट में दलील दी कि, हम एम्स के डॉक्टर बतायेंगे कि अरविंद केजरीवाल जी को क्या चाहिए? एम्स के डॉक्टर देश के सबसे अच्छे डॉक्टर है और अगर वो कह रहे है कि, अरविंद केजरीवाल जी डाइट चार्ट फॉलो करेंगे तो उनको न अपने डॉक्टर से बात करने की जरूरत है, न ही स्पेशलिस्ट डॉक्टर से बात करने की जरूरत है और न ही इंसुलिन लेने की जरूरत है। उन्होंने ने कहा कि, ईडी और तिहाड़ प्रशासन ने जब अपनी दलीलों में एम्स के डॉक्टरों की बात कही तब तक उन्होंने अरविंद केजरीवाल जी की एम्स के किसी भी डॉक्टर से कंसल्टेशन नहीं करवाई थी, उन्हें न किसी डॉबटोलिजिस्ट से दिखाया था। यहाँ तक कि तिहाड़ प्रशासन ने 2 दिनों पहले तक एम्स से डॉबटोलिजिस्ट की माँग तक नहीं की थी। ईडी और तिहाड़ प्रशासन द्वारा कोर्ट में कहा गया था कि, उन्होंने एम्स के डॉक्टरों से कंसल्ट किया लेकिन हकीकत ये है कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल जी को एम्स के किसी भी डॉक्टर से कंसल्ट नहीं करवाया।

आतिशी ने कहा कि, कोर्ट में तिहाड़ प्रशासन ने कागज दाखिल किया कि एम्स के बड़े डॉक्टरों ने, डायबटीज स्पेशलिस्ट ने अरविंद केजरीवाल जी की डाइट चार्ट बनाई है और कहा है कि यदि उन्होंने इस डाइट चार्ट को फॉलो किया तो उन्हें इन्सुलिन की जरूरत नहीं होगी। एम्स के इस कागज के आधार पर अरविंद केजरीवाल जी की इन्सुलिन का विरोध किया।

अब सवाल ये है कि ये डाइट चार्ट किसने बनाया? क्या ये एम्स के डायबटोलाइजिस्ट या किसी डायबटीज स्पेशलिस्ट ने बनाया? नहीं। हकीकत ये है कि ईडी एम्स के न्यूट्रिशियन विभाग से एक स्टैंडर्ड डाइट चार्ट उठाकर ले आई।

आतिशी ने कहा कि, ईडी और तिहाड़ प्रशासन का कहना है कि, उन्होंने इस डाइट चार्ट के लिए एम्स के टॉप डॉक्टरों से कंसल्ट किया है लेकिन इस डाइट चार्ट पर साइन करने वाली डॉ. परमीत कौर कोई डॉक्टर या डायबटीज स्पेशलिस्ट नहीं बल्कि एक डायटीशियन है। और सभी को पता है कि डायटीशियन एमबीबीएस डॉक्टर नहीं होते है। यहाँ तक की परमीत कौर जी का लिंकडीन प्रोफाइल भी ये दिखाता है कि वो एमबीबीएस डॉक्टर नहीं बल्कि वो न्यूट्रिशियन और डायटेटिक्स में एमएससी और पीएचडी है।

आतिशी ने कहा कि, वो जरूर सीनियर न्यूट्रिशनिस्ट होंगी, डायटेटिक्स के क्षेत्र में क्वालिफाइड होंगी लेकिन क्या अरविंद केजरीवाल जी जो दिल्ली के मुख्यमंत्री है, जिन्हें 30 सालों से डायबटीज है, जिनका ब्लड शुगर लेवल 300 से ऊपर है, जिनका ईडी कस्टडी में शुगर लेवल 45 तक पहुँच गया था, क्या उनके लिए ईडी और तिहाड़ प्रशासन एम्स से ये कंसल्टेशन कर रही है?

उन्होंने कहा कि, तिहाड़ प्रशासन और ईडी ने कोर्ट में जो कागज प्रस्तुत किए है वो साफ साफ ये दिखा रहे है कि, भाजपा की ईडी और तिहाड़ प्रशासन कोर्ट को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है, देश को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है, और अरविंद केजरीवाल जी अपने डॉक्टर से बात न कर सके, वो इन्सुलिन न ले सके इसके लिए पूरा षड्यंत्र रच रहा है। आतिशी ने कहा कि, दुनियाभर में कोई भी डॉक्टर ऐसा नहीं होगा जो कहेगा कि ब्लड शुगर के 300 के पार पहुँचने के बाद बिना इन्सुलिन के उसे नियंत्रित किया जा सकता है। लेकिन कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की जाती है, एम्स के डॉक्टरों का हवाला दिया जाता है लेकिन कोई कंसल्टेशन नहीं होती, किसी डायबटोलॉजिस्ट का डाइट चार्ट या प्रिसक्रिप्शन नहीं आया और भाजपा कहती है कि अरविंद केजरीवाल जी को इंसुलिन की जरूरत नहीं है।

# 18 घंटे बाद गाजीपुर आग पर हुआ कंट्रोल

- फायर की कई गाड़ियां कूलिंग के काम में लगी हुई
- रविवार शाम 5: 22 बजे लगी थी यहां पर आग
- आठ गाड़ियां की गई थी मौके पर रवाना
- उस समय से आग बुझाने का काम लगातार जारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर लैंडफिल साइट पर लगी आग पर काबू कर लिया गया है और कूलिंग किया जा रहा है। लगभग 18 घंटे बाद आग को कंट्रोल करने में फायर ब्रिगेड की टीम कामयाब हुई। डायरेक्टर अतुल गर्ग ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आग पर कंट्रोल कर लिया गया है। पूरी तरह कूलिंग का काम अभी चल रहा है। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर कूलिंग में लगी हुई है। गौरतलब है कि आग की सूचना फायर कंट्रोल रूम को रविवार शाम 5:22 पर मिली थी। जिसके बाद मौके पर अलग-अलग फायर स्टेशन से आग बुझाने वाली आठ गाड़ियां रवाना की गई थी। उस समय से आग बुझाने का काम लगातार 18 घंटे से चल रहा था। पूरी तरह धुआं समाप्त करने में कितने घंटे का समय लग सकता है यह कहना अभी मुश्किल है। वहां आसपास रहने वाले लोगों ने आंख में जलन और घुटन की शिकायत की है।

## केशोपुर मंडी के पास पकड़ा गया स्कूटी - बाईक चोर

संवाददाता

तिलकनगर थाना के तिलक विहार पुलिस चौकी की टीम ने एक शातिर ऑटो लिफ्टर/, स्नेचर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान राहुल के रूप में हुई है। यह श्याम नगर, पश्चिमी दिल्ली का करने वाला है। पहले से डाबड़ी, तिलक नगर, महरौली और ओखला थाना के पांच मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि इसके पास से चोरी की दो स्कूटी, मोटरसाइकिल और दो मोबाइल बरामद किए गए हैं। साथ ही पांच मामलों का खुलासा भी किया गया है। पुलिस के अनुसार 12 अप्रैल को मोटरसाइकिल चोरी की एक वारदात हुई थी। उस मामले का खुलासा करने के लिए एसीपी तिलक नगर सुरेंद्र सिंह राठी, एसएचओ विनीत पांडे और चौकी इंचार्ज सब नरेश अहलावत की टीम ने मामले की छानबीन शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लगाना शुरू किया। इस छानबीन में पुलिस को इस शातिर ऑटो लिफ्टर के बारे में जानकारी मिल गई। पुलिस टीम ने ट्रैप लगाया और केशवपुर मंडी के पास इसको धर दबोचा। तलाशी में दो मोबाइल मिले, जिस मोटरसाइकिल से वह जा रहा था वह चोरी की निकली। फिर उसकी निशानदेही पर दो और चोरी की स्कूटी बरामद की गई।

# कूचा नीलकंठ में आईपीएल मैच पर ऑनलाइन - ऑफलाइन सट्टा

- स्पेशल स्टाफ ने किया रेड, तीन गिरफ्तार



संवाददाता

आईपीएल मैच पर सट्टा लगवा रहे तीन सटोरियों को सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस टीम ने पांच मोबाइल, सट्टे की डिटेल रखने वाला बुक और 30 हजार रुपए भी बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राहुल गुप्ता, अयाज अली और हरीश कुमार के रूप में हुई है। यह तीनों पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर, कृष्णा नगर और दरियागंज के रहने वाले हैं। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि दरियागंज के कूचा नीलकंठ इलाके में ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड पर आईपीएल मैच पर सट्टा लगवाने का गोरखधंधा चल रहा था। जिसकी सूचना स्पेशल स्टाफ की टीम को मिल गई। उस सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर रोहित कुमार, एसआई बलजीत, अरकसैयद नजीर हैदर की टीम ने वहां पर आसपास ट्रैप लगाकर पूरी जानकारी इकट्ठा की। जब पुलिस को कंफर्म हो गया कि उस मकान के अंदर सट्टा का काम चल रहा है। पुलिस टीम ने छापा मारा और वहां से इन तीनों को दबोच लिया। यह लोग अनऑथराइज्ड साइट्स और एप के जरिए आईपीएल मैच पर सट्टा लगवा रहे थे। इनके खिलाफ दिल्ली पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत दरियागंज थाना में मामला दर्ज किया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कापसहेड़ा में शराब तस्कर गिरफ्तार 2000 क्वार्टर बरामद



- तस्करी में इस्तेमाल वैगन आर कार भी हुआ जप्त
- हरियाणा में बिकने के लिए मान्य, गुरुग्राम पार करते दबोचा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के कापसहेड़ा थाना की पुलिस टीम ने शराब तस्करी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 2000 क्वार्टर शराब का बरामद किया गया है। साथ ही शराब तस्करी में इस्तेमाल मारुति वैगन आर कार को भी जप्त कर लिया गया है। बरामद शराब सिर्फ हरियाणा में ही बिकने के लिए मान्य थी। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान राज सिंह के रूप में हुई है। यह पटेल नगर के पांडव नगर का रहने वाला है। हरियाणा से शराब की खेप मारुति वैगन आर में भरकर यह दिल्ली बॉर्डर पार करके लाया था। लेकिन इसकी इनफॉरमेशन कापसहेड़ा पुलिस को मिल गई। फिर एक सूचना पर एसीपी सत्यजीत सरीन की देखरेख में एसएचओ नवीन कुमार की टीम ने गुरुग्राम से कापसहेड़ा बॉर्डर पार करते हुए कार को ट्रेप कर लिया।

पुलिस टीम ने जब गाड़ी की जांच की तो उसमें 20 कार्टून शराब की पेटियां भरी हुई थी। जिससे 1000 क्वार्टर बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ दिल्ली एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज करके उसको गिरफ्तार कर लिया गया।

## आईपी इस्टेट और कोतवाली इलाके से चुराया बाइक - स्कूटी

आईपी स्टेट थाना की पुलिस टीम ने एक नाबालिक को हिरासत में लिया है। जो मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी की वारदात को अंजाम देता था। इसके पास से माता सुंदरी रोड और दिल्ली गेट इलाके से चुराई गई दो मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार 7 - 8 अप्रैल की आधी रात डीडीए फ्लैट कैंपस से बाइक चोरी हुई थी। एफआईआर दर्ज करके पुलिस टीम ने जांच शुरू की थी। एसएचओ धीरेंद्र कुमार की टीम ने सीसीटीवी फुटेज से पता लगाना शुरू किया। उसमें एक लड़का बाइक चोरी करता हुआ नजर आया। फिर उसकी तस्वीर निकाली गई और उसी के आधार पर लोकल इनफॉरमेशन की मदद से पता लगाना शुरू किया गया। पता चला कि वह लड़का भूली भटियारी मस्जिद के पास देखा गया है। पुलिस टीम ने तुरंत वहां पर रेड किया और लड़के को पकड़ा। पूछताछ हुई तो पता चला की वह नाबालिक है। उसकी निशानदेही पर सीलमपुर इलाके से चोरी की एक मोटरसाइकिल और दिल्ली गेट इलाके से चोरी की स्कूटी बरामद की गई, जो कोतवाली थाना इलाके से चुराई गई थी।

# देशी तमंचा लेकर निकला, पुलिस ने हवालात भेजा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



हथियार और कारतूस के साथ डाबड़ी थाना की पुलिस टीम ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान नौशाद उर्फ बिलाल के रूप में हुई है। यह सीतापुरी इलाके का रहने वाला है और पहले से लूट, घरों में चोरी इत्यादि के सात मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि स्ट्रीट क्राइम को लेकर पुलिस टीम इलाके में सक्रिय रहती है। कोई भी इनफॉरमेशन मिलने पर एक्शन लेकर तुरंत बदमाशों को गिरफ्तार करके जेल भेजती है। जिससे लोगों में सुरक्षा की भावना बढे और बेड एलिमेंट इलाके से दूर रहे। इसी कड़ी में अरकधर्मेंद्र, हेड कांस्टेबल बंशीधर और कांस्टेबल राजेंद्र की टीम ने देसी तमंचा लेकर किसी वारदात को अंजाम निकले इस बदमाश को एक इनफॉरमेशन के आधार पर शिव मंदिर सागरपुर के पास देर रात दबोचा। पुलिस टीम को देखकर उसने भागने की पूरी कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हो सका। इसके पास से हथियार बरामद किया। पूछताछ की गई तो पता चला कि यह पहले से आधा दर्जन से ज्यादा वारदात को अंजाम दे चुका है। यह मौका मिलने पर कभी चोरी, कभी लूट जैसी दूसरी तरह की वारदात को अंजाम देता है। यह ड्रग्स का एडिक्ट है, लोगों को डराने और जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल करने के लिए अपने साथ हथियार रखता है।

# आगे आगे बाईक चोर, पीछे पीछे दौड़ रही थी पुलिस....

- नजफगढ़ के दो बाईक चोर, द्वारका में करते वारदात

संवाददाता



द्वारका सेक्टर 23 थाना की पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। जिनका टारगेट सिर्फ और सिर्फ मोटरसाइकिल ही होता था। इनके पास से चार चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। जो इन्होंने अलग-अलग थाना इलाकों से चुराया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशू और हिमांशु के रूप में हुई है, यह धरमपुरा नजफगढ़ के रहने वाले हैं।

डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी की हो रही वारदात को सुलझाने के लिए पुलिस टीम छानबीन कर रही थी। इसी कड़ी में एसीपी मदनलाल मीणा की देखरेख में एसएचओ सुनील कुमार, एस आई मनोज की टीम ने एक इनफॉरमेशन के आधार पर द्वारका सेक्टर 19 में ट्रेप लगाया। वहां के सैयद पार्क के पास स्थित अक्षरधाम अपार्टमेंट के बैक गेट पर इन दोनों को दबोचने को कोशिश की। पुलिस टीम को देखते ही दोनों मोटरसाइकिल छोड़कर सरपट दौड़ने लगे। पुलिस टीम ने भी उनका पीछा किया और कुछ दूरी पर जाकर दोनों को पकड़ लिया। फिर इनकी पहचान की गई और इनकी निशानदेही पर तीन और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई।

## डिप्टी मेयर पद के बागी प्रत्याशी नरेंद्र कुमार ने पर्चा वापस लिया

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में 26 अप्रैल को होने वाले मेयर चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के लिए टेंशन बढ़ गई थी, लेकिन इसी बीच पार्टी के लिए राहत की खबर है। मंगोलपुरी वार्ड के पार्षद नरेंद्र कुमार ने सोमवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। पार्टी ने महेश खींची को मेयर और रविंद्र भारद्वाज को डिप्टी मेयर पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के अध्यक्ष अनिल भारद्वाज ने कहा था कि वरिष्ठ नेताओं ने एक बैठक की, जिसमें निर्णय लिया गया कि पार्टी चुनाव में आप उम्मीदवारों का समर्थन करेगी। बता दें, निगम में आम आदमी पार्टी के पास बहुमत का आंकड़ा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने भी इस बार आप को समर्थन देने का ऐलान किया है। आम आदमी पार्टी को पूरी उम्मीद है कि इस बार फिर से उनका ही महापौर चुना जाएगा, क्योंकि पहले ही आम आदमी पार्टी के पास बहुमत का आंकड़ा है और कांग्रेस के पार्षद भी समर्थन करने जा रहे हैं।

# मंगोलपुरी-पहाड़गंज के बदमाश, मोतीनगर में करते वारदात




संवाददाता

पश्चिमी जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने लूटपाट और चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान कपिल और राहुल के रूप में हुई है। यह लोग पहले से 23 मामलों में शामिल रहे हैं। उनके पास 8 मोबाइल, एक स्कूटी और मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। इनकी गिरफ्तारी से 11 मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है। दोनों आरोपी मंगोलपुरी और पहाड़गंज के रहने वाले हैं। राहुल पर 06 और कपिल पर 23 मामले पहले से चल रहे हैं।

डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि इनके पकड़े जाने से मोती नगर के 07 और जनकपुरी, राजौरी गार्डन थाने के 04 मामलों का पुलिस ने पता लगाया है। पुलिस के अनुसार इलाके में हो रही वारदात को काबू करने के लिए अअळर की टीम को लगाया गया था। पुलिस टीम ने अपने सोर्स के जरिए इन बदमाशों के बारे में पता लगाना शुरू किया था।

एसीपी ऑपरेशन अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनीष की टीम को जानकारी मिली। उस जानकारी के आधार पर शिवाजी एनक्लेव के पास ट्रैप लगाकर इनमें से एक बदमाश राहुल को पहले पकड़ा। यह जिस स्कूटी से जा रहा था, जांच में वह स्कूटी राजौरी गार्डन से चोरी की निकली। तलाशी में कई मोबाइल बरामद किए गए। उससे पूछताछ किया गया तो बताया कि कपिल से यह मोबाइल लिया था। वह मंगोलपुरी का रहने वाला है, पुलिस ने फिर कपिल को मंगोलपुरी से गिरफ्तार किया।

# हिम्स मेडिकल एकेडमी शुरू हुई

## डॉ बीआरसी ने इमर्जेंसी मेडिकल प्रोटोकॉल (पी.ओ.ई.एम.) किताब का अनावरण किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




डॉ बिस्वरूप रॉय चौधरी (बीआरसी), आचार्य मनीष एवं डॉ सुनील चव्हाण ने आज नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में बहुप्रतीक्षित हिम्स मेडिकल एकेडमी (एचएमए) के शुभारंभ की घोषणा की। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एकेडमी के ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का अनावरण किया गया। इस मौके पर, डॉ बीआरसी की 31वीं पुस्तक- पी.ओ.ई.एम. (आपातकालीन चिकित्सा प्रोटोकॉल) का विमोचन किया गया।

ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के लिए श्रीधर यूनिवर्सिटी और डिप्लोमा व डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए सनराइज यूनिवर्सिटी से संबद्ध हिम्स मेडिकल एकेडमी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा अनुमोदित है। एचएमए कैम्पस पुणे, महाराष्ट्र में है, जबकि इसका कॉर्पोरेट कार्यालय फरीदाबाद, दिल्ली एनसीआर में है।

प्रेस को संबोधित करते हुए, डॉ बीआरसी ने कहा, ह्लएचएमए भारत का पहला व एकमात्र संस्थान है जो प्राचीन ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के साथ जोड़ता है। एकेडमी मानती है कि चिकित्सा शिक्षा का महत्व चिकित्सा उपचार से अधिक है। इस आदर्श वाक्य के साथ, एकेडमी में बैचलर्स डिग्री प्रोग्राम और कुछ फ्लेक्सिबल सर्टिफिकेशन कोर्स कराए जाते हैं, जिनमें एकीकृत चिकित्सा पर तीन माह का एक ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स और प्राकृतिक चिकित्सा व योग विज्ञान में 4.5 साल का स्नातक डिग्री प्रोग्राम (बीएनवाईएस) शामिल है।

हिम्स के संस्थापक, आचार्य मनीष ने कहा, ह्लह्लजीवनशैली में परिवर्तन और आयुर्वेद की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों से प्राण-घातक रोगों का इलाज संभव है। हिम्स में शरीर की आंतरिक शक्ति को बढ़ाकर किडनी, कैंसर, लिवर, शुगर, बीपी और हृदय रोगों के खात्मे पर जोर दिया जाता है। विभिन्न अस्पतालों में ढेर सारा समय और पैसा खर्च करने के बाद अनेक डायलिसिस रोगी हमारे अस्पताल पहुंचते हैं, जहां हमारी टीम आवश्यक उपचार प्रदान करने के लिए अथक प्रयास करती है। इस तरह हमने किडनी फेल्योर, लिवर फेल्योर, कैंसर, हृदय रोग और थैलेसीमिया से पीड़ित अनेक गंभीर रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज किया है।

पी.ओ.ई.एम. किताब, तकनीकों का एक सेट है जिसका उपयोग 68 इमर्जेंसी मेडिकल स्थितियों में किसी संकटग्रस्त व्यक्ति को राहत प्रदान करने के लिए, न्यूनतम प्रशिक्षण प्राप्त एक आम इन्सान द्वारा किया जा सकता है। यह प्रोटोकॉल, डॉ बीआरसी की सोच का नतीजा है, जहां उन्होंने रोगी-केंद्रित परिणाम प्राप्त करने के लिए प्राचीन ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के साथ जोड़ा है, वो भी आम घरों व रसोई में मौजूद सस्ती चीजों का प्रयोग करते हुए। आपातकालीन चिकित्सा स्थितियों के प्रबंधन के लिए हिम्स समूह के अस्पतालों में इस प्रोटोकॉल का नियमित रूप से पालन किया जाता है और यह एचएमए के बैचलर डिग्री (बीएनवाईएस) तथा डिप्लोमा कोर्स (डीएनवाईएस) के पाठ्यक्रमों में भी शामिल है।

हिम्स मेडिकल एकेडमी और किताब के लॉन्च कार्यक्रम में, सनराइज यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर कृष्ण नाथ पांडे व रजिस्ट्रार डॉ पंकज गुप्ता के अलावा, श्रीधर यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर डॉ ओपी गुप्ता एवं डायमंड पॉकेट बुक्स के प्रकाशक नरेंद्र कुमार भी उपस्थित थे। डॉ बिस्वरूप रॉय चौधरी पोषण के गणितीय मॉडल - डीआईपी डाइट के जनक हैं, जो भारत में (आयुष मंत्रालय), नेपाल में (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय), और मलेशिया की लिंकन यूनिवर्सिटी में हुए नैदानिक परीक्षणों के माध्यम से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, हड्डी रोगों व पुराने किडनी रोगों में प्रभावी है। पुराने किडनी रोगों को दूर करने में कारगर, गुरुत्वाकर्षण व ताप-आधारित उनके आविष्कार-ग्रैड सिस्टम के लिए वास्मे व इथियोपियाई दूतावास द्वारा उन्हें इनोवेशन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया जा चुका है।

डॉ बीआरसी एक इंजीनियरिंग स्नातक, मधुमेह में स्नातकोत्तर और मधुमेह व क्रोनिक किडनी रोगों में पीएचडी (मानद) हैं। अपनी 31 प्रकाशित किताबों के साथ, वह हिम्स ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एंड मेडिकल कॉलेज का संचालन करते हैं, जो भारत, वियतनाम और मलेशिया में स्वास्थ्य देखभाल प्रयासों में सक्रिय रूप से संलग्न है। ई-बुक डाउनलोड करने के लिए, लॉगइन करें

## डीयू में नए कॉलेजों के निर्माण कार्य जल्द शुरू होंगे

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय को जल्द ही दो नए कॉलेज मिलने की संभावना है। ये दिल्ली के नजफगढ़ और फतेहपुर बेरी इलाके में बनने वाले हैं। डीयू ने छात्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के शहरी इलाकों के बाहर इनके निर्माण का निर्णय लिया है। कुलपति ने कहा कि नजफगढ़ में अगले साल तक कॉलेज बनकर तैयार हो जाएगा। सब कुछ ठीक रहा तो डीयू का प्रयास है कि सत्र 2025-26 में यहां दाखिले भी शुरू कर दिए जाए। अभी हमने इन कॉलेजों में टीचिंग और नॉन टीचिंग पदों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा हुआ है। पदों के स्वीकृत होने के बाद अगले साल तक यहां दाखिले भी शुरू हो जाए। नजफगढ़ के रोशनपुरा में 16.35 एकड़ और भाटी कलां में 40 एकड़ जमीन पर कॉलेज खोलने का प्रस्ताव है। वर्ष 2022 में डीयू ने इसको लेकर एक समिति बनाई थी। डीयू की रिपोर्ट में कहा गया है कि रोशनपुरा एवं भाटी कलां में पहले सुविधा केंद्र खोला जाएगा। इससे दक्षिणी दिल्ली, बाहरी व पश्चिमी दिल्ली में रहने वाले छात्रों को दाखिले व परीक्षा संबंधी कार्यो के लिए नार्थ एवं साउथ कैंपस नहीं जाना पड़ेगा। दस्तावेज संबंधी सभी काम सुविधा केंद्र में होंगे। फीस, मार्कशीट आदि संबंधी कार्य यहीं होंगे। बाद में इन सुविधा केंद्रों को कॉलेज में तब्दील कर दिया जाएगा। अगस्त 2025 तक फैकल्टी ऑफ टेक्नोलॉजी का भवन तैयार होने की उम्मीद दिल्ली विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ टेक्नॉलॉजी के नए भवन का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।

# विश्व पृथ्वी दिवस: श्री वैंकटेश्वरा में वृहद वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता रैली

## वृक्षारोपण एवं प्रकृति संरक्षण पर नहीं दिया ध्यान, तो भुगतने होगे गम्भीर परिणाम: डॉ. राजीव त्यागी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान में *विश्व पृथ्वी दिवस* पर *वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं पर्यावरण संरक्षण/ संवर्धन पर जागरूकता रैली* का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने उपस्थित स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाते हुए प्रकृति के अन्धाधुंध दोहन पर विराम लगाने की बात कही। *विश्व पृथ्वी दिवस* पर राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के मुख्य परिसर में आयोजित *वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं प्रकृति संरक्षण जागरूकता रैली* का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोड़ा, कुलपति डॉ. ए.के. शुक्ला आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया।आपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एवं प्रकृति के अवैध एवं अंधाधुन्ध दोहन से पूरा विश्व आज ग्लोबल वार्मिंग की चपेट में है, आज अप्रैल माह में ही औसत तापमान 42 डिग्री से 45 डिग्री के बीच है। यही हालात रहे तो पूरा विश्व विनाश की ओर है। हमे समय रहते अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण के लिए लगातार काम करना होगा।प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि समय रहते वृक्षारोपण एवं प्रकृति संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया, तो सभी को इसके गम्भीर परिणाम भुगतने होंगे। इसलिए सिर्फ वृक्षारोपण नहीं बल्कि इसके आजीवन संरक्षण एवं संवर्धन की भी शपथ लें।इस अवसर पर सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. पीयूष पाण्डे, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. एना ऐरिक ब्राउन, डॉ. योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. रामनिवास शर्मा, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. दिनेश कुमार गौतम, डॉ. अनिल कुमार जैसवाल, डॉ. विश्वनाथ झा, डॉ. एल.एस. रावत, डॉ. मोहित शर्मा, विशाल शर्मा, विकास भाटिया, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### 38 वर्षीय व्यक्ति सिंघिया घाट पुल से बूढ़ी गंडक में लगाया छलांग

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया घाट पुल से रविवार की संध्या एक 38 वर्षीय व्यक्ति बूढ़ी गंडक नदी में छलांग लगा दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सोमवार कि अगले सुबह उसका शव मिला। मृतक की पहचान सलखन्नी वार्ड 11 निवासी स्वर्गीय गांगो दास के पुत्र कैलाश दास के रूप में किया गया। बताया जाता है कि कैलाश दास के माता-पिता व पत्नी का देहांत पहले ही हो चुका था। उनके दो पुत्री थी। एक पुत्री सुनीता कुमारी शादीशुदा जो ससुराल में रहती है वहीं एक पुत्री शिवानी कुमारी ननिहाल में थी। कैलाश अकेले घर पर रहता था। रविवार की संध्या वह एकाएक सिंघिया घाट पुल से बूढ़ी गंडक नदी में छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं सोमवार की अहले सुबह कैलाश का शव मिलते ही लोगों की भीड़ लग गई।

# मुरलीगंज के पी डब्लू डी परिसर से 48 लाख का शराब जब्त




- 6 हजार बोतल यानी 194 कार्टून विदेशी शराब, चुनाव में खपाने की थी तैयारी
- कारोबारी हुआ फरार, उत्पाद टीम ने शराब तस्करो के मंसूबों पर फेर दी पानी

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा उत्पाद टीम को बड़ी सफलता मिली। उत्पाद टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की जहां भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया। हालांकि मौके वारदात से कारोबारी फरार हो गया। बताया जाता है कि लोक सभा चुनाव के दौरान शराब खपाने की तैयारी थी जिसे उत्पाद टीम ने शराब माफियाओं के मंसूबों पर पानी फेर दी। दरअसल डीएम विजय प्रकाश मीणा के निर्देशन में उत्पाद टीम ने बड़ी कार्रवाई की। जहां मुरलीगंज थाना क्षेत्र के गौशाला चौक स्थित पीडब्ल्यूडी कैंपस से 6 हजार बोतल यानी 194 कार्टून शराब जप्त की गई है। सूत्रों के मुताबिक इन शराब के गोरख धंधे में तथा कथित कुछ स्थानीय सफेद पॉश भी सामिल है जिसकी पुष्टि बहरहाल प्रसासनिक तौर पर नहीं की जा रही है। हालांकि इस मामले को लेकर उत्पाद मधनिषेद मधेपुरा अधीक्षक विनय कुमार ने बताया कि तत्काल अनुसंधान किया जा रहा है फिलहाल शराब तस्कर और अन्य लोगों की पुष्टि बाद में अनुसंधान उपरांत कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मधेपुरा डीएम विजय प्रकाश मीणा के निर्देशन में लोक सभा चुनाव के मद्देनजर जिले भर में लगातार शराब तस्कर और नशे के सौदागरों के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है इसी क्रम में देर मध्य रात्रि में मुरलीगंज थाना क्षेत्र के गौशाला चौक स्थित पीडब्ल्यूडी कैंपस में छापेमारी की गई। जप्त शराब की बाजार मूल्य लगभग 48 लाख आंकी जा रही है।

# अलग-अलग जगहों से शराब, जिंदा कारतूस, मोबाइल के साथ चार गिरफ्तार

- 9 जिंदा कारतूस, दो विदेशी शराब की बोतल, दो मोबाइल के साथ किया गया गिरफ्तार



प्रात : किरण, संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड पुलिस आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण और भय मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर लगातार थाना क्षेत्र में अवैध हथियार तस्करी लूट, छीनतई घटना और अवैध शराब तस्करी पर पूर्णत लगाम लगाने के लिए मधेपुरा जिला के पुलिस कप्तान संदीप सिंह के निर्देश पर विशेष टीम का गठन कर छापामारी कर तस्कर, अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाई की जा रही है। कुमारखंड थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना पर कुमारखंड थाना के एसआई गणेश पासवान, शंकरपुर थानाध्यक्ष रोशन कुमार, श्रीनगर थानाध्यक्ष राघवेंद्र नारायण, भतनी थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश, पुलिस फोर्स, चौकीदार के सहयोग से थाना क्षेत्र के भवानीपुर रहटा स्थित संजीत कुमार के घर छापामारी कर दो जिंदा कारतूस के साथ संजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि गढ़िया वार्ड नंबर 10 निवासी शिवन यादव के घर छापामारी कर 750 एमएल का विदेशी शराब का दो बोतल, 180 एमएल का विदेशी शराब का तीन फ्रूटी पाउच, सात जिंदा कारतूस (गोली) दो मोबाइल के साथ शिवन यादव और विकास कुमार, कुणाल कुमार गिरफ्तार कर मध्य निषेध और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर पुलिस अभिरक्षा में सोमवार को मधेपुरा कोर्ट में पेश किया।

# पृथ्वी जीवन का आधार, उसकी रक्षा मानव की सर्वोच्च प्राथमिकता :हर्ष वर्धन

## विभिन्न स्तरों पर पृथ्वी के अस्तित्व पर मंडरा रहे संकट बनी वैश्विक समस्या



- इस साल के पृथ्वी दिवस का थीम प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक अहम मुद्दा

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के सार्क इंटरनेशनल स्कूल परिसर में छात्र छात्राओं ने छायादार, फलदार एवं फूलों के पौधे लगाए और पृथ्वी दिवस मनाने के पीछे के मूल उद्देश्य पर चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हर्ष वर्धन सिंह राठौर ने कहा विश्व पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण के महत्व को आम लोगों से जोड़ने व प्रकृति के अवर्णित योगदानों को समझने का अवसर देता है साथ ही उसको सुरक्षित रखने हेतु नीति निर्धारण की वकालत करता है। 21वी सदी में जब मानव विकास के पथ पर निरंतर नई नई ऊंचाइयों को चूम रहा है तब विभिन्न स्तरों पर अपनी असीम महत्वकांक्षा के कारण पृथ्वी के कालचक्र में बड़े स्तर पर किए गए मानव हस्तक्षेप चिंतनीय व विचारणीय बिंदु बन उभरे हैं। पृथ्वी दिवस ऐसे ही बिंदुओं पर मंथन व प्रकृति के अस्तित्व को मजबूती से कायम रखने की दिशा में पहल को प्रेरित करती है। राठौर ने कहा कि अभी मानव समाज अपने लालची स्वभाव के कारण प्रकृति असंतुलन के जिस दौर से गुजर रहा है उसमे यह अत्यावश्यक है कि इससे बचने के लिए गंभीर मंथन हो। विश्व के 192 देशों में बड़े स्तर पर हर साल एक निर्धारित फैसले के अंतर्गत थीम तय कर पहल की जाती है इस साल का थीम प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक दिया गया है जिसका मूल उद्देश्य प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करते हुए उसके विकल्प तलाशने की है। आर्गेनिक चीजों के प्रयोग को प्राथमिकता देने के साथ मानव का यह दायित्व बोध होना चाहिए कि वर्तमान इस तरह से जिए की उसकी भावी पीढ़ी को भी सफल परिवेश मिले। अपने संबोधन में प्राचार्य हर्ष वर्धन सिंह राठौर ने छात्र छात्राओं को विशेष कर पृथ्वी की उपयोगिता पर अध्यन की बात कहते पृथ्वी को बचाने में अपनी भूमिका तय करने की अपील की। विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर छात्र छात्राओं में इससे जुड़े बिंदुओं पर दिन भर जिज्ञासा और चर्चा का माहौल रहा।सबों ने स्वीकार किया कि पृथ्वी जीवन का मूल आधार है और हर स्तर पर इसको बचाने की पहल मानव समाज की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।इसके द्वारा प्रदत अनमोल उपहार का जरूरत के अनुसार ही उपयोग और भविष्य हेतु संरक्षित करना अत्यावश्यक है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं सहित सभी शिक्षकों की भागीदारी रही।

# कार कि चपेट में आने से वृद्ध मौत

## मुरलीगंज-मधेपुरा एनएच 107 पर नवटोल के पास हुई घटना



प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) मुरलीगंज-मधेपुरा एनएच-107 पर भतखोड़ा अंतर्गत चिलम चौक के पास सोमवार की सुबह करीब आठ बजे अनियंत्रित कार के चपेट में आने से एक 65 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। बताया गया कि दुर्घटना में पड़वा नवटोल वार्ड सात निवासी उमेश दास (65) की मौत हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची मुरलीगंज पुलिस ने परिजन से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के बेटा बेचन दास ने बताया कि उनके पिता उमेश दास सोमवार की सुबह साइकिल से आंगनबाड़ी का समान खरीदने जीतापुर बाजार गए हुए थे। सामान खरीद कर वह पैदल ही साइकिल लेकर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान भतखोड़ा पंचायत अंतर्गत चिलम चौक के पास पीछे से आ रही एक अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दिया। इस हादसे में उनके पिता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कार सवार कार लेकर फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी थाना और परिजनों को दी। जानकारी मिलने पर वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे। इधर मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार और आसपास का माहौल गमगीन बना हुआ है। वहीं थाना प्रभारी मंजू कुमारी ने बताया कि मृतक के शव की पोस्टमार्टम कराकर पीड़ित परिवार को सौंप दिया है। आवेदन प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली की आंख- मिचौली के कारण उपभोक्ता परेशान

## रात में भी घंटों तक कटी रहती है बिजली,उपभोक्तओं में पनप रहा गुस्सा



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- प्रखंड क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बिजली की आंख-मिचौली के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिन में बिजली नहीं रहने से एक तरफ जहां लोगों को गर्मी की ताप झेलनी पड़ती है,तो दूसरी और लोगों के बीच पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है।इस संबंध में उपभोक्ता अर्जुन यादव ने कहा कि दिनभर बदन को झुलसाने वाली गर्मी में काम करने के बाद देर शाम घर में पंखे की ठंडी हवा की आस लगी रहती है। किंतु बिजली का चंद मिनटों के अंतराल में पुनः गुल हो जाने के कारण गर्मी से मन बेचैन हो जाता है।वही राज मिस्त्री रमनदेव मंडल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से बिजली की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। बिजली विभाग के द्वारा पहले एक से दो दिनों तक मेंटेनेंस का काम किए जाने के कारण बिजली बाधित रहने की बात बताई गई थी।किंतु दस दिनों से रोजाना दिन तो दिन-रात में भी घंटों बिजली की समस्या बनी रहती है। एक तरफ इतनी तेज गर्मी तो दूसरी और बिजली की समस्या लोगों के लिए परेशानियों का कारण बना हुआ है।पंकज यादव, अवध मंडल,भोला मंडल,रंजीत यादव,पप्पू यादव सहित अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बिजली की व्यवस्था गड़बड़ा सी गई है। जिन उपभोक्ताओं के घर में बैटरी इन्वर्टर है उनका तो दिन,रात किसी प्रकार से कट जाता है।किंतु जिन उपभोक्ताओं के पास बैट्री का साधन नहीं है,उनका दिन,रात बहुत ही कष्ट से गुजर रहा है।वहीं बिजली गुल रहने की जानकारी के लिए बिजली विभाग के सरकारी नंबर पर संपर्क किया जाता है तो बिजली कर्मी के द्वारा फोन तक रिसीव नहीं किया जाता है। जिसके कारण उपभोक्ता को और अधिक परेशानी से गुजरना पड़ता है।

# मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान में हो रही है शिथिलता

प्रात : किरण संवाददाता

महनार । लोकसभा चुनाव में मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान में यहां शिथिलता बरती जा रही है और इस कारण मतदाताओं में कोई उत्साह देखने को नही मिल रहा है । दूसरे प्रखंड में आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु सड़क पर रैली निकाली जा रही है किंतु महनार इससे अछूता बना है ।इस सम्बंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि देहाती इलाका में अभियान चलाई जा रही है किंतु वास्तव में वहां भी मात्र कागज पर ही अभियान चल रहा है । सूत्रों का कहना है कि आंगनवाड़ी सेविकाएं गांव की बहू होती है एवं वह तो घर के निकट रह कर केंद्र चला लेती है किंतु सड़क पर निकल कर रैली निकालने में इनलोगों को लाज लगता है तथा इनके घर के अभिभावक भी लोक लाज के भय से इन्हें ऐसा करने से रोकते है। यह लोग तेज धूप का बहाना बनाते है जबकि यह रैली सुबह या शाम में भी निकाली जा सकती है। चुनाव आयोग एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा इसकी समीक्षा सिर्फ कागज पर ही कि जाती है इसी कारण इसका असर धरातल पर देखने को नही मिल रहा है। विद्यालय के बच्चों , शिक्षकों व पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा भी मतदाता जागरूकता हेतु अभियान चलाया जाना चाहिए था किंतु धरातल पर तो सब शून्य है तो फिर चुनाव में मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ेगा?

# गर्मी में पेड़ पौधे धूप से ना झुलसे, करें देखभाल

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई। साईकिल यात्रा एक विचार, जमुई के बैनर तले बढ़ते तापमान को देखते हुए पक्षियों को दाना पानी देने और झुलस रहे पेड़ो के जड़ में पानी देकर उसे संरक्षित करने का प्रयास किया। मंच द्वारा अपने नियमित रविवारीय यात्रा के 433वें क्रम में नगर परिषद क्षेत्र के प्रखंड परिसर, स्टेडियम परिसर, समाहरणालय रोड में भीषण गर्मी से मुरझाए पेड़ के जड़ में पानी देकर हरा भरा करने का प्रयास किया गया। तदपुरांत सिकहरिया ग्राम में पूर्व से लगाए गए पौधे की देखभाल कर पौधारोपण करते हुए यात्रा का समापन किया गया। सिकहारिया ग्राम के ग्रामीण गौतम कुमार दुबे के निजी बगीचा में सदस्यो के सहयोग से पक्षियों के लिए पानी पीने के लिए गड्ढे कर पानी जमा किया गया ताकि पक्षियां यहां आकर पानी पी सकें। उनके द्वारा इसे नियमित रूप से प्रतिदिन पानी ताजा पानी रखने का संकल्प लेते हुए बताया गया की पक्षियों हमारे वातावरण के लिए सबसे बड़ा हितेषी होते है और जहां तहां पेड़ लगाने में इनका बहुत योगदान रहता है। परंतु जब गर्मी में हर क्षेत्र पानी विहीन हो जाता है तो इनके समक्ष काफी समस्या होती है जिससे धीरे धीरे संसार से पक्षियों के विहीन होने लगा है। इसके बचाव के लिए हर कोई आगे बढ़ाकर इनके प्रति सोचना होगा। सदस्य धीरज कुमार सिंह ने बताया की जिस प्रकार से तापमान की वृद्धि हो रही उसका नतीजा प्रकृति का अत्यधिक दोहन करने का परिणाम है। ऐसे में मानव पर तो प्रभाव पड़ रहा है वो लेकिन पेड़-पौधे पशु-पक्षियों अपने स्तर से निजात पाने से सक्षम नहीं होते हैं। जिससे इनका अस्तित्व समाप्त होते जा रहा है। संसार में यदि जीवन का कामना करना है तो सबसे पहले इनके संरक्षित करने के लिए स्वयं जागरूक हो कर जगह जगह पानी का बर्तन रखना चाहिए । जो कि इनके संरक्षण के लिए वरदान साबित होगी। सदस्य राहुल राठौर ने बताया की इस वर्ष गर्मी की शुरूवाती समय में ही 43-44 डिग्री सेल्सियस का सामना करना पड़ रहा है ऐसा संभावना है की इस वर्ष और अधिक तापमान बढ़ने की संभावना है। जो शरीर के काफी खतरनाक हो सकती है। तापमान कम रहने के लिए पेड़ो का हरा भरा रहना जरूरी है इसके लिए जितना भी संभव हो आस पास मुरझाए पेड़ में पानी जरूर दें इससे हरियाली बरकार रहेगा जो तापमान कम करने के लिए सहायक हो सकता है। इस अवसर पर राहुल सिंह, धीरज कुमार सिंह, विवेक कुमार, संतोष कुमार, सिपु परिहार, गौतम कुमार दुबे, दीपक कुमार ठाकुर, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# जागरूकता कार्यक्रम के तहत विकास मित्रों ने निकाली साइकिल रैली

## उप विकास आयुक्त ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

- बीस फर्स्ट टाइम वोटर्स को दिया बधाई प्रत्र





प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा हिन्दी प्राथमिक विद्यालय भिरखी मतदान केन्द्र संख्या- 235, 236 एवं 237 के पोषक क्षेत्र वार्ड 24, 25 एवं 26 में समावेशी स्वीप सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विकास मित्रों की साईकिल रैली निकाली गई। उप विकास आयुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। यह साईकिल रैली हिन्दी प्राथमिक विद्यालय भिरखी पश्चिम भाग से निकलकर बजरंगबली मंदिर चौक भिरखी होते हुए खोपैती तुनियाही रोड के अंतिम छोड़ (महादलित बस्ती) से वापस होकर वार्ड नं0- 26 में घुमते हुए हिन्दी प्राथमिक विद्यालय भिरखी वापस आयी। इस क्रम के विकास मित्रों द्वारा मतदाताओं को आमंत्रण पत्र देते हुए 7 मई 2024 को अवश्य मतदान करने का अनुरोध किया गया। महिला विकास मित्रों की टीम द्वारा घर-घर जागरूक अभियान के तहत प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में मतदाताओं से डोर टू डोर सम्पर्क कर आमंत्रण पत्र दिया गया एवं 7 मई को मतदान करने हेतु अनुरोध किया गया। वहीं घरों एवं गाड़ियों पर समावेशी स्वीप स्टीकर भी लगाया गया। तत्पश्चात हिन्दी प्राथमिक विद्यालय भिरखी में मतदाता जागरूकता संवाद का आयोजन किया गया। जिसका उप विकास आयुक्त द्वारा दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। साथ ही जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम स्वास्थ्य, आयुक्त स्काउट एवं गाईड श्री जयकृष्ण यादव एवं जिला स्वीप आईकॉन सुश्री सोनी राज द्वारा संबोधन किया गया। इस कार्यक्रम में कलाकारों की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। वहीं 20 (बीस) फर्स्ट टाइम वोटर्स को बधाई पत्र भी दिया गया। इस कार्यक्रम में अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी मधेपुरा एंव प्रखंड कल्याण पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# 13 महीने मस्कत के बाद जमुई पुलिस को मिली कामयाबी

## बैंक लूट काण्ड के अंतरार्जीय सरगना नीरज दास गिरफ्तार




- पचास हजार का ईनामी चढ़ा जमुई पुलिस के हत्थे

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिले के चकाई थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग के दौरान बैंक लूट कांड के अंतर राज्य गिरोह सरगना 40 वर्षीय नीरज दास उर्फ सतेन्द्र दास उर्फ विनोद कुमार को जमुई पुलिस ने किया गिरफ्तार। इस संबंध में जमुई पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन ने पुलिस सभागार प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करके बताया कि इस अंतर्राजिये गिरोह के सरगना की तलाश जमुई पुलिस को 13 महीनों से थी।मुझे गुप्त सूचना मिली कि नीरज दास जमुई के रास्ते देवघर जा रहा है।प्राप्त सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी झाझा के नेत्वृत में पु०नि० सह थानाध्यक्ष चकाई राकेश कुमार , पु०नि० लाल बहादुर सिंह एवम तकनीकी शाखा और थाना के पुलिस जवानों को शामिल कर टीम बनाकर सरौन के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान देखा गया कि एक हीरो स्पलेंडर प्लस मोटर साईकिल से वो आ रहा है।पुलिस को वाहन चेकिंग करते देख वो भागने लगा।जिसे पुलिस जवानों ने खदेड़कर पकड़ लिया।गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ करने पर वो अपना नाम नीरज दास उर्फ सतेन्द्र दास उर्फ विनोद कुमार पिता जुगेश्वर दास सकिन पहरा थाना परैया जिला गया बताया।जिसे जमुई पुलिस को 13 महीनों से तलाश थी।इनके विरुद्ध कई थानों में मोटर साईकिल लूट से बैंक लूट की घटना को अंजाम देने जैसे मामले दर्ज हैं। नीरज दास 50,000 का ईनामी अंतर्राजिय गिरोह के मास्टर माइंड सरगना है।जिसे गिरफ्तार कर जमुई पुलिस ने राहत की सांस ली है और अन्य के विरुद्ध छापामारी जारी है।

# गिद्धौर के प्रमुख चौक पर नहीं है सार्वजनिक पेयजल की व्यवस्था, बोतल बंद के भरोसे

## प्यास लगने पर बोतल बंद पानी खरीद कर लोगों को बुझानी पड़ रही है प्यास



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर : बीते दो सप्ताह से शुरू हुई उमस भरी गर्मी में शहरी क्षेत्र के लोगों को चौक-चौराहों पर पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। अपनी प्यास बुझाने के लिए आम लोगों व दुकानदारों को बोतल बंद पानी का सहारा लेना पड़ रहा है।बाजार के किसी भी प्रमुख चौक चौराहा पर सरकारी स्तर से चापाकल नहीं लगाया गया है। और ना ही प्याऊ की व्यवस्था कराई गई है।एक जगह पर चापानल लगाई भी गई है, तो वह भी खराब अवस्था में है ऐसे में लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए चौक चौराहाओं के आसपास संचालित और होटलों से पानी मंगवाना पड़ता है। दुकानदार खुद बोतल बंद जार खरीद कर दुकान में रखते हैं और पीते हैं। जबकि हर कोई बोतल बंद पानी खरीदने में समक्ष नहीं है।बाजार के मुख सड़कों के किनारे चाय दुकान,नाश्ते की दुकान पर खाने की इच्छा नहीं भी हो रहा हो तो पानी पीने के लिए लोगों को कुछ ना कुछ खाना पड़ता है।

गिद्धौर बाजार के मिंटो टॉवर चौक,थाना चौक,झाझा बाजार चौक के गर्मी के मौसम के कारण बाजार आने वाले लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी की आवश्यकता महसूस होती है तब वह सड़क किनारे चापाकल ढूंढने लगते हैं लेकिन दूर तक जब उन्हें चापाकल नजर नहीं आता है तब नहीं चाहते हुए भी वह होटल में जाते हैं और पानी पीने के लिए कुछ ना कुछ खाद्य पदार्थ की खरीदारी करते हैं या बोतल बंद पानी खरीद कर अपनी प्यास बुझाते हैं।
जार का पानी खरीदना पड़ रहा वही इसको लेकर दुकानदार दिनेश साह,बबलू पटेल,मिथुन कुमार,मुन्ना रावत,विजय राम कहते हैं कि पास में कोई चापानल नहीं होने से जार खरीद कर पानी पीते हैं।पास में एक चापानल भी है तो वह खराब पड़ा है। वह ठीक भी रहता है। तो पानी उपयोग नहीं कर सकते क्योंकि चापानल दुकान से दूर है। पानी की समस्या होगी खत्म कहते पतसंडा मुखिया ललिता देवी पानी की समस्या तो है जिन-जिन जगहों पर चापानल की आवश्यकता है।उन जगहों को चिन्हित कर पीने के लिए पानी की व्यवस्था की जाएगी। सार्वजनिक प्याऊ के लिए भी जगह चिन्हित किया जा रहा है। जगह मिलने पर आम लोगों के लिए प्याऊ लगाए जाएंगे।

# कब हम अपने पृथ्वी के प्रति जागरूक होगें



प्रात : किरण संवाददाता

कहते है इंसान जहां अपना निवास स्थान बनाता है उसे बनाने के लिए पूरा जीवन भर का कमाई लगा देता है, ताकि वे अपने और अपना परिवार के साथ शेष जीवन सुरक्षित रूप से जी सकें।लेकिन यह कैसी विडंबना है की जिस पृथ्वी पर हमारा जीवन है उसे ही लगातार क्षति कर भविष्य में सुरक्षित जीवन का कामना कैसे कर सकते है। बार बार प्रकृति खतरनाक संकेत दे रही है फिर भी लोग इसके प्रति जागरूक नही हो रहे है। आज 22 अप्रैल के दिन दुनियाभर में पृथ्वी दिवस मनाया जा रह है। इस दिवस को मनाये जाने का उद्देश्य लोगों के भीतर पर्यावरण के प्रति जागरुकता फैलाने और धरती को बचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। औद्योगिक क्रांति के बाद से कार्बन उत्सर्जन काफी बढ़ा है। इसका बुरा असर हमारी पृथ्वी पर पड़ रहा है। इस कारण पृथ्वी दिवस की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो जाती है। इस वर्ष 2024 विश्व पृथ्वी दिवस की थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक है । आज हमारे पर्यावरण,नदियों वातावरण यहां तक कि हमारे खाद्य पदार्थ में प्लास्टिक पूरी तरह से समा चुका है। यह थीम इसके निपटारे के लिए सामूहिक प्रयास को दशार्ती है। यह पृथ्वी दिवस प्लास्टिक का उपयोग बिलकुल खत्म करने और सामूहिक रूप से पृथ्वी के प्रति सजग होकर कार्य करने की अवश्यकता है। प्राकृतिक संसाधन हो या हरे भरे जंगल इसकी क्षति 21वीं सदी में जितनी नहीं हुई है उतना पिछले दो दशक में हो चुकी है। इस पर हर लोगो को चिंतन करना इसलिए भी आवश्यक हो गया है की वर्तमान में जिस प्रकार जिस प्रकार हिट वेब का सामना बिहार में करना पड़ रहा है उससे आम जनजीवन पूरी तरह हस्त व्यस्त हो गया है। बिहार के वन विहीन क्षेत्र शेखपुरा जिला के लोगो को कल 44.1 डिग्री सेल्सियस का सामना करना पड़ा है और इसके साथ बांका और जमुई सहित 11 जिला भी लू के चपेट में रहा है। मौसम विभाग भी दोपहर 12 से 3 बजे बाहर नही निकलने का चेतावनी दी गई है।

सम्पादकीय

# खामोश चुनाव के मायने

आम चुनाव, 2024 के प्रथम चरण का मतदान कई मायनों में अप्रत्याशित रहा है। कुल मतदान शनिवार की रात्रि 11 बजे तक करीब 65.5 फीसदी रहा। यह 2019 की तुलना में 4 फीसदी कम रहा है। सबसे अधिक मतदान संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप में 84.16 फीसदी किया गया। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और सिक्किम में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान हुए, लेकिन फिर भी 2019 की तुलना में 2 फीसदी तक कम हुए। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 2 फीसदी मतदान ज्यादा किया गया। जम्मू-कश्मीर सरीखे संवेदनशील क्षेत्र में 68.27 फीसदी मतदान शानदार माना जा सकता है, लेकिन वहां भी 2019 से 1.88 फीसदी मतदान कम हुआ। सबसे कम मतदान बिहार की सीटों पर 49 फीसदी से कुछ ज्यादा रहा, लेकिन 4 फीसदी कम मतदाता वोट देने घर से निकले। उप्र और उत्तराखंड जैसे भाजपा वर्चस्व के राज्यों में 5-6 फीसदी मतदान कम किया गया। मध्यप्रदेश, राजस्थान और मिजोरम आदि राज्यों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। इनसे भाजपा के 370 और 400 पार वाले लक्ष्यों को ठेस पहुंच सकती है, क्योंकि भाजपा उत्तरी भारत में ही शानदार जनादेश के भरोसे है। दक्षिण, पूर्व, पश्चिम में सब कुछ अनिश्चित है। हालांकि मध्यप्रदेश में 67.76 फीसदी मतदान हुए, लेकिन ये 7.31 फीसदी कम रहे। क्या मतदाताओं में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को जनादेश देने का उत्साह और जुनून कम हो गया है? पूर्वोत्तर में दो विरोधाभास उभर कर सामने आए हैं। मणिपुर में हिंसा के बावजूद 72.17 फीसदी लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया, लेकिन टूटी ईवीएम, लुटे बूथ, फटी वीवीपैट पर्चियों के चित्र मणिपुर में ही देखे गए हैं, जिनसे मतदान के दौरान हालात के अनुमान लगाए जा सकते हैं। पूर्वोत्तर में ही नागालैंड राज्य में 4 लाख मतदाताओं से अधिक, राज्य के करीब 30 फीसदी वोटरों ने, 6 जिलों की 20 विधानसभा सीटों पर, बहिष्कार के कारण एक भी वोट नहीं डाला। वे अधिक स्वायत्तता वाले अलग क्षेत्र की मांग करते रहे हैं और केंद्र सरकार फिलहाल उसमें नाकाम रही है, लिहाजा उन्होंने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था। फिर भी 56.91 फीसदी मतदान हुआ। बेशक 2019 की तुलना में वह 26 फीसदी कम रहा। मणिपुर में भी 10.52 फीसदी मतदान कम हुआ। समग्रता में देखें, तो आम चुनाव के प्रथम चरण में 16 करोड़ से अधिक मतदाताओं को मताधिकार का इस्तेमाल करना था, लेकिन 6.12 करोड़ भारतीयों ने वोट ही नहीं डाले। यह चुनाव के प्रति उदासीनता है या मतदाताओं को चुनाव दिशाहीन, अर्थहीन लगते हैं? यह सोच लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ भी है। जितना मतदान किया गया है, वह न तो सरकार के खिलाफ माना जा सकता है और न ही विपक्ष को चुनने के प्रति उत्साही और उत्सुक लगता है।

## आकषर्ण समाज के हर वर्ग में हैं...

अवधेश कुमार

इस समय लोक सभा चुनाव को लेकर कई तरह के मत हमारे सामने आ रहे हैं। सबसे प्रबल मत यह है कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अपने सहयोगी दलों के साथ तीसरी बार भारी बहुमत से सरकार में लौट रही है। कुछ लोग प्रधानमंत्री के 370 भाजपा के और सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें मिलने तक की भी भविष्यवाणी करने लगे हैं। दूसरी ओर, विपक्ष इसे खारिज करते हुए कहता है कि भाजपा चुनाव हार रही है और वह 200 सीटों से नीचे चली पाएगी। विपक्ष भाजपा की आलोचना करती है, नरेन्द्र मोदी पर सीधे प्रहार भी करती है, पर अपने समर्थकों और भाजपा विरोधियों के अंदर भी विश्वास नहीं दिला पाती कि वाकई वह भाजपा से सत्ता छीनने की स्थिति में चुनाव लड़ रहे हैं। आईएनडीआईए गठबंधन (इंडिया) की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस से नेताओं के छोड़कर जाने का कायम सिलसिला इस बात का प्रमाण है कि पार्टी के अंदर कैसी निराशा और हताशा है। तो फिर इस चुनाव का सच क्या हो सकता है? आखिर 4 जून का परिणाम क्या तस्वीर पेश कर सकता है? इस चुनाव की एक विडंबना और है। भाजपा के नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों का एक वर्ग स्वयं निराशाजनक बातें करता है। व्यक्तिगत स्तर पर मेरी ऐसे अनेक लोगों से बातें होती हैं, जो चुनाव में जमीन पर हैं या वहां होकर लौट रहे हैं। इनमें ऐसे लोगों की संख्या बड़ी है जिनमें उत्साह या आशावाद का भाव न के बराबर मिलता है। वे बताते हैं कि जैसी दिल्ली में या बाहर हवा दिखती है धरातल पर वैसी स्थिति नहीं है। जब उनसे प्रश्न करिए कि धरातल की स्थिति क्या है तो सबके उत्तर में कुछ सामान बातें समाहित होती हैं, गलत उम्मीदवार के कारण लोगों के अंदर गुस्सा या निराशा है, गठबंधन को सीट देने के कारण अपने लोगों के अंदर निराशा है, गठबंधन ने ऐसे उम्मीदवार खड़े किए हैं जिनका बचाव करना या जिनके लिए काम करना भाजपा के कार्यकताओं के लिए कठिन हो गया है आदि। कुछ लोग अनेक क्षेत्रों में जातीय समीकरण की समस्या का उल्लेख भी करते हैं। एक समूह यह कहता है कि आम कार्यकताओं और नेताओं की सरकार में उपेक्षा हुई है, उनके काम नहीं हुए हैं, उनको महत्त्व नहीं मिला है और अब लोगों का धैर्य चूक रहा है। यहां तक कि जिस तरह के लोगों को पुरस्कार, पद, प्रतिष्ठा या टिकट दिया गया है उनसे भी लोग असहमति व्यक्त करते हैं। भाजपा कार्यकताओं समर्थकों के साथ विपक्ष की बातों को मिला दिया जाए तो निष्कर्ष यही आएगा कि भले भाजपा 400 पार का नारा दे, लेकिन यह हवा हवाई ही है। किंतु क्या यही 2024 लोक सभा चुनाव की वास्तविक स्थिति है? यह बात सही है कि अनेक राज्यों, जिनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल आदि को शामिल किया जा सकता है वहां पार्टी के अंदर कई जगह उम्मीदवारों को लेकर विरोध है। कुछ उपयुक्त लोगों को टिकट न मिलना तथा ऐसे सांसदों को फिर से उतारना जिनको लेकर कार्यकर्ता नाराजगी प्रकट करते रहे हैं विरोध का एक बड़ा कारण है। साथी दलों ने भी भाजपा के लिए समस्याएं पैदा की है। उदाहरण के लिए बिहार में लोजपा ने ऐसे उम्मीदवार उतारे जो परिवारवाद का साक्षात प्रमाण है और भाजपा के लोगों के लिए इनका बचाव करना कठिन है। कुछ साथी दलों ने प्रभाविता और साक्षमता की जगह व्यक्तिगत संबंध और परिवार को टिकट देने में प्रमुखता दिया। बिहार के जमुई में प्रधानमंत्री मोदी स्वयं प्रचार के लिए गए और वहां भाजपा के लोगों ने पूरी ताकत लगाई। इसका असर भी हुआ। बावजूद यह प्रश्न किया जा रहा है कि किसी नेता के बहनोई या 26 साल की एक लड़की को, जिसके पिता साथी दल में नेता हैं उनको हम अपना नेता या प्रतिनिधि मानकर कैसे काम करें? स्वर्गीय रामविलास पासवान की राजनीति परिवार के इर्द-गिर्द सिमटी रही। जद (यू) की ओर से भी ऐसे कई उम्मीदवार हैं, जिन्हें भाजपा और राजग के परंपरागत कार्यकर्ता और समर्थक स्वीकार नहीं कर रहे। भाजपा के भी कुछ ऐसे उम्मीदवार हैं, जिनके बारे में नेता कार्यकर्ता कह रहे हैं कि हम पर उन्हें थोप दिया गया है। झारखंड में भी बाहर से लाकर टिकट देने और ऐसे उम्मीदवार को खड़ा करने, जिनको भाजपा पहले नकार चुकी हो समस्या पैदा कर रही है। किंतु इसका यह अर्थ नहीं कि 4 जून का परिणाम भी इसी के अनुरूप आएगा। यह सही है कि अगर भाजपा और राजग में उम्मीदवारों के चयन में ज्यादा सतर्कता बरती जाती, स्थानीय नेतृत्व के चयन की सही तरीके से जांच होती तो स्थिति पूरी तरह वैसी ही उत्साहप्रद होती जैसी चाहिए। बावजूद देशव्यापी व्याप्त अंतधार्रा क्या है? 10 वर्षों की नरेन्द्र मोदी सरकार का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री की स्वयं की छवि, वर्षों तक संगठन परिवार द्वारा हिंदू समाज के बीच किए गए सकारात्मक कार्य, 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, विरोधियों द्वारा हिन्दुत्व को लेकर उपेक्षा या प्रहार का व्यवहार तथा अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों का वोट लेने के लिए विपक्षी दलों की प्रतिस्पर्धा भाजपा के पक्ष में ऐसा आधार बनाती है जिसका कोई विकल्प नहीं। भाजपा के समर्थकों में एक बड़ा वर्ग विचारधारा के कारण जुड़ाव रखता है और पिछले कुछ वर्षो के कायरे के कारण हिन्दुओं के अंदर हिन्दुत्व एवं भारतीय राष्ट्रभाव की चेतना प्रबल हुई है। वह बहस करते हैं कि आखिर भाजपा नहीं होती तो क्या अयोध्या में राम मंदिर बनता और ऐसी प्राण प्रतिष्ठा होती? वे धारा 370 से लेकर समान नागरिक संहिता, तीन तलाक कानून, नागरिकता संशोधन कानून आदि की चर्चा करते हैं। नागरिकता संशोधन कानून का तो आईएनडीआईए के ज्यादातर दलों ने विरोध किया है। उन्हें लगता है कि घातक अल्पसंख्यकवाद पर अगर किसी पार्टी की सरकार द्वारा नियंत्रण लगा है तो भाजपा ही है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रभावों के कारण जिन माफियाओं पर सरकारें उनके समुदाय के कारण हाथ डालने से बचती थी, वे मटियामेट हुए हैं, सड़कों पर नमाज पढा बंद हुआ है। स्वाभाविक ही उन्हें लगता है कि आने वाले समय में कोई पार्टी अगर इन सब पर काम कर सकती है तो वह भाजपा ही है। दूसरी ओर सामाजिक न्याय एवं विकास को मोदी सरकार ने जिस तरह से व्यावहारिक रूप दिया है उसका बड़ा आकर्षण समाज के हर वर्ग में है।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बढ़ते का परिदृश्य

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढे से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी। गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गांवों में फ्रिज, दोपहिया वाहन और टीवी की खरीददारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है, उनमें कृषि भी प्रमुख है।





डा. जयंतीलाल भंडारी
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढे से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढे से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी। गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गांवों में फ्रिज, दोपहिया वाहन और टीवी की खरीददारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है, उनमें कृषि भी प्रमुख है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है।

सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि, रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहां एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभान्वित हो रहे हैं। जहां कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुठ्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमरीका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुठ्ठियों में आए हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूंकि देश में मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, अतएव इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढे के रूप में रेखांकित हो रहा है। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढकर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण नियातों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढकर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन अनाज का प्रसंस्करण, चार मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के यह भी उल्लेखनीय हैं कि इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुठ्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभान्वित हो रहा है। यह बात महत्वपूर्ण है कि फरवरी 2024 में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के स्थायी समाधान के लिए जिस तरह प्रभावी पहल की, उसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ा पाए।

ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियां बनाते हुए खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक भंडारण की सुविधा से कृषि और ग्रामीण विकास के अभियान को आगे बढ़ा सकेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की जिस सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। ऐसे में नई खाद्यान्न भंडार योजना के माध्यम से देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभूतपूर्व खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था नए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुआयामी उपयोगिता देते हुए दिखाई देगी। हम उम्मीद करें कि लोकसभा चुनाव के बाद गठित होने वाली नई सरकार कृषि एवं ग्रामीण विकास के साथ-साथ कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे किसानों व ग्रामीण भारत के चेहरे पर मुस्कुराहट बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी। इस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि में व्यापक विकास के आसार हैं।

# जनता किस पार्टी के साथ जायेगी - 4 जून को मतगणना होने के बाद ही पता चलेगा

तृणमूल कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में इंडी गठबंधन के हिस्से के रूप में केन्द्र में तृणमूल की सरकार बनने पर सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) को रद्द कर देगी। साथ ही एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) की प्रक्रिया रोक दी जायेगी। तृणमूल कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लागू नहीं करने का वादा किया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में भारत को मैनुफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, 3+ करोड़ और पक्के मकान बनाने, घर-घर पाइप से सस्ती रसोई गैस पहुंचाने, पीएम सूर्यघर योजना से बिजली बिल जीरो करने, गगनयान की सफलता से अंतरिक्ष में नया इतिहास रचने, देश में बुलेट ट्रेन लाने, बुजुर्गों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज सुविधा देने जैसे वादे कर रहे है। तृणमूल कांग्रेस ने घोषणा पत्र में सरकार बनने पर मनरेगा के तहत मानदेय 400 रुपये करने, सभी बीपीएल परिवारों को एक साल में 10 सिलेंडर मुफ्त देने, दुआरे राशन स्कीम को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने और प्रत्येक राशन कार्ड धारक को उनके निवास स्थान पर पांच किलो मुफ्त राशन पहुंचाने





जितेन्द्र कुमार सिन्हा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार है

लोकसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियों ने अपना अपना घोषणा पत्र जारी किया है। घोषणा पत्र में सभी पार्टियों ने केन्द्र में उनकी सरकार बनने पर इसे लागू करने की बात कही है। तृणमूल कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में इंडी गठबंधन के हिस्से के रूप में केन्द्र में तृणमूल की सरकार बनने पर सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) को रद्द कर देगी। साथ ही एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) की प्रक्रिया रोक दी जायेगी। तृणमूल कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लागू नहीं करने का वादा किया है।

वहीं भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में भारत को मैनुफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, 3+ करोड़ और पक्के मकान बनाने, घर-घर पाइप से सस्ती रसोई गैस पहुंचाने, पीएम सूर्यघर योजना से बिजली बिल जीरो करने, गगनयान की सफलता से अंतरिक्ष में नया इतिहास रचने, देश में बुलेट ट्रेन लाने, बुजुर्गों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज सुविधा देने जैसे वादे कर रहे है।

तृणमूल कांग्रेस ने घोषणा पत्र में सरकार बनने पर मनरेगा के तहत मानदेय 400 रुपये करने, सभी बीपीएल परिवारों को एक साल में 10 सिलेंडर मुफ्त देने, दुआरे राशन स्कीम को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने और प्रत्येक राशन कार्ड धारक को उनके निवास स्थान पर पांच किलो मुफ्त राशन पहुंचाने, 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को 1000 रुपये प्रति माह पेंशन दने, सभी नागरिकों को 10 लाख रुपये तक का हेल्थ इंश्योरेंस कवर देंने, लक्ष्मी भंडार योजना को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने (जिसके तहत महिलाओं को एक निर्धारित मासिक राशि दी जायेगी), 25 वर्ष तक के सभी ग्रेजुएट और डिप्लोमा धारक युवाओं को मासिक स्टाइपेंड के साथ एक वर्ष की अप्रेंटिसशिप (किसी भी क्षेत्र में ट्रेनिंग) देने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को 10 लाख रुपये तक का स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की राशि तीन गुना बढ़ाने का वादे किए गए हैं।

वहीं कांग्रेस अन्य वादों के अलावा भारत के संविधान के अनुच्छेद 15, 16, 25, 28, 29 और 30 के तहत अल्पसंख्यकों को मिलने वाले मौलिक अधिकारों का आदर करेगी और उन्हें बरकरार रखेगी। अनुच्छेद 15 और 16 का विस्तार करेगी। 2025 से महिलाओं को विधान सभाओं में एक तिहाई आरक्षण देगी..।

राजद ने अपनी घोषणा पत्र में केन्द्र में एक करोड़ नौकरी देने, 500 रुपये में गैस सिलिंडर देने, गरीब परिवार की महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये की सहायता देने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने, 200 यूनिट फ्री बिजली देने, स्वामीनाथन रिपोर्ट की सिफारिश लागू करने, सेना में 4 वर्षीय अग्निवीर योजना को बंद करने. जैसे वादे किए गए है।

घोषणा पत्रों के मुख्य विंदुओं को देखने से यह संशय उत्पन्न होता है कि जनता का रूख किस ओर जायेगी यह कहना मुश्किल है। लेकिन यह तो कहा ही जा सकता है कि बुद्धिजीवियों के वर्ग जो वैश्विक विचार रखते हैं उनका रुख निश्चित ही भाजपा की ओर घूमेंगी। वहीं जिनका विचार संविधान से प्रेरित रहता है वे कांग्रेस की ओर, और जो आरक्षण पर विश्वास रखता है या मुफ्त सहायता चाहता है उनका रूख अन्य पार्टियों की ओर जायेगा। सात चरण में होने वाले चुनाव में पहली चरण का मतदान 19 अप्रैल को सम्पन्न हो गया है। शेष 6 चरण का मतदान 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को होगी। मुझे लगता है कि इस लंबी अवधि में मतदाताओं को पार्टियों की घोषणा पत्र को समझने का समय मिल जायेगा और ऐसी स्थिति में मतदान समाप्त होने तक पार्टियों की स्थिति में उतार चढ़ाव आयेगा और चुनाव परिणाम क्या होगा किस पार्टी की ओर जायेगा यह पहले चरण से सातवें चरण तक हुए मतदानों की गिनती 4 जून को होने पर ही पता चलेगा।

# चुनाव में फसूकर डालती रानी-महारानी....

राकेश अचल

अठारहवीं लोकसभा में जाने के लिए चुनाव लड़ रहे मध्यप्रदेश के राजा हों या महाराजा अपनी जीत को लेकर एकदम बेफिक्र नहीं हैं। इसीलिए राजा हों चाहे महाराजा उन्हें जिताने के लिए उनके बीबी-बच्चे तक चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे है। बुंदेलखंड में इसे फसूकर डालना भी कहते हैं। मध्यप्रदेश की 29 में से दो सीटें गुना और राजगढ़ इन दिनों सुर्खियों में है। गुना से सिंधिया राजघराने के प्रमुख केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव मैदान में है। 2019 में इसी सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में भाजपा ने उन्हें करारी शिकस्त दी थी और उनके पास से अजेय होने का तमगा छीन लिया था। 2024 में वे भाजपा के ही प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें जिताने की जिम्मेदारी भी भाजपा की ही है लेकिन ज्योतिरादित्य को शायद भाजपा के फौज-फांटे पर यकीन नहीं है इसलिए उन्होंने अपने चुनाव प्रचार में अपनी पत्नी महारानी श्रीमती प्रियदर्शनी राजे , बेटे महाआर्यमन को भी मैदान में उतार दिया है। सिंधिया परिवार में मतदाताओं को लुभाने के लिए अपने परिजनों का इस्तेमाल करने की हालाँकि बहुत पुरानी परम्परा है। राजमाता विजया राजे सिंधिया के चुनाव में उनके बेटे माधवराव सिंधिया 1971 से पहले भीड़ को आकर्षित करने के लिए युवा महाराज के रूप में उतारे जाते थे। 1984 के चुनाव के बाद खुद माधवराव सिंधिया के चुनाव में उनकी पत्नी श्रीमती माधवी राजे और बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी चुनाव प्रचार में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। उस समय ज्योतिरादित्य सिंधिया की उम्र कुल १४ साल की थी। इस चुनाव में माधवराव सिंधिया ने भाजपा के दिग्गज नेता अटल बिहारी बाजपेयी को पराजित किया था। पिछले चुनाव में पराजय का सामना कर चुके ज्योतिरादित्य सिंधिया हालाँकि इस बार सत्तारूढ़ भाजपा के प्रत्याशी हैं किन्तु उन्हें भाजपा कार्यकताओं पर पूरा भरोसा नहीं है, क्योंकि भाजपा ने निवर्तमान सांसद केपी यादव का टिकिट काटकर उन्हें प्रत्याशी बनाया है। सिंधिया को यादवों में विद्रोह की आशंका है। इसीलिए उन्होंने गुना संसदीय क्षेत्र के आदिवासी बहुल इलाकों में अपनी पत्नी प्रियदर्शनी राजे और बेटे महाआर्यमन सिंधिया को मैदान में उतारा है। दोनों इलाके में दीवार लेखन से लेकर मतदाताओं से प्रत्यक्ष सम्पर्क करने में दिन -रात एक किये हुए हैं। सिंधिया परिवार के सदस्यों के प्रति इलाके के मतदाताओं में आकर्षण आज भी बरकरार है। आपको बता दूँ कि सिंधिया पिछले चुनाव में एक लाख बीस हजार वोटों से हारे थे। गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया की दादी राजमाता विजयाराजे सिंधिया ने 6 और पिता माधवराव सिंधिया ने 4 चुनाव जीते थे। खुद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना को लगातार चार बार जीता था। मध्यप्रदेश में दूसरा दिलचप चुनाव राजगढ़ में हो रहा है। यहां से कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। वे 31 साल बाद राजगढ़ वापस लौटे है। दिग्विजय सिंह ने यहां से पहला लोकसभा चुनाव 1984 में लड़ा था और आखिरी 1991 में। बाद में उनके भाई लक्ष्मण सिंह ने यहां से ४ चुनाव कांग्रेस के टिकिट पर और एक चुनाव 2004 में भाजपा के टिकिट पर जीता था। 2009 के चुनाव में भी ये सीट कांग्रेस के पास ही थी लेकिन 2014 और 2019 के आम चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस से ये सीट छीन ली थी। अब यहां से कांग्रेस के दिग्विजय सिंह का मुकाबला भाजपा के वर्तमान सांसद रोडमल नागर से है। दिग्विजय सिंह के चुनाव प्रचार में उनका बेटा जयवर्धन सिंह अपने आठ साल के बेटे के साथ मैदान में था। पौत्र के चुनाव प्रचार पार उँगलियाँ उठीं तो अब दिग्विजय सिंह की पत्नी श्रीमती अमृता सिंह खुद मैदान में आ गयीं है। वे पुरानी पत्रकार रहीं है और उन्होंने दिग्विजय सिंह के साथ नर्मदा परिक्रमा में भी हिस्सालिया था। राजगढ़ भी आदिवासी बहुल इलाका है। यहां भी राघौगढ़ राज घराने के प्रति आकर्षण है। खुद राजगढ़ एक जागीर है इसलिए यहां सामंती सोच अभी बरकरार है।

# विधि व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था को लेकर डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता




छपरा। लोकसभा आम चुनाव की प्रक्रिया के तहत विभिन्न निर्धारित महत्वपूर्ण अवसरों पर सामान्य विधि व्यवस्था एवं सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ० गौरव मंगला ने आज विभिन्न संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। बताया गया कि जिला में बेहतर यातायात व्यवस्था के उद्देश्य से दो दिन पूर्व भारी वाहनों के परिचालन का रूट एवं समय को रेगुलेट करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को इसका अनुपालन कराने हेतु महत्वपूर्ण दिशा निदेश दिये गए हैं। सभी संबंधित पदाधिकारियों को फिलहाल 7 दिनों के लिये लिये गये इस प्रायोगिक निर्णय को प्रभावी बनाने का निदेश दिया गया। सीसीए के तहत पारित आदेश के आलोक में जिस भी व्यक्ति द्वारा संबंधित थाने में निर्धारित तिथि को अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जायेगी, उनके विरुद्ध समाहर्त्ता द्वारा वारंट निर्गत किया जायेगा। जिन शस्त्र अनुज्ञप्ति धारकों द्वारा अपने शस्त्रों का सत्यापन अभी तक नहीं कराया गया है, उनकी नाम-पता सहित सूची उपलब्ध कराने का निदेश सभी थाना प्रभारी को दिया गया। इन लोगों के शस्त्र लाइसेंस को नियमानुसार रद्द/निलंबित करने की कार्रवाई की जायेगी। शस्त्र दुकानों के भौतिक सत्यापन के क्रम में उनसे अनुज्ञप्ति धारकों को बेचे गए कारतूस की जानकारी ली जा रही है। जिसका सत्यापन सभी संबंधित क्रेताओं से किया जा रहा है। सत्यापन में कोई भी भिन्नता पाये जाने पर ऐसे शस्त्रों को नियमानुसार जमा कराने/जप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। नामांकन हेतु सारण एवं महाराजगंज के लिये निर्धारित तिथियों एवं अवधि में समाहरणालय परिसर के दोनों तरफ थाना चौक एवं म्युनिसिपल चौक के बीच सामान्य यातायात अवरुद्ध रहेगा। नामांकन हेतु आने वाले प्रत्याशी दोनों चौक से आगे समाहरणालय के प्रवेश द्वार तक अधिकतम 3 वाहन के साथ आ सकते हैं। समाहरणालय के प्रवेश द्वार से पैदल निवार्ची पदाधिकारी के कक्ष तक जायेंगे। निवार्ची पदाधिकारी के कक्ष में प्रत्याशी सहित अधिकतम 5 व्यक्ति प्रवेश कर सकेंगे। प्रत्याशी या उनके साथ आने वाले विशिष्ट व्यक्ति को दी गई निर्धारित श्रेणी की सुरक्षा के तहत अनुमान्य सुरक्षा पदाधिकारी/कर्मी उनके साथ समाहरणालय परिसर में प्रवेश कर सकेंगे। नामांकन के अवसर पर प्रभावी की जाने वाली व्यवस्था को लेकर बैरिकेडिंग एवं ड्रॉप गेट को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी छपरा सदर को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सारण लोकसभा के लिये 26 अप्रैल से 3 मई की अवधि में 27अप्रैल, 28 अप्रैल एवं 1 मई को छोड़कर शेष दिन प्रातः11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। महाराजगंज लोकसभा के लिये 29 अप्रैल से 6 मई की अवधि में 1 एवं 5 मई को छोड़कर शेष तिथियों को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। ईवीएम एवं कर्मियों के डिस्पैच के अवसर पर भी विधि व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निदेश दिया गया। बैठक में नगर आयुक्त, उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत, विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी आदि जुड़े थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अग्निकांड में कई झोपड़ियां जलकर हुई राख

दरियापुर। डेरनी थाना क्षेत्र के विश्वंभरपुर गिरी टोला में हुई अग्निकांड में आधा दर्जन झोपड़ी तथा भुसौल जलकर राख हो गई। वहीं झोपड़ी में बांधी गई गाय बछड़ा की भी जलने से मौत हो गई।पीड़ितो में बालेश्वर भारती,शैलेंद्र गिरी,बिगन गिरी,लगनदेव गिरी तथा आनंद गिरि शामिल है।घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर अचानक एक झोपड़ी में आग लगी और देखते ही देखते तेज हवा के साथ आग फैलकर लगभग आधा दर्जन झोपड़ी एवम कई भूसौल को अपने चपेट में ले लिया।हालांकि आग की खबर फैलते ही ग्रामीणों ने मोटर तथा ट्यूबवेल की मदद से आग पर काबू तो पा लिया, लेकिन तब तक कई भुसौल में रखे भूसा और गेहूं जलने के साथ ही एक गाय बछड़ा की भी जलकर मौत हो गई।वही राजस्व कर्मचारी के द्वारा मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया जा रहा था।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

दरियापुर। डेरनी थाना क्षेत्र के अचलपुर चंवर स्थित सुल्तानपुर-अचलपुर पथ पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से के युवक की मौत हो गई।मृतक अचलपुर निवासी रामनरेश राम का 37 वर्षीय पुत्र प्रमोद कुमार राम बताया जाता है।घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार मृतक रविवार की देर शाम सुल्तानपुर बाजार से सब्जी लेकर पैदल घर वापस आ रहा था।इसी बीच किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।जिसके उपरांत ग्रामीणों की नजर पड़ने के पर पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया गया।मृतक दो भाइयों में बड़ा था।वही दो लड़की तथा एक लड़का है।परिवार के जीवन यापन के लिए शहर में मजदूर का काम करता था।घटना के उपरांत पत्नी पूजा देवी समेत पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

### अगलगी की घटना में हजारों का सम्मान जलकर हुआ राख

परसा।नगर पंचायत परसा बाजार वार्ड 11 के पोझी गांव में अचानक दलान में आग लग गई. जिसमें रखे गेहूँ कपड़ा बर्तन समेत हजारो का सम्मान जलकर राख हो गया. अग्नि पीड़ित पोझी गाव निवासी धुरेन्द्र राय ने बताया कि रविवार की देर रात दलान में सोए हुए थे कि अचानक आग लग गई.वही ग्रामीणों के सहयोग से चापाकल पम्पइसेट लोटा बाल्टी से काफी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया.आग पर काबू पाया जाता तबतक सारे सम्मान जलकर राख हो गया.इस दौरान एक गाय बाल बाल बच गया.घटना की सूचना सीओ को दिया गया है

### आग लगने से पांच व्यक्तियों का घर जलकर राख

बेतिया(घनश्याम)।बैरिया थाना क्षेत्र के बैरिया पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर दस में रविवार के रात्रि अचानक आग लग जाने से पांच व्यक्तियों का घर जलकर राख हो गया जिसमें लाखों की संपत्ति जलकर खाक हुई है रविवार की रात्रि आग प्रमोद मुखिया के बगला से लगा और बिंदा मुखिया ,प्रमोद मुखिया, योद्धा मुखिया, लालू मुखिया, हीरा मुखिया, के घर जलकर खाक हो गया हालांकि आग कैसे लगा यह स्पष्ट नहीं हो रहा है ग्रामीणों के द्वारा काफी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया गया हालांकि अग्नि शामक की गाड़ी भी पहुंची एवं आग बुझाया गया।

# प्रधानमंत्री के पक्ष बिहार में अदभुत लहर : गोपाल नारायण सिंह



प्रात: किरण, संवाददाता

एकमा । भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद गोपाल नारायण सिंह ने बेगूसराय दरभंगा लोकसभा क्षेत्र का दौरा के पश्चात महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के एकमा विधानसभा क्षेत्र के एकमा के विमल रेडेसी रेस्टोरेंट में पार्टी कार्यकताओं के साथ एक बैठक की इस दौरान स्थानीय पत्रकारों से कहा कि बेगूसराय व दरभंगा में भाजपा प्रत्याशी से कोई लड़ाई नहीं है । वहां पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में अदभुत लहर दिख रहा है । राज्य के हर चौक चौराहे पर तथा विभिन्न प्रतिष्ठानों स्थान पर इस बात कि चर्चा हो रही है कि मोदी ही एक सख्त व्यक्ति है जो जाति बंधन से ऊपर उठकर सभी धर्म के लोगों के मान सम्मान दिलाने में कहीं से पीछा नहीं है । उनके दस सालों के कार्यकाल से देश ही नहीं पूरी दुनिया में भारत का नाम रौशन किया है । वहीं पिछड़े दलितों एवं किसानों के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजना चलकर उनका सम्मान बढ़ाया है। पत्रकारों ने सवाल किया कि अभी तक महागठबंधन की ओर से प्रत्याशी के नाम की घोषणा आज तक नहीं हुई। अन्य संभावित निर्दलीय प्रत्याशी कह रहे हैं कि सांसद सिग्रीवाल को हराने की बात कर रहे हैं। इस पर श्री सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने आप को जरूर से ज्यादा समझने लगे तो उसकी अहंकार बोल रही है । इसके पश्चात रसूलपुर धानाडीह एक्सार योगिया आदि गांवों का दौरा कर पार्टी कार्यकताओं से मिलकर आगामी चुनाव के लड़ाई लड़ने के लिए आह्वान किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष चैतेन्दर नाथ सिंह नगर अध्यक्ष पप्पू सिंह बलवंत सिंह चितरंजन सिंह ओम प्रकाश सिंह जितेंद्र कुमार मिश्रा आदि उपस्थित थे ।

# आपात बैठक कर सारण जिला वैश्य महासभा के अध्यक्ष पद से वीरेंद्र साह को किया गया पदमुक्त



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण जिला वैश्य महासभा की आपात बैठक कर अध्यक्ष वीरेंद्र साह को अध्यक्ष पद से पदमुक्त किया गया। सुपन प्रसाद बिहारी की अध्यक्षता में प्रदीप कुमार गुप्ता के निवास स्थान कटहरी बाग में वैश्यों की आपात बैठक की गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि अध्यक्ष पद पर रहते हुए वीरेंद्र साह मुखिया ने पद का दुरुपयोग किया है। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि अध्यक्ष पद से वीरेंद्र साह मुखिया को पदमुक्त किया जाएँ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुपन प्रसाद बिहारी ने कहा कि तत्काल प्रभाव से वर्तमान अध्यक्ष को सर्व सहमति से पद मुक्त किया गया है। जल्द हीं चुनाव कर नए अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। बैठक का संचालन श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। बैठक में सुपन प्रसाद बिहारी को सर्व सम्मति से कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया। श्याम बिहारी अग्रवाल ने बताया वैश्य समुदाय ने किसी भी राजनीतिक पार्टी को अपना समर्थन अभी तक नहीं दिया है। जहाँ तक समर्थन की बात है आम सभा बुलाकर सर्व सम्मति से समर्थन की घोषणा की जाएँगी। सारण जिला वैश्य महा सभा के जिला महासचिव छट्ठी लाल ने कहा व्यक्ति से बढ़कर समाज है। कोई व्यक्ति चाह कर भी समाज को नही बेच सकता। वैश्य समाज चट्टानी एकता के साथ खड़ा है। वैश्य समाज ने समय समय अपना निर्णय समाज के हित में लिया है। जिस निर्णय को दूसरे समाज के लोगो ने भी सराहा है। इस अवसर पर बैठक में गंगोत्री प्रसाद अधिवक्ता, छठी लाल प्रसाद, श्याम बिहारी अग्रवाल, धर्मेंद्र साह, शत्रुघ्न प्रसाद गुप्त, धर्मनाथ पिंटू, वरुण प्रकाश, मनीष कुमार जायसवाल, देवेश कुमार, जय प्रकाश गुप्ता, पिंटू कुमार गुप्ता, राजेश फैशन, ददन प्रसाद, संजीव कुमार, राजेश कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, राजेश नाथ प्रसाद, संजय कुमार आर्या, राज कुमार, सर्वेश कुमार, अजीत कुमार स्वर्णकार, सुजीत कुमार मोर, सुनील कुमार ब्याहुत आदि उपस्थित हुए।

# विचाराधीन कैदी की इलाज के दौरान मौत, घर में पसरा मातम, शराब तस्करी मामले में हुआ था गिरफ्तार



प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह। बेतिया जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध मौत हों गई। इस घटना के बाद जेल प्रसाशन में भी हड़कंप का माहौल है। हालांकि, इस कैदी की मौत की वजह बीमारी बताई जा रही है। उसे पुलिस ने शराबबंदी कानून के उल्लंघन मामले में गिरफ्तार किया था। न्यायिक हिरासत में ही उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बेतिया मंडल कारा में जिस विचाराधीन कैदी की मौत हुई उसे शराब की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मृतक मझौलिया थाना इलाके का रहना वाला बताया जा रहा है। उसे तबियत बिगड़ने के बाद अस्पताल में एडमिट कराया गया था। लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद जेल प्रसाशन में भी हड़कंप का माहौल है। बताया जा रहा है कि इस कैदी को विगत 18 अप्रैल को मुफस्सिल थाने के पुलिस ने 12 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया था। 19 अप्रैल को मुफस्सिल थाना की पुलिस ने जीएमसीएच में उसकी मेडिकल जांच कराकर उसे बेतिया मंडल कारा भेज दिया था। जहां उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद फिर उसका मंडल कारा बेतिया के डॉक्टर से प्राथमिक उपचार कराया गया। जिसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी तबियत कुछ ठीक होने के बाद उसे विगत 20 अप्रैल को बेतिया मंडल कारा लाया गया था। जहां फिर से उसकी स्थिति बिगड़ने लगी। रविवार की सुबह इस कैदी को फिर से मंडल कारा द्वारा बेतिया जीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

# मां की हत्या करने के आरोप में पुत्र को आजीवन कारावास एवं अर्थ दंड

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कोर्ट। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एकादश राजेश कुमार त्रिपाठी ने मढ़ौरा थाना कांड संख्या 865/20 के सत्र वाद संख्या संख्या 421/ 22 ने अपनी सगी मां की हत्या कर देने के मामले में मढ़ौरा थाना के गौरा ओ पी के नरहरपुर बसंत गांव निवासी विकास कुमार सिंह को अंदर दफा 302 भा द वी के अंतर्गत आजीवन कारावास और अर्थ दंड की सजा सुनाई है। मृतक इंदु देवी के पति सुदामा सिंह ने 10 अक्टूबर 2020 को प्राथमिकी की दर्ज कराई थी जिसमें उन्होंने दर्शाया था कि 10 अक्टूबर की रात्रि में वे अपनी पत्नी इंदु देवी के साथ बैठकर बातचीत कर रहे थे उसी समय उनका छोटा लड़का विकास कुमार सिंह शराब पीकर घर पर आया और आकर गाली गलौज करने लगा मना करने पर अपनी मां को फैट मुक्का से मरने लगा और सूचक के साथ भी मारपीट किया तभी पुत्र ने हाथ में लाठी लेकर अपनी मां की जान मारने की नीयत से उस पर वार कर दिया। चोट के कारण उनकी पत्नी वहीं बेहोश होकर गिर गई और घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक गिरीश नंदन प्रसाद सिंह एवं उनके सहयोगी जैनेंद्र कुमार सिंह तथा सुधांशु कुमार सिंह ने न्यायालय में अभियोजन का पक्ष न्यायालय में रखा और डॉक्टर तथा अनुसंधान कर्ता सहित 6 लोगों की गवाही न्यायालय में कार्रवाई ।पुलिस ने 10 दिसंबर 2020 को अंतिम प्रपत्र न्यायालय में समर्पित कर दिया था।

# विहिप की बैठक में हुई चर्चा



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। विश्व हिन्दू परिषद की बैठक जिला अध्यक्ष सुमित कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय रामबाग बैंक्वेट , उत्तरी दहियावॉ टोला , छपरा में संपन्न हुई । बैठक में मुख्य रूप से मंगलवार को होने वाले हनुमान जयंति समारोह पर चर्चा हुई । इस अवसर पर जिला मंत्री वसंत कुमार सिंह ने बताया कि इस बार भी संगठन हनुमान जयंती पूरे धूम धाम से स्थानीय धर्मनाथ धनी मंदिर परिसर में मनाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील कर कहा कि सभी को हनुमान जयंति के दिन हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए । आगे जिला सेवा प्रमुख गौतम बंसल ने बताया कि इस बार कार्यक्रम संध्या 5 बजे से शुरू होगा । सबसे पहले बजरंग दल द्वारा अखाड़ा पूजा किया जाएगा, उसके बाद सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ होगा और अंत में प्रसाद वितरण किया जाएगा । उन्होंने शहर के सभी सनातनियों को इस अवसर पर आने का आमंत्रण भी दिया । बैठक में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष विनोद सिंह, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख प्रभात सिंह, जिला अखाड़ा प्रमुख अनिमेष पटेल सत्या , प्रदीप गुप्ता , छठ्ठिलाल , करण, आशीष आदि लोग उपस्थित थे।

# पुलिस कस्टडी में महिला ने की आत्महत्या

प्रात: किरण, संवाददाता




बेतिया(मोहन सिंह)। बेतिया में पुलिस कस्टडी में एक महिला ने आत्महत्या कर लिया ।महिला कों हाजत के बजाय महिला पुलिस बैरक में रखा गया था।पुलिस की बड़ी लापरवाही से महिला की जान चली गई वही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया । घटना शिकारपुर थाना का हैं। बता दे की रविवार को शिकारपुर थाना पुलिस एक विवाहिता के हत्याकांड में उसकी सास संभा देवी कों गिरफ्तार किया था जिसे सोमवार को जेल भेजा जाना था। मृत महिला संभा देवी शिकारपुर थाना क्षेत्र के महुअवा गांव की रहने वाली थी। इस पुरे मामले में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई हैं।महिला कों हाजत के बजाय महिला पुलिस बैरक में रखा गया था जंहा महिला ने दरवाजा बन्द कर साड़ी कों फंदा बना पंखा से लटक जान दे दी।वही दरवाजा तोड़ पुलिस ने शव कों कब्जे में ले आगे की कार्यवाही कर रही हैं। घटना के बाद से पुलिस के कार्यशैली पर सवाल उठ रहें हैं।गिरफ्तार महिला कों हाजत के बजाय क्यों महिला पुलिस बैरक में रखा गया था? पुलिस पर सवाल खडे हो रहें हैं इस पुरे प्रकरण में बेतिया एसपी अमरकेश डी ने बताया की महिला कों उसके बहु के हत्या मामले गिरफ्तार कर लाया गया था। तबियत कल खराब हुई थी इसलिए उसे पुलिस महिला बैरक में रखा गया था जंहा उसने आत्महत्या कर ली हैं।वंही नरकटियागंज के अनुमंडलिय अस्पताल के प्रभारी डॉ गोविन्दचंद्र ने बताया की जब महिला कों पुलिस के द्वारा अस्पताल लाया गया लेकिन वह मर चुकी थी शव कों पुलिस कों सौप दिया गया।

# मूल्यांकन कार्य का कुलपति ने किया निरीक्षण



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेई ने सोमवार को विश्वविद्यालय के परीक्षा भवन में चल रहे स्नातक प्रथम खंड परीक्षा सत्र 2021-24 के मूल्यांकन कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने मूल्यांकन कार्य कर रहे परीक्षकों से पूछा कि उनको कोई समस्या तो नहीं है। कुलपति ने स्पष्ट रूप से कहा कि नियमानुसार कॉपियों की जाँच हो और मूल्यांकन कार्य में शुचिता और पारदर्शिता का पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाय। इसके बाद कुलपति ने बहुद्देशीय परीक्षा भवन में अवस्थित स्नात्तकोत्तर विभागों का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग, अर्थशास्त्र विभाग, अंग्रेजी विभाग सहित अन्य विभागों का जायजा लिया। कुलपति ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित समय में कक्षाओं का नियमित तौर पर संचालन किया जाय। कक्षाओं में छात्र -छात्राओं की ज्यादा से ज्यादा उपस्थिति सुनिश्चित की जाय तथा सिलेबस को ससमय पूर्ण कर लिया जाय। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार, समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. हरिशचंद भी मौजूद थे।

# पश्चिमी चंपारण जिले में आग का कहर जारी,20 एकड़ में लगी गेंहू की फसल सहित सैकड़ों घर जलकर राख



प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(मोहन सिंह)। पश्चिम चंपारण में अग्नि देव का तांडव लगातार जारी है।जिले के विभिन्न प्रखंडों में अगलगी की हुई घटनाओं में अब तक हजारों लोग बेघर हो चुके हैं जो पेड़ों के नीचे या तंबू में सर छुपाने को मजबूर हो गए हैं ।इतना ही नहीं उनका सब कुछ जलकर राख हो चुका है जिनका निवाला तक छिन चुका है। इसी कड़ी में सोमवार को दोपहर योगापट्टी प्रखंड अंतर्गत नवलपुर थाना के बलडीहा गाँव स्थित गेहूं की खेत में लगी लगी आग में देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और करीब 20 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

इस घटना से आसपास के गांव में कोहराम मच गया और हजारों लोग इकट्ठा हो गए तथा आग पर काबू पाने के लिए प्रयास करने लगे लेकिन उनका प्रयास पूरी तरह से असफल रहा। इस अग्नि कांड में लाखों रुपए की गेहूं जलकर नष्ट हो गई और 35 किसानों की गहरी कमाई पर पानी फिर गया।वही सूत्रों के अनुसार बीड़ी पीकर फेंकने से आग लगने की बात बताई जाती है।इस आरोप में ग्रामीणों ने चौबे टोला निवासी बुजुर्ग गौरीशंकर महतो एवं उनकी पत्नी को बुरी तरह पिटाई कर दी ।

वहीं इसी थाने के पिपरिया ग्राम में आग लगने से लगभग 100 घर जलकर राख हो जाने की खबर है। तेज हवा के कारण कुछ भी नहीं बचाया जा सका।इधर बैरिया थाना क्षेत्र के बैरिया पंचायत स्थित वार्ड नंबर बस में रविवार की रात्रि अचानक आग लग जाने से पांच लोगों के घर जलकर राख हो गई।ग्रामीणों द्वारा भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका जिसमें लाखों की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई।बताया जाता है कि आग प्रमोद मुखिया के बंगाल से लगा और बिंदा मुखिया प्रमोद मुखिया योद्धा मुखिया लाल मुखिया एवं हीरा मुखिया का घर जलकर राख हो गया।

# प्राकृतिक खेती करने वाले चार कृषकों को कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया सम्मानित




प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। पश्चिमी चंपारण जिले के मझौलिया कृषि विज्ञान अनुसंधान केंद्र माधोपुर में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर में ह्बदलते जलवायु परिद्दश्य में प्राकृतिक खेती और इसके महत्वह्व विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान जिले के प्राकृतिक खेती करने वाले चार कृषकों को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीएस पाण्डेय के द्वारा सम्मान पत्र, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों को भेंट स्वरूप प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। इसकी जानकारी माधोपुर अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक सह प्रधान डॉक्टर अभिषेक प्रताप सिंह ने देते हुए बताया कि सम्मान पाने वाले कृषकों में योगापट्टी प्रखंड के अनूप कुमार, नरकटियागंज प्रखंड के दीपेन्द्र दूबे, रामनगर प्रखंड के बच्चा सिंह तथा चनपटिया प्रखंड के बीरेंद्र यादव शामिल रहे। वहीं कुलपति के द्वारा कृषकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना की गई तथा उत्तरोत्तर प्रगति हेतु शुभकामना भी दिया गया। इस कार्यशाला में पूरे भारत के विभिन्न प्रांतों व विश्वविद्यालयों से आए कुलपति, वैज्ञानिक तथा प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक भी उपस्थित थे। सम्मानित हुए कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र, नरकटियागंज के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ आर पी सिंह, डॉ धीरु तिवारी, डॉ चेलपुरी रामुलु, डॉ जगपाल एवं डॉ रीता देवी तथा अन्य लोगों के द्वारा बधाई एवं शुभकामना दी।


### सिलेंडर से निकले आग से आधा दर्जन घर जले, लाखों की संपत्ति जली

बनियापुर। प्रखण्ड के पिठौरी गांव में अचानक सिलेंडर से आग पकड़ लेने से करीब आधा दर्जन घर जल गए, जिसमे लाखों का नुकसान हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पिठौरी गांव में सोमवार को दीनानाथ राउत के घर मे बेटे की शादी में कथा मटकोर की तैयारी चल रही थी।जिसमे गैस सिलेंडर पर प्रसाद वैगरह बन रहा था।इसी दरम्यान गैस सिलेंडर के लौ से अचानक आग पकड़ लिया।इसके बाद सिलेंडर ब्लास्ट कर गया।लोग जबतक समझ पाते तबतक आग अगल बगल के करीब आधे दर्जन घर आग की चपेट में आ गया। बाद में स्थानीय लोगों के सहायता से आग पर काबू पाया गया।लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच कर आग को बुझाया गया।घर मे शादी के लिए गहने एवम शादी के लिए अन्य सामान की खरीदारी हो गई थी।जो कि इस आगलगी में जलकर राख हो गया।दीनानाथ राउत के घर मे शादी के लिए कथा मटकोर का आयोजन हो रहा था।वहाँ लड़के की अगले दिन बारात जाना था।घर मे रखे सारे समान के जलने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# कार तथा बाइक की जोरदार टक्कर में एक युवक की हुई मौत, दो अन्य जख्मी

प्रात: किरण, संवाददाता

दाउदपुर। छपरा-सिवान मुख्य मार्ग (एनएच 531) पर नंदलाल सिंह कालेज जैतपुर के पश्चिम रक्षा बाबा ब्रम्ह स्थान के समीप कार तथा बाइक की जोरदार टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना रविवार की देर रात की बताई जाती है। मृत युवक की पहचान कोपा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव के हरेंद्र यादव का 17 वर्षीय पुत्र आकाश यादव के रूप में की गई है। जबकि जख्मी लोगों में कोपा थाना क्षेत्र रामनगर के टोला निवासी जितेंद्र राय का 24 वर्षीय पुत्र देव नारायण यादव तथा छपरा के भगवान बाजार थाना क्षेत्र के भरत मिलाप चौक के लालू राय के 25 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश कुमार शामिल हैं। बाद में घटना की सूचना मिलने के बाद गश्ती में निकले दाउदपुर थाने के एसआई शंकर प्रसाद अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और जख्मियों को उपचार के लिए एकमा पीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद सभी जख्मी युवकों को सदर अस्पताल छपरा भेज दिया जहा गंभीररूप से जख्मी आकाश यादव की रास्ते में ही मौत हो गई। इस मामले में मृतक के चाचा योगेंद्र यादव ने भगवान बाजार थाना के समक्ष दिए अपने फर्द बयान में बताया है की उसका भतीजा आकाश एक शादी समारोह में शामिल होने बाइक से एकमा जा रहा था तभी दाउदपुर थाना क्षेत्र के नंदलाल सिंह कालेज के समीप अनियंत्रित कार ने बाइक में टक्कर मार दिया जिसके कारण उनके भतीजे की मौत हो गई जबकि दो लोग जख्मी हो गए। जिनका उपचार चल रहा है।



# कल्कि 2898 एडी में अश्वत्थामा बने हैं अमिताभ

फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' से सुपरस्टार अमिताभ बच्चन का फर्स्ट लुक टीजर रिलीज हो चुका है। 1 मिनट के इस टीजर में अमिताभ, गुरू द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा के किरदार में नजर आ रहे हैं। 'मैं गुरू द्रोण का पुत्र अश्वत्थामा हूं' टीजर में अमिताभ एक छोटे बच्चे से बातचीत करते नजर आ रहे हैं, जो उनसे पूछ रहा है कि वो कौन हैं? यह बच्चा भगवान शिव की आराधना कर रहे अमिताभ के पास आकर खुद को इंट्रोड्यूस करता है। वह कहता है कि मैं राया हूं। आप कौन हैं? क्या यह एक मंदिर है? क्या आप भगवान हैं? उसे जवाब देते हुए अमिताभ कहते हैं- 'सुनो मेरा समय आ गया है। मेरे अंतिम युद्ध का समय आ गया है।' इसके बाद वह बच्चा पूछता है- आप हैं कौन? तब टीजर के अंत में अमिताभ कहते हैं- 'द्वापर युग से 10वें अवतार की प्रतीक्षा कर रहा मैं गुरू द्रोण का पुत्र अश्वत्थामा हूं।'

## डी-एजिंग टेक्नोलॉजी से यंग नजर आए अमिताभ

एक मिनट के इस टीजर का सबसे खास सीन वो है जिसमें अमिताभ बच्चन के यंग लुक को दिखाया गया है। इसी सीन को डी-एजिंग टेक्नोलॉजी के जरिए शूट किया गया है। इससे साफ है कि फिल्म में अमिताभ के किरदार अश्वत्थामा की बैक स्टोरी भी दिखाई जाएगी।

## प्रभास, दीपिका और कमल हासन भी नजर आएंगे

फिल्म में अमिताभ के अलावा प्रभास, कमल हासन, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। मेकर्स ने पिछले साल अमेरिका में हुए सैन डिएगो कॉमिक कॉन में इस फिल्म का टीजर रिलीज किया था।

## अनाउंस नहीं हुई नई रिलीज डेट

यह फिल्म कई भाषाओं में इस साल 9 मई को रिलीज होने वाली थी पर इसे पोस्टपोन कर दिया गया है। हालांकि, मेकर्स ने अब तक इसकी नई रिलीज डेट अनाउंस नहीं की है।बजट के लिहाज से देखें तो 600 करोड़ में बनी कल्कि 2898 एडी इस साल की सबसे महंगी फिल्म है। इसे तेलुगु सिनेमा के जाने-माने डायरेक्टर नाग अश्विन ने बनाया है।



# मैं फिल्मी ग्लैमर के मोह में कभी नहीं पड़ी

## घर-परिवार भी देखना चाहती हूं

अपनी पिछली वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग में ग्रे शेड वाली रईस बॉलीवुड डीवा का किरदार निभाने वाली रवीना टंडन अपनी हालिया ओटीटी फिल्म पटना शुक्ला में उससे बिल्कुल उलट एक नैतिकतावादी मिडिल क्लास पत्नी, मां और वकील के किरदार में दिखीं। ओटीटी पर अपने किरदारों के साथ खुलकर प्रयोग कर रहीं रवीना से हमने की खास बातचीत –

**नब्बे के दशक वाली रवीना के मुकाबले ओटीटी पर अपनी दूसरी पारी में आप कहीं ज्यादा विविधतापूर्ण किरदार निभा रही हैं। क्या इसकी वजह ये है कि अब आपको कुछ साबित नहीं करना, किसी रेस में नहीं भागना है?**

दरअसल, ये सोची-समझी कोशिश मैंने 2000 से ही शुरू कर दी थी। अगर आप मेरी फिल्मों की चॉइसेज देखेंगी, जब मैंने दमन, शूल, गुलाम ए मुस्तफा, सत्ता ये सब फिल्में शुरू कीं, उसकी वजह यही थी कि मैं अलग-अलग तरह के किरदार करना चाहती थी। खुशकिस्मती से उस समय भी मैं उन किरदारों को निभाने में सफल हुई। तब भी ऑडियंस ने मुझे कुबूल किया और अभी भी ऑडियंस का रिस्पॉन्स बहुत अच्छा रहा है।

**आपने हमेशा कहा है कि आपने कभी फिल्मों को आने का सपना नहीं देखा था, आपको कब ये अहसास हुआ कि सिनेमा आपका पैशन और प्यार है?**

सिनेमा पैशन और प्यार है, बिल्कुल ऐसा अहसास तो नहीं था लेकिन ये जरूर था कि काम करते-करते वक्त के साथ ये लगा कि ये वो चीज है जो मैं बेस्ट करती हूं और यहां मैं अपने को आगे बढ़ाते हुए देखना चाहती हूं। फिर वो आपकी जिंदगी बन जाता है। वैसे, मैंने हमेशा कोशिश की है कि मैं एक बैलेंस्ड जिंदगी जियूं। मैं अपने घर परिवार गृहस्थी को भी देखना चाहती हूं। मैं एक अच्छी मां, अच्छी पत्नी, अच्छी बेटी और अच्छी बहू भी बनना चाहती हूं और साथ ही मैं अपने काम में भी आगे बढ़ना चाहती हूं। हालांकि, मैंने बीच में कई बार इसे गिव अप किया है।

**फिल्म जगत का जो एक ग्लैमर होता है, उसका मोह आपको कभी नहीं रहा? जब काम नहीं कर रह रही थीं, तब सेट को मिस नहीं करती थीं?**

कभी नहीं। मुझे ये मोह कभी नहीं रहा, ना मैंने उसे कभी मिस किया। तब मैं वो चीजें करने में बिजी थी जो मैं करना चाहती थी। सबसे जरूरी बात ये थी कि वह मेरा फैसला था। जब मेरे बच्चे छोटे थे, तब मैंने वो ब्रेक लिया और मैं उसे लेकर बहुत खुश थी। मैं वो करना चाहती थी। जब वे छोटे थे तो उनका ख्याल रखना चाहती थी क्योंकि मेरा मानना है कि बच्चे के शुरुआती समय बहुत अहम होता है। वो उनकी नींव होती है।

**पटना शुक्ला में आपका किरदार तन्वी घर-बाहर दोनों जगह परफेक्ट ढंग से अपना काम करती है पर औरत होने के नाते उसकी कद्र देर से होती है। समाज में अमूमन यही होता है कि औरतें सब करती हैं पर उनकी कद्र नहीं होती है। इस पर आपकी क्या राय है?**

ये ऐसी सोच है जो सदियों से चली आ रही है। आजकल बेशक जागरूकता आ रही है। मेरी पिछली सीरीज आरण्यक में भी हमने इस मुद्दे को उठाया था कि ये बहुत जरूरी है कि बाकी घरवाले भी अपनी घर की महिलाओं की मदद करें। उनके सपनों को सपोर्ट करें क्योंकि कहीं न कहीं वे भी अपनी जॉब में आगे बढ़ना चाहती हैं। उनकी भी महत्वाकांक्षा है, सपने हैं तो घर में उनका भी हाथ बंटाया जाए ताकि वे भी अपने सपने पूरे कर सकें, अपने जॉब पर आगे बढ़ सकें।



# सिंकदर में सलमान खान के साथ नजर आ सकती हैं कियारा आडवाणी

सलमान खान की आने वाली फिल्म सिंकदर की कुछ समय पहले ही घोषणा हुई है। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा सलमान खान ने ईद के अवसर पर की थी। इसके बाद से सलमान खान की इस फिल्म को लेकर सिने गलियारों में काफी बज है। इस फिल्म की स्टारकास्ट का अभी तक निर्माताओं ने ऐलान नहीं किया है। फिल्मफेयर के अनुसार इस फिल्म में पहली बार सलमान खान के साथ कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। कियारा के इस फिल्म के पीछे जुड़ने का सबसे बड़ा कारण निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। कियारा साजिद की फिल्म सत्य प्रेम की कथा में नजर आ चुकी हैं। अभी कुछ दिन पहले ही अदाकारा कियारा आडवाणी को निर्माता साजिद नाडियाडवाला के दफ्तर के बाहर देखा गया। अदाकारा को साजिद नाडियाडवाला के घर के बाहर उस वक्त स्पॉट किया गया, जब इससे कुछ ही दिन पहले उन्होंने सलमान खान के साथ अपनी अगली फिल्म सिंकदर का धमाकेदार ऐलान किया था। इसके बाद से ही कयास लग रहे हैं कि कियारा आडवाणी सलमान खान के साथ सिकंदर में नजर आ सकती हैं।

# पति निक जोनास के साथ स्विट्जरलैंड में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं प्रियंका

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपने पति निक जोनास के साथ स्विट्जरलैंड में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। शनिवार को एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर स्विट्जरलैंड के क्रान्स-मोंटाना से अपनी हालिया छुट्टियों की तस्वीरें शेयर की। क्रान्स-मोंटाना स्विट्जरलैंड में वैलैस के कैंटन में सिएरे जिले में स्थित है।



तस्वीरों में एक्ट्रेस को अपनी छुट्टियों पर आराम करते देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने बर्फबारी और बर्फ से ढके पहाड़ों की कई तस्वीरें भी शेयर की। फोटोज में प्रियंका चोपड़ा को आरामदायक विंटरवियर पहने देखा जा सकता है। इससे पहले प्रियंका चोपड़ा जोनास ने अपने इंस्टाग्राम पर पुरानी और एक लेटेस्ट फोटो शेयर की थी। पहली तस्वीर उनकी मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद की थी, वहीं दूसरी तस्वीर हाल ही की थी।

# वांगा की फिल्मों के फीमेल कैरेक्टर्स की फैन मानुषी छिल्लर

एक्टर मानुषी छिल्लर हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आ रही हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपने फिल्मी सफर पर बात की। मानुषी ने बताया कि डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें फिल्म 'कबीर सिंह' में कियारा आडवाणी वाला रोल ऑफर किया था। मानुषी ने यह भी कहा कि वो वांगा के साथ काम करना चाहती हैं। एक इंटरव्यू में मानुषी ने कहा कि वो संदीप रेड्डी वांगा के काम को पसंद करती हैं। खास तौर पर संदीप जिस तरह अपनी फिल्मों में वुमन कैरेक्टर्स को पोट्रे करते हैं वो मानुषी को बहुत पसंद है। मानुषी ने फिल्म 'एनिमल' में निभाए रश्मिका मंदाना के किरदार की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'एक पूरी फिल्म जहां कई सारे आदमी एक दूसरे से लड़ रहे हैं। उसमें रश्मिका के कैरेक्टर ने अपनी स्पेस बनाकर रखी।'


## कॉन्ट्रैक्ट के चलते नहीं कर पाई 'कबीर सिंह'

इंटरव्यू में मानुषी ने यह भी बताया कि उन्हें फिल्म 'कबीर सिंह' में प्रीति का रोल ऑफर किया गया था। एक्ट्रेस ने कहा, 'हां, मुझे यह रोल ऑफर किया गया था पर मुझे बहुत बाद में पता चला कि इसमें मुझे शाहिद कपूर के अपोजिट कास्ट किया जाना था। हालांकि, उस दौरान मैंने मिस वर्ल्ड कॉन्टेस्ट जीता था और मैं एक साल के कॉन्ट्रैक्ट में थी इसलिए मैं फिल्म नहीं कर पाई।'

## 'तेहरान' में जॉन अब्राहम के साथ नजर आएंगी

मानुषी छिल्लर ने साल 2017 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था। इसके 5 साल बाद 2022 में उन्होंने अक्षय कुमार की फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। एक्ट्रेस इसके अलावा द ग्रेट इंडियन फैमिली और ऑपरेशन वैलेंटाइन जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। अपकमिंग फिल्म तेहरान में वो जॉन अब्राहम के साथ नजर आएंगी।





# जब तक दुनिया में राम का नाम है, तब तक रावण को याद करना पड़ेगा

**सिनेमाई पर्दे पर कई यादगार किरदार निभाने वाले एक्टर आशुतोष राणा इन दिनों रावण की भूमिका को लेकर चर्चा में हैं। दरअसल, गौरव भारद्वाज निर्देशित नाटक हमारे राम के इस किरदार से वह 22 साल बाद थिएटर में लौटे हैं। आशुतोष खुद इतने लंबे समय बाद रंगमंच में वापसी को लेकर रोमांचित हैं।**

## रामलीला में बंदर, अंगद, मेघनाद सब बना हूं

रामलीला से आशुतोष का पुराना नाता रहा है। वह कहते हैं, रामायण मेरा प्रिय विषय रहा है। हम रामलीला करते हुए बड़े हुए हैं। बचपन में बंदर, भालू, अंगद, मेघनाद, केवट जैसे कई किरदार निभाए हैं। तब रावण का किरदार करने की भी इच्छा थी, लेकिन उस वक्त हमारी उम्र, हमारी कद-काठी जैसी थी, उस वजह से हमारी रामलीला मंडली के लोग मुझे रावण जैसे परिपक्व, गरिमापूर्ण किरदार के लिए उपयुक्त नहीं मानते थे। अब जाकर मंच पर रावण को निभाने का मौका मिला। मुझे खुशी है कि मैंने राम कथा से ही मंच पर वापसी की।

## रावण के किरदार में क्या खास लगा?

रावण के किरदार में उन्हें क्या खास लगा? यह पूछने पर वह कहते हैं, जब आप किसी को मित्र दृष्टि से देखते हैं तो उसके दोष भी निर्दोष दिखाई देते हैं, पर जब आप किसी को शत्रु दृष्टि से देखते हैं तो आपको सिर्फ उसके गुण दिखाई देते हैं, रावण ने राम को शत्रु दृष्टि से इसलिए देखा क्योंकि उसकी रुचि राम के अवगुणों में नहीं, गुणों में थी। इसलिए कुछ लोग जुड़कर लड़ते हैं पर रावण लड़कर उनसे जुड़ गया। जब तक इस जगत में राम का नाम रहेगा, हमें रावण को याद करना पड़ेगा।

## रामकथा जैसा साहित्य दूसरा नहीं

आशुतोष रामायण को अपना प्रिय विषय क्यों मानते हैं? इन दिनों रामायण में काफी फिल्में भी बन रही हैं? यह पूछने पर वह कहते हैं, जैसा मैंने बताया कि हम लोग रामलीला करके ही बड़े हुए हैं। राम कथा को संसार के श्रेष्ठतम साहित्यों में पहले पायदान पर रखा जाता है। उस कथा को आप जितना अपने जीवन में घोल सकें, उस पर चिंतन-मनन कर सकें, कम है। यही कारण रहा कि हमने अपनी पहली किताब मौन मुस्कान की मार के बाद रामराज्य नामक किताब भी लिखी है, जिसे सबने बेहद सराहा। उसे अखिल भारतीय साहित्य अकादमी पुरस्कार भी मिला। मैं एकमात्र एक्टर हूं, जिसको साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है। वह आगे बताते हैं कि हाल ही में उनकी तीसरी किताब आई है आशुतोष नीति, जीवन की रीति। वहीं, आगे वह वासुदेव कृष्ण के बारे में लिख रहे हैं।

## थिएटर से दूर नहीं हुआ था

एनएसडी से थिएटर करने वाले आशुतोष राणा इतने सालों तक रंगमंच से दूर क्यों रहे? उन्होंने इस मिस नहीं किया? यह पूछने पर उनका कहना था, मिस उसे किया जाता है जिसे आप भूल जाएं। मेरा मानना है कि अगर आपको वैसी स्क्रिप्ट नहीं मिले, जो आपके जेहन में हो, तो कमजोर काम करने से बेहतर है कि आप वो काम ना करें, खासकर उस माध्यम (थिएटर) में जहां से आपका जन्म हुआ है। सिनेमा में तो हम कई किस्म के काम कर लेते हैं लेकिन थिएटर जो पैशन है, जो प्रशिक्षण स्थल रहा है, वहां ऐसा काम बिल्कुल ना करें जो आपका मन गंवारा नहीं करता है। मगर मैं उससे दूर बिल्कुल नहीं रहा। बेशक एक एक्टर के तौर पर मंच पर सक्रिय नहीं रहा, लेकिन कभी आप दर्शक के तौर पर सक्रिय रहते हैं, अपने नोट्स जो विद्यार्थियों से बांटते हैं, जो वर्कशॉप करते हैं, उससे भी जुड़े रहते हैं। थिएटर की तो कई विधाएं होती हैं और मैं उस तौर पर सक्रिय रहा हूं। हां, एक एक्टर के रूप में निश्चित तौर पर मैं 22 साल के बाद अब हमारे राम कर रहा हूं।




# एसी, फ्रिज की बिक्री में काफी उछाल आया

## कंपनियों को आने वाले समय में बिक्री बढ़ने की उम्मीद है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में गर्मी का कहर शुरू हो गया है। तापमान लगातार बढ़ रहा है। गर्मी के चलते एसी, फ्रिस और आइसक्रीम की बिक्री काफी बढ़ गई है। डिमांड बढ़ते ही कीमतों में भी उछाल आ गया है। गर्मी को देखते हुए इस बार कंपनियां काफी शानदार बिक्री की उम्मीद कर रही हैं। अब मिडिल क्लास फैमिली में भी लोग जमकर एसी खरीदने लगे हैं। कूलर भी डिमांड भी काफी बढ़ गई है। रेफ्रिजरेटर की भी खूब बिक्री हो रही है। गोदरेज अप्लायंसेज के बिजनेस हेड और एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट कमल नंदी के मुताबिक, 'यह उद्योग के लिए सबसे अच्छी गर्मियों में से एक है।' विजय सेल्स के डायरेक्टर नीलेश गुप्ता ने बताया कि इस साल पिछले 10-15 सालों में सबसे अच्छी गर्मी हो सकती है, क्योंकि इस सेक्टर में पिछले साल के मुकाबले 30 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है। उद्योग सूत्रों ने बताया कि पिछले साल एसी बाजार में 15 फीसदी की वृद्धि हुई थी, जबकि रेफ्रिजरेटर की बिक्री लगभग स्थिर रही है।

कई आइसक्रीम और कोल्ड बेवरेज कंपनियों को भी बिक्री में 20-30 फीसदी की बढ़ोतरी की उम्मीद है। गर्मी की तपिश को देखते हुए आइसक्रीम बनाने वाली कंपनी बास्किन रॉबिन्स को इस सीजन में साल-दर-साल करीब 20 फीसदी की बिक्री वृद्धि की उम्मीद है। भारत में अमेरिकी ब्रांड के मास्टर फैंचाइजी अधिकार रखने वाले ग्रेविस फूड्स के सीईओ मोहित खट्टर ने कहा कि ब्रांड के सनडे और डेजर्ट विकल्पों की मांग कई गुना बढ़ गई है।

### आइसक्रीम की बढ़ रही डिमांड

नेचुरल्स आइसक्रीम सभी क्षेत्रों में दोहरे अंकों की वृद्धि देख रही है। कंपनी पिछले साल की तुलना में 30 फीसदी की वृद्धि के साथ सीजन को बंद करने का लक्ष्य रखती है। इसकी नारियल और आम के स्वाद वाली आइसक्रीम की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। निदेशक श्रीनिवास कामथ के मुताबिक, ई-कॉमर्स में काफी वृद्धि हुई है और गर्मी की लहर के कारण उपभोक्ता दिन के समय घर पर ही खाना पसंद कर रहे हैं। वहीं पेय पदार्थ बनाने वाली दिग्गज कंपनी कोक ने ज्यादा कस्टमर तक पहुंचने के लिए वितरण बढ़ा दिया है। कोका कोला कंपनी के प्रवक्ता ने बिक्री के बारे में कोई जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा, भारत में हम हमेशा बाजार की गतिशीलता और उपभोक्ता वरीयताओं के प्रति सजग रहते हैं। मोंडेलेज के स्वामित्व वाले पाउडर पेय पदार्थ टैंग ने दावा किया कि साल की शुरुआत मजबूत रही है। मोंडेलेज इंडिया के उपाध्यक्ष (मार्केटिंग) नितिन सैनी ने कहा कि चूंकि यह बाजार में अन्य खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है, इसलिए ब्रांड विभिन्न टचपॉइंट्स पर अपनी उपस्थिति के माध्यम से उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव बनाने की कोशिश कर रहा है।

### एसी की खूब हो रही बिक्री

फैशन और व्यापक फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स जैसी कुछ अन्य केटेगरी के विपरीत, जहां अधिकारी मास और प्रीमियम बाजारों के बीच मांग के अंतर की ओर इशारा कर रहे हैं। इसमें टिकाऊ वस्तुओं के क्षेत्र में दोनों खंडों से आकर्षण देखने को मिल रहा है। देश भर में जिस तरह की गर्मी बढ़ रही है, उसे देखते हुए रेफ्रिजरेटर या एसी अब एक जरूरत बन गई है। उदाहरण के लिए, ब्लू स्टार के लिए, एसी खरीदने वाले 90 प्रतिशत ग्राहक पहली बार प्रोडक्ट खरीद रहे हैं और उनमें से लगभग 60 प्रतिशत छोटे शहरों से हैं। एमडी बी त्यागराजन ने कहा, घरों में, एसी को कई कमरों में लगाया जा सकता है और इसलिए इस कैटेगरी की वृद्धि की संभावना बहुत अधिक है। हायर अप्लायंसेज इंडिया ने इस (पूरे) साल में एसी की बिक्री में 35-40 प्रतिशत और रेफ्रिजरेटर की बिक्री में 30 फीसदी की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जबकि गोदरेज अप्लायंसेज के लिए रेफ्रिजरेटर श्रेणी में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं एसी में 60 फीसदी का इजाफा देखा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### औंधे मुंह गिरे सोने-चांदी के भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार बढ़ रही सोने-चांदी की कीमतों में आज ब्रेक लगा है। सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरूआत नरम रही। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 72,150 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 82,350 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज यानी सोमवार को 5 जून 2024 की डिलीवरी वाला सोना 656 रुपए की गिरावट के साथ 72,150 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। सोने में आज सुबह से गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना 668 रुपए सस्ता होकर 72,093 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है। एमसीएक्स पर आज 3 मई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी 1286 रुपए की गिरावट के साथ 82,221 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। वहीं 5 जुलाई 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 1196 रुपए सस्ती होकर 83,950 रुपए के स्तर पर ट्रेड कर रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 1.30 फीसदी या 31.40 डॉलर की गिरावट के साथ 2,382.40 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय तेजी के साथ 2,368.48 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 2.69 फीसदी या 0.78 डॉलर की गिरावट के साथ 28.35 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं, चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 27.90 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है।

### मॉरीशस से कर संधि में बदलाव के बीच ईपीआई ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ से अधिक निकाले




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव को लेकर चिंताओं के कारण विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ रुपए से अधिक की घरेलू इक्विटी बेच दी है। मॉरीशस अब उसके माध्यम से यहां किए गए निवेश की अधिक पड़ताल करेगा। आंकड़ों से पता चलता है कि इससे पहले मार्च में 35,098 करोड़ रुपए और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपए का चौंका देने वाला शुद्ध निवेश आया था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (19 अप्रैल तक) भारतीय इक्विटी में 5,254 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सहायक निदेशक (शोध प्रबंधक) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की निकासी का प्रमुख कारण मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव था, जो अब उसके माध्यम से भारत में किए गए निवेश की अधिक जांच करेगा।

# उम्मीद से बेहतर रही सरकार की कमाई, डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 18 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपए हो गया। टैक्स डिपार्टमेंट ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है। इनकम टैक्स और कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपए अधिक रहा। इनकी डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपए हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपए रही।

प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपए है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपए निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया।

### बजट अनुमान से अधिक

बयान में कहा गया कि अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपए रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपए के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपए हो गया।

### कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन बढ़ा

वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपए से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपए के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

# प्रीमियम दोपहिया वाहनों के लिए बढ़ती प्राथमिकता : एथर एनर्जी के सीईओ ने भारत के बाजार की गतिशीलता में बदलाव पर प्रकाश डाला



**मुंबई, एजेंसी।** एथर एनर्जी के को फाउंडर और सीईओ, तरुण मेहता ने भारत के दोपहिया बाजार में एक उल्लेखनीय प्रवृत्ति पर प्रकाश डालने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने प्रीमियम मोटरसाइकिलों और स्कूटरों के लिए बढ़ती प्राथमिकता पर जोर दिया, प्रीमियमीकरण की ओर बदलाव गति पकड़ रहा है, प्रवेश स्तर के मॉडल को धीरे-धीरे उच्च-स्तरीय विकल्पों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है।

मेहता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 110सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली प्रीमियम बाइक की ओर बदलाव कुछ समय से जारी है, स्कूटर में बदलाव विशेष रूप से तेजी से हुआ है। पिछले पांच वर्षों में, >110सीसी बाइक की हिस्सेदारी 43 प्रतिशत से बढ़कर 52 प्रतिशत हो गई है, और स्कूटर के लिए, यह 25 प्रतिशत से बढ़कर 47 प्रतिशत हो गई है। यह बदलाव केवल आईसीई संचालित वाहनों के बारे में नहीं है; इसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) भी शामिल हैं। विशेष रूप से, 2 वाट इवी स्कूटर की बहुत सारी बिक्री अब प्रीमियम बाज़ार से होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसे-जैसे भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी बढ़ती जा रही है, इस प्रवृत्ति में और तेजी आने की उम्मीद है। मेहता ने जोर देकर कहा कि यह बदलाव बेंगलुरु, दिल्ली या मुंबई जैसे प्रमुख शहरों तक ही सीमित नहीं है बल्कि एक राष्ट्रव्यापी घटना है। यहां तक कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में खरीदार भी समान आकांक्षाएं और खरीदारी व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। यह बदलाव पूरे भारत में हो रहे एक बड़े रुझान को दर्शाता है, न केवल महानगरीय शहरों में बल्कि प्रमुख रूप से टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में भी। यह दर्शाता है कि कैसे भारतीय उपभोक्ता बेहतर गुणवत्ता और अधिक प्रीमियम और उन्नत उत्पादों को पसंद करने लगे हैं।

यह कंपनियों के लिए उभरते भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुसार अपनी योजनाओं को समायोजित करने के महत्व पर जोर देता है। एथर एनर्जी के सीईओ का बयान कंपनियों के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि वे भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करें जो अधिक प्रीमियम उत्पाद खरीदने की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसा करने से, कंपनियां इस बदलाव से पैदा हुए बढ़ते अवसरों का लाभ उठाने के लिए खुद को अच्छी स्थिति में रख सकती हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि वे लगातार आगे बढ़ें और भविष्य में प्रासंगिक बने रहें। एथर एनर्जी 450ङ्ग और 450स्र जैसे अपने प्रसिद्ध वाहनों के माध्यम से उपभोक्ताओं की मांगों पर गतिशील रूप से प्रतिक्रिया दे रही है, जो नवीनता और सस्टेनेबिलिटी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# बढ़ सकती हैं तेल और एलएनजी की कीमतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इजराइल संघर्ष पर विश्लेषकों ने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष पिछले कुछ दिनों में बढ़ गया है। ईरान ने पहले इजराइल पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए। इसके बाद इजराइल ने मिसाइल दागकर जवाबी कार्रवाई की।

संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि हालांकि तनाव कम करने के प्रयासों से संकट पर नियंत्रण होने की संभावना है लेकिन अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो तेल और एलएनजी की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच लगभग 40 किलोमीटर चौड़ी एक समुद्री पट्टी है।

# हांगकांग ने भारतीय मसालों की बिक्री पर लगाई रोक, उत्पादों में कीटनाशक मिलने का दावा




**हांगकांग एजेंसी।** हांगकांग की सरकार ने भारत के मशहूर मसाला ब्रांड्स एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड और एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के चार उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। हांगकांग की सरकार का दावा है कि जांच में इन मसालों में कीटनाशक पाया गया है, जो सेहत के लिए खतरनाक है। हांगकांग सरकार ने मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। इससे पहले सिंगापुर की सरकार ने भी भारतीय मसाला ब्रांड्स पर रोक लगा दी थी। हांगकांग के सेंटर फॉर फूड सेफ्टी विभाग ने बताया है कि कई मसाला उत्पादों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड मिला पाया गया है। हांगकांग की सरकार ने लोगों से इन उत्पादों का सेवन नहीं करने की अपील की है और साथ ही इन उत्पादों की बिक्री पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया। जिन मसालों पर रोक लगाई गई है, उनमें एमडीएच का उत्पाद मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला मिक्स मसाला पाउडर और करी पाउडर मिक्स मसाला और एवरेस्ट का उत्पाद फिश करी मसाला शामिल है। हांगकांग की सरकार ने इन उत्पादों के आयात पर रोक लगाने और तुरंत उन्हें दुकानों में बिक्री की जगह से हटाने के निर्देश के साथ ही पहले से मौजूद उत्पादों को वापस भेजने का निर्देश दिया था। हांगकांग सरकार के अधिकारियों ने रुटीन फूड सर्विलांस के दौरान तीन रिटेल दुकानों से इन मसालों के सैंपल लिए थे।

# भारत में पांच लाख लोगों को नौकरी देगी अमेरिका की यह दिग्गज कंपनी ऐपल !



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईफोन बनाने वाली अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी ऐपल भारत में बड़े पैमाने पर बिजनस करने की तैयारी में है। कंपनी अपने वेंडर्स के जरिए अगले तीन साल में भारत में पांच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह बात कही है। फिलहाल ऐपल के वेंडर्स और सप्लायर भारत में 1.5 लाख लोगों को रोजगार दे रहे हैं। ऐपल के लिए दो प्लांट चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि ऐपल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रही है। एक पुराने अनुमान के अनुसार कंपनी अपने वेंडर्स और कंपोनेंट सप्लायर्स के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है।

इस संबंध में ऐपल से संपर्क किया गया तो कंपनी ने कोई बयान नहीं दिया। ऐपल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (लगभग 3.32 लाख करोड़) करने की योजना है। मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार 2023 में ऐपल रेवेन्यू के मामले में भारतीय बाजारम में सबसे आगे रही जबकि वॉल्यूम के लिहाज से दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग ने बाजी मारी। फर्म ने अपना हालिया रिपोर्ट में कहा कि ऐपल भारत में एक करोड़ यूनिट से ज्यादा आईफोन बना चुकी है और 2023 में पहली बार उसने रेवेन्यू के मामले में पहला स्थान हासिल किया। फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में भारत से ऐपल के आईफोन का एक्सपोर्ट 12.1 अरब डॉलर रहा जो 2022-23 में 6.27 अरब डॉलर रहा था। इस तरह भारत से कंपनी के एक्सपोर्ट में करीब 100 फीसदी तेजी आई।

### टाटा के साथ कॉन्ट्रैक्ट

हाल में खबर आई थी कि ऐपल के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर आईफोन बनाने वाली ताइवान की एक और कंपनी टाटा ग्रुप की झोली में आने वाली है। सूत्रों के मुताबिक टाटा ग्रुप ताइवानी कंपनी पेगाट्रॉन की इंडिया यूनिट में मैज्योरिटी स्टेक खरीदने के लिए की तैयारी में है। दोनों कंपनियों के बीच बातचीत एडवांस स्टेज में है। इससे पहले टाटा ग्रुप ऐपल की एक और कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरर विस्ट्रॉन को खरीद चुकी है। टाटा ग्रुप ने पिछले साल नवंबर में 12.5 करोड़ डॉलर (1,000 करोड़ रुपये) में इसकी लोकल यूनिट को खरीदा था

# इरडा का बड़ा ऐलान, अब 65 की उम्र के बाद भी खरीद सकेंगे हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडा ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) का लक्ष्य एक अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। हालिया गजट अधिसूचना में इरडा ने कहा, 'बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी अन्य समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं।'

इसके अलावा, बीमाकर्ताओं को पहले से किसी भी प्रकार की चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है। नतीजतन, बीमाकर्ताओं को कैंसर, हृदय या गुर्दे की विफलता और एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से प्रतिबंधित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार, बीमाकर्ताओं को पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए किस?तों में प्रीमियम भुगतान की पेशकश करने की अनुमति है। यात्रा पॉलिसियां केवल सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ही पेश की जा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि आयुष उपचार कवरेज पर कोई सीमा नहीं है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी प्रणालियों के तहत उपचार को बिना किसी सीमा के बीमा राशि का कवरेज मिलेगा। अधिसूचना में कहा गया कि लाभ-आधारित बीमा वाले पॉलिसीधारक विभिन्न बीमाकर्ताओं के साथ लचीलेपन और विकल्पों को बढ़ाते हुए कई दावे कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### चीन के ओलंपिक पदक विजेताओं के प्रतिबंधित ड्रग्स मामले में वाडा ने अपनी जांच के रुख का किया बचाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था। हालांकि, इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने 2021 के एक मामले को गलत तरीके से संभालने के अपमानजनक और पूरी तरह से झूठे आरोपों को खारिज कर दिया। इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था, हालांकि इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वाडा का ये बयान उस वक्त आया जब अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी चीफ ट्रेविस टाइगर्ट ने वाडा और चीनी अधिकारियों पर इन पॉजिटिव परीक्षणों को दबाने का आरोप लगाया था। सीएनएन के मुताबिक टाइगर्ट ने ये भी आरोप लगाया कि एजेंसी खेलों में ड्रग्स के इस्तेमाल के खिलाफ असरदार नियम बनाने में नाकाम रही है।



### लो स्कोरिंग मैच में गुजरात ने पंजाब को तीन विकेट से हराया

**मुल्लांपुर (पंजाब), एजेंसी।** साई किशोर के चार विकेट के बाद राहुल तेवतिया के 18 गेंद पर नाबाद 36 रनों की तेज पारी के दम पर आईपीएल के 37वें मैच में यहां पीसीए स्टेडियम में रविवार को गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को पांच गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। धीमी पिच पर पंजाब के 142 रन के जवाब में गुजरात के बल्लेबाजों ने शुरुआत में संभलकर खेला। पूरे रन चेज में सिर्फ दो छक्के लगे।

ऊपरी क्रम में ओपनर शुभमन गिल (35) तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज साई सुदर्शन (31) ने टीम के लिए आधार तैयार किया। हालांकि 9.2 ओवर में एक विकेट पर 66 रन के बाद अगले छह ओवर में मात्र 37 रन बनाने में उसने चार विकेट गंवा दिये, लेकिन राहुल तेवतिया एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके जड़े।

हर्षल पटेल (तीन ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट) ने 19वें ओवर में शाहरुख खान और राशिद खान को आउट कर मेहमान टीम को दो झटके जरूर दिये, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अंतिम ओवर की पहली ही गेंद पर अर्शदीप सिंह को चौका लगाकर तेवतिया ने टीम को जीत दिला दी।पंजाब की ओर से लियाम लिविंगस्टोन के खाते में दो और अर्शदीप तथा सैम करन के खाते में एक-एक विकेट आये।इस जीत के साथ गुजरात आठ में से चार मैच जीतकर प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर पहुंच गया है। पंजाब की टीम आठ में से छह मैच हारकर नवें स्थान पर है।

इससे पहले, साई किशोर की फिरकी के जाल में चार बल्लेबाज फंस गये।पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने पावर-प्ले में पचास रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। लेकिन इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे।साई किशोर 4-33 के अलावा नूर अहमद 2-20 और राशिद खान 1-15 पंजाब के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया।

शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा, जिन्होंने आईपीएल 2024 में अब तक पंजाब किंग्स के लिए कई लड़ाईयां लड़ी हैं, क्रमशः आठ और तीन रन पर आउट हो गए और पंजाब को नाटकीय पतन का सामना करना पड़ा।ओपनक सैम कुरेन (20) और प्रभसिमरन सिंह (21 गेंद में 35) के बाद निचले क्रम में हरप्रीत बरार (12 गेंद पर 29) को छोड़कर बाकि बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके।

## आईपीएम में साधारण प्रदर्शन के चलते हार्दिक पंड्या और केएल राहुल को

# वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलना मुश्किल...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 का क्रिकेट फैन्स को बेसब्री से इंतजार है. आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से 29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाना है. इस मेगा इवेंट के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है. इस डेट तक में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुन लेनी है. यानी भारतीय टीम का भी जल्द ऐलान होने वाला है. टीम चुनने के लिए अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की बैठकर इस महीने की आखिरी तारीख (30 अप्रैल) या अगले माह के पहले दिन हो सकती है.

टीम मीटिंग के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भी तवज्जो दिए जाने की संभावना है. टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने भी ये जोर देकर कहा था कि आईपीएल में प्रदर्शन के आधार पर ही वर्ल्ड कप टीम चुनी जाएगी. द्रविड़ ने माना था कि भारतीय खिलाड़ियों को आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए तैयारियों का मौका नहीं मिल पाया है. ऐसे में आईपीएल का रोल काफी अहम होगा.

### हार्दिक और राहुल की स्ट्राइक-रेट पर उठे सवाल!

टी20 वर्ल्ड कप के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल भी चयन की रेस में हैं. हालांकि इन दोनों खिलाड़ियों ने मौजूदा आईपीएल सीजन में जिस तरह का प्रदर्शन किया है वो उतना संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है. हार्दिक-राहुल ने आईपीएल 2024 में अपेक्षाकृत स्लो बैटिंग की है, ऐसे में दोनों का वर्ल्ड कप टीम से पत्ता कट भी सकता है. हार्दिक पंड्या मौजूदा आईपीएल सीजन में अब तक 7 पारियों में 146.87 की स्ट्राइक-रेट से 141 रन ही बना सके हैं. हार्दिक पंड्या बैटिंग में तो फ्लॉप रहे ही हैं, गेंद से भी उनका प्रदर्शन खराब रहा है. हार्दिक ने मौजूदा आईपीएल में 11 की खराब इकोनॉमी रेट से 4 विकेट लिए हैं. जबकि केएल राहुल ने सात मैचों में 143 की स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं.



### अभिषेक-शशांक-कार्तिक कर रहे तूफानी बैटिंग


जहां राहुल और हार्दिक जैसे धुरंधर तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. वहीं अभिषेक शर्मा, अभिषेक पोरेल, शशांक सिंह जैसे खिलाड़ी धुआंधार बैटिंग कर रहे हैं. अभिषेक शर्मा ने तो 215.96 की स्ट्राइकट-रेट से इस सीजन में रन बनाए हैं. शुरुआती सात मैचों में शशांक की भी स्ट्राइक-रेट लगभग 180 रही. वहीं, अभिषेक पोरेल ने 162.63 की स्ट्राइक रेट से स्कोर किए हैं. 38 साल के दिनेश कार्तिक ने भी तूफानी बैटिंग करके दावदारी पेश की है. कार्तिक की स्ट्राइक रेट लगभग 196 रही है.

### टी20 वर्ल्ड कप शेड्यूल

- शनिवार, 1 जून– यूएसए बनाम कनाडा, डलास
- रविवार, 2 जून– वेस्टइंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी, गुयाना
- रविवार, 2 जून– नामीबिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- सोमवार, 3 जून– श्रीलंका बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- सोमवार, 3 जून– अफगानिस्तान बनाम युगांडा, गुयाना
- मंगलवार, 4 जून– इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- मंगलवार, 4 जून– नीदरलैंड्स बनाम नेपाल, डलास
- बुधवार, 5 जून– भारत बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 5 जून– पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा, गुयाना
- बुधवार, 5 जून– ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- गुरुवार, 6 जून– यूएसए बनाम पाकिस्तान, डलास
- गुरुवार, 6 जून– नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- शुक्रवार, 7 जून– कनाडा बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- शुक्रवार, 7 जून– न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान, गुयाना
- शुक्रवार, 7 जून– श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, डलास
- शनिवार, 8 जून– नीदरलैंड्स बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- शनिवार, 8 जून– ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, बारबाडोस
- शनिवार, 8 जून– वेस्टइंडीज बनाम युगांडा, गुयाना
- रविवार, 9 जून– भारत बनाम पाकिस्तान, न्यूयॉर्क
- रविवार, 9 जून– ओमान बनाम स्कॉटलैंड, एंटीगा
- सोमवार, 10 जून– साउथ अफ्रीका बनाम बांग्लादेश, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून– पाकिस्तान बनाम कनाडा, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून– श्रीलंका बनाम नेपाल, फ्लोरिडा
- मंगलवार, 11 जून– ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, एंटीगा
- बुधवार, 12 जून– यूएसए बनाम भारत, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 12 जून– वेस्टइंडीज बनाम न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद
- गुरुवार, 13 जून– इंग्लैंड बनाम ओमान, एंटीगा
- गुरुवार, 13 जून– बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड्स, सेंट विंसेंट
- गुरुवार, 13 जून– अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी, त्रिनिदाद
- शुक्रवार, 14 जून– यूएसए बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- शुक्रवार, 14 जून– साउथ अफ्रीका बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- शुक्रवार, 14 जून– न्यूजीलैंड बनाम युगांडा, त्रिनिदाद
- शनिवार, 15 जून– भारत बनाम कनाडा, फ्लोरिडा
- शनिवार, 15 जून– नामीबिया बनाम इंग्लैंड, एंटीगा
- शनिवार, 15 जून– ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड, सेंट लूसिया
- रविवार, 16 जून– पाकिस्तान बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- रविवार, 16 जून– बांग्लादेश बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- रविवार, 16 जून– श्रीलंका बनाम नीदरलैंड्स, सेंट लूसिया
- सोमवार, 17 जून– न्यूजीलैंड बनाम पा. न्यू. गिनी, त्रिनिदाद
- सोमवार, 17 जून– वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, सेंट लूसिया
- बुधवार, 19 जून– ए2 बनाम डी1, एंटीगा
- बुधवार, 19 जून– बी1 बनाम सी2, सेंट लूसिया
- गुरुवार, 20 जून– सी1 बनाम ए1, बारबाडोस
- गुरुवार, 20 जून– बी2 बनाम डी2, एंटीगा
- शुक्रवार, 21 जून– बी1 बनाम डी1, सेंट लूसिया
- शुक्रवार, 21 जून– ए2 बनाम सी2, बारबाडोस
- शनिवार, 22 जून– ए1 बनाम डी2, एंटीगा
- शनिवार, 22 जून– सी1 बनाम बी2, सेंट विंसेंट
- रविवार, 23 जून– ए2 बनाम बी1, बारबाडोस
- रविवार, 23 जून– सी2 बनाम डी1, एंटीगा
- सोमवार, 24 जून– बी2 बनाम ए1, सेंट लूसिया
- सोमवार, 24 जून– सी1 बनाम डी2, सेंट विंसेंट
- बुधवार, 26 जून– सेमी 1, गुयाना
- गुरुवार, 27 जून– सेमी 2, त्रिनिदाद
- शनिवार, 29 जून– फाइनल, बारबाडोस

# इंपैक्ट प्लेयर नियम पर बढ़ी तकरार अब डेविड वॉर्नर ने दिया यह सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है और इससे भारतीय क्रिकेट को कोई फायदा नहीं होने वाला है। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भी इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर अपनी राय रखी है। आईपीएल के सबसे सफल विदेशी खिलाड़ी वॉर्नर ने सलाह देते हुए कहा कि इंपैक्ट प्लेयर नियम के चलते प्लेइंग-11 में पाच खिलाड़ियों को शामिल करने की मंजूरी मिलनी चाहिए। हाल के दिनों में इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर कई खिलाड़ियों ने सवाल खड़े किए हैं, लेकिन वॉर्नर इस नियम के खिलाफ नहीं हैं।



### इंपैक्ट प्लेयर नियम के समर्थन में आए वॉर्नर

वॉर्नर ने इस नियम को लेकर राय व्यक्त करते हुए एक वेबसाइट से कहा, इंपैक्ट प्लेयर नियम होने से टीम में 12 खिलाड़ी खेलते हैं इसलिए आपको पांच विदेशी खिलाड़ियों को प्लेइंग-11 में शामिल होने की मंजूरी देनी चाहिए। अगर आप 12 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे हैं तो यह मदद करेगा क्योंकि इससे आप छह गेंदबाजों के साथ उतर सकते हैं और इससे इंपैक्ट के तौर पर ऑलराउंडर की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन वे ऐसा कर रहे हैं और बल्लेबाजी ऑलराउंडर को जगह मिल रही है। मुझे लगता है कि यह खेल के लिए अच्छा है।

### रोहित ने इंपैक्ट प्लेयर नियम का किया था विरोध

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है और इससे भारतीय क्रिकेट को कोई फायदा नहीं होने वाला है। रोहित ने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान कहा था, मैं इंपैक्ट नियम का बड़ा फैन नहीं हूं। यह नियम ऑलराउंडर खिलाड़ियों को पीछे धकेलने वाला है। आमतौर पर क्रिकेट 11 खिलाड़ियों के साथ खेलने वाला खेल, 12 नहीं। आप वैसे ही मैच से लोगों का काफी मनोरंजन करते हैं। अगर आप इससे क्रिकेट पर पड़ने वाले एक प्रभाव की बात करें तो मुझे लगता है कि शिवम दुबे और वॉशिंगटन सुंदर को गेंदबाजी नहीं मिल रही है जो हमारे लिए अच्छी चीज नहीं है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि आप इससे क्या हासिल करेंगे।

## 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने रचा इतिहास

● विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स जीतने वाले बने दूसरे भारतीय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के साथ एक नया इतिहास रच दिया है। वह विश्वनाथन आनंद के बाद इस टूर्नामेंट को जीतने वाले भारत के जहां दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, तो वहीं दुनिया के सबसे कम उम्र के भी प्लेयर हैं जिन्होंने ये टूर्नामेंट जीता है। अब डी गुकेश का वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के खिलाड़ी डिंग लिरेन से भिड़ंत होगी। गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ अपना अंतिम दौर का मैच ड्रा पर खत्म करने के साथ 14 में से 9 अंक हासिल करने में सफल रहे। इस टूर्नामेंट का आयोजन मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ी को चुनने के लिए किया जाता है। गैरी कास्परोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा(



### डी गुकेश की उपलब्धि पर विश्वनाथन आनंद ने जताई खुशी

कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए डी गुकेश को भारत के महान चेस खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बधाई देने के साथ अपनी खुशी को भी जताया। विश्वनाथन आनंद ने अपने पोस्ट में लिखा कि सबसे कम उम्र के चैलेंजर बनने के लिए डी गुकेश को बधाई। आपने जो किया है उस पर परिवार को बहुत गर्व है। आपने जिस तरह से खेला और कठिन परिस्थितियों को संभाला उस पर मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत गर्व है। ये पल आपका है और इस पल का आप आनंद लें। बता दें कि डी गुकेश को प्राइज मनी के रूप में लगभग 80 लाख रुपए भी मिले हैं।

# तीसरे टी20 में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को चटाई धूल

## 7 विकेट से दी शिकस्त, मार्क चैपमैन बने कहर

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज़ का तीसरा मुकाबला रविवार (21 अप्रैल) को रावलपिंडी में खेला गया. सीरीज़ के तीसरे मैच में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को 7 विकेट से धूल चटा दी. दूसरा टी20 गंवाने वाली न्यूज़ीलैंड ने तीसरे मैच में बदला लेते हुए पाकिस्तान को उन्हीं के घर पर रौंद दिया. न्यूज़ीलैंड को जीत दिलाने में मार्क चैपमैन ने अहम भूमिका अदा की, जिन्होंने 207.14 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी करते हुए 87* रन बनाए. न्यूज़ीलैंड ने मुकाबले में टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया. पहले बैटिंग के लिए उतरी पाकिस्तान टीम ने 20 ओवर में 178/4 रन बोर्ड पर लगाए. टीम के लिए शादाब खान ने 20



गेंदों में 40 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. इस दौरान न्यूज़ीलैंड के लिए ईश सोढ़ी ने सबसे ज़्यादा विकेट झटके.

### लक्ष्य हासिल कर आसानी से जीती न्यूज़ीलैंड

179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूज़ीलैंड ने बड़ी ही आसानी से 18.2 ओवर में 3 विकेट पर जीत हासिल कर ली. ओपनिंग पर उतरे टिम सेफर्ट और टिम रॉबिन्सन ने न्यूज़ीलैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई. दोनों ने पहले विकेट के लिए 42 (30) रनों की साझेदारी की. कीवी टीम को पहला झटका टिम सेफर्ट के रूप में लगा, जो 5वें ओवर में अब्बास अफरीदी की गेंद पर बोल्ड हुए. सेफर्ट ने 16 गेंदों में 1 चौका और 1 छक्का लगाकर 21 रन बनाए. फिर छठे ओवर में नसीम शाह ने टिम रॉबिन्सन को बोल्ड कर दिया. रॉबिन्सन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाए, जिसमें 5 चौके शामिल रहे. इसके बाद मार्क चैपमैन और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने तीसरे विकेट के लिए 117 (68) रनों की शानदार साझेदारी कर मैच को न्यूज़ीलैंड के पक्ष में डाल दिया. यहां से टीम को चौथा झटका 18वें ओवर में लगा, जब फॉक्सक्रॉफ्ट 29 गेंदों में 1 चौके और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाकर पवेलियन लौटे. फिर इसके बाद मार्क चैपमैन और जेम्स नीशम ने चौथे विकेट के लिए 9* रनों की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत की लाइन पार करवाई. इस दौरान चैपमैन ने 42 गेंदों में 9 चौके और 4 छक्कों की मदद से 42 रन स्कोर किए.

# आईपीएल प्लेऑफ से बाहर हुई आरसीबी?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में रविवार (21 अप्रैल) तक 37 मैच खेले जा चुके हैं. इसी दिन कोलकाता नाइट राइडर्स (चयक्र) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया. इस मैच में केकेआर ने आखिरी बॉल पर 1 रन से जीत दर्ज की. यह इस सीजन में विराट कोहली की टीम आरसीबी की 8 मैच में 7वीं हार है. साथ ही आरसीबी ने लगातार अपना छठा मैच गंवाया है. इस टीम की हालत इतनी बुरी है कि वो अभी पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे यानी 10वें पायदान पर है. इन्हीं सब सवालों के जवाब में फैन्स के लिए थोड़ी निराशा वाली बात सामने आती है. दरअसल, अब यहां आरसीबी अपने बाकी बचे सभी 6 मैच और जीत लेती है, तो उसके कुल 14 पॉइंट्स हो जाएंगे. ऐसे में आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना एकदम नामुमकिन की तरह नजर आ रहा है.

**अब यही एक चमत्कार आरसीबी को बचा सकता है!**

इसकी बड़ी वजह है कि आईपीएल में 2022 सीजन से 10 टीमें खेल रही हैं. तभी से प्लेऑफ में कभी भी कोई टीम 14 अंक के साथ प्लेऑफ में नहीं पहुंची है. सबसे नीचे यानी चौथे नंबर की टीम के भी 16 अंक रहे हैं. मगर आसीबी को चमत्कार की दरकार जरूर रहेगी. यदि बाकी टीमें अपने मैच हारती हैं और समीकरण चौथे नंबर की टीम के लिए 14 अंक पर लाकर खड़ा करता है, तब कहीं जाकर आरसीबी की उम्मीदें बन सकती हैं. उसके लिए भी आरसीबी को अपने बचे हुए बाकी मुकाबलों को अच्छे अंतर से जीतकर नेट रनरेट अच्छा रखना होगा. मगर इसकी उम्मीद बेहद ही कम नजर आ रही है.



## छाती ठोक के कहूंगा नॉट आउट, विराट के विवादित विकेट पर नवजोत सिद्धू का बयान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली आईपीएल 2024 के मैच नंबर 36 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जिस तरह आउट हुए, वह लगातार चर्चाओं में बना हुए है. कोहली फुलटॉस गेंद पर आउट हुए, जिसे कुछ लोग नो बॉल बता रहे हैं. अब नवजोत सिंह सिद्धू ने इस विकेट को लेकर अपनी बात रखी. सिद्धू ने कहा कि छाती ठोक के कहूंगा कि नॉट आउट है. उन्होंने बताया कि गेंद जब बल्ले पर लगी थी, तब करीब डेढ़ फुट ऊपर थी. बता दें कि हर्षित राणा की स्लोअर गेंद पर विराट कोहली कॉटन बोल्ड हुए थे. हार्षित ने जिस तरह की गेंद फेंकी थी वह देखने में तो नो बॉल लग रही थी, लेकिन जब थर्ड अंपायर ने चेक किया तो यह लीगल गेंद मानी गई और कोहली को आउट करार दिया गया. यह वाक़या कोलकाता और बेंगलुरु के बीच खेले गए मैच की दूसरी पारी के दौरान तीसरे ओवर की पहली गेंद पर हुआ था, जब आरसीबी बैटिंग कर रही थी.



## संक्षिप्त समाचार

### 14 साल की दुष्कर्म पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट से की अबॉर्शन की मांग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 14 वर्षीय कथित दुष्कर्म पीड़िता को उसकी लगभग 30 सप्ताह की गर्भावस्था का चिकित्सीय गर्भपात कराने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने अस्पताल द्वारा प्रस्तुत मेडिकल रिपोर्ट को ध्यान में रखकर आदेश दिया। रिपोर्ट में नाबालिग की चिकित्सीय समाप्ति की राय दी गई थी और कहा गया था कि गर्भावस्था जारी रहने से नाबालिग के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### राम मंदिर का केवल ग्राउंड फ्लोर तैयार, परिसर में लगेंगी 6 और मूर्तियां- चंपत राय

**अयोध्या, एजेंसी।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या में जारी राम मंदिर निर्माण को लेकर अहम जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि केवल ग्राउंड फ्लोर का मंदिर बना है। वहां पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर दी गई है। फर्स्ट फ्लोर का काम चल रहा है और इसके ऊपर सेकंड फ्लोर को लेकर तैयारी है। उन्होंने कहा, मंदिर के चारों ओर 14 फीट चौड़ी सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी। इस दीवार को मंदिर का परकोटा कहा जाता है। यह परकोटा कई उद्देश्यों को साथ तैयार किया जाएगा। यहां पर 6 और मंदिर बनाए जाएंगे। एक कोने पर शंकर, दूसरे कोने पर भगवती, एक कॉर्नर पर पार्वती और एक कॉर्नर पर सूर्य भगवान का मंदिर बनेगा। दो भुजाओं में एक भुजा पर भगवान हनुमान और मां अन्नपूर्णा का मंदिर बनाया जाएगा। ये सभी मंदिर पत्थर के बनेंगे। इनका परिसर छायादार होगा और सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। चंपत राय ने कहा, इस परिसर में महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र और महर्षि अगस्त्य के मंदिर भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा निषाद राज, मां शबरी, मां अहिल्या और जटायु के मंदिर भी बनाए जाएंगे। मंदिर परिसर में एक समय में 25,000 तीर्थयात्री आ सकेंगे। यहां पर इन्हें अपने सामान रखने की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां किसी भी तरह का प्रदूषण न हो, इसकी व्यवस्था की गई है। यहां के पेड़-पौधे संरक्षित हैं। परिसर में 600 पौधे थे और सभी सुरक्षित हैं। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और सीवर ट्रीटमेंट प्लांट भी वहां पर हैं। यह मंदिर अपने आप में स्वतंत्र होगा। अयोध्या के लोगों को मंदिर की आवश्यकता को पूरा करने के लिए किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। हर दिन 1 लाख से अधिक लोगों ने किए मंदिर में दर्शन राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा, हर दिन एक लाख से अधिक लोग मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके बाद से लगभग 1.5 करोड़ लोग रामलला के दर्शन के लिए आए हैं।

### मोदी के मुसलमान वाले बयान पर खरगे बोले- पीएम ने जो कहा वो हेट स्पीच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुसलमान वाले बयान को लेकर तीखा हमला बोला है। मुख्य विपक्षी दल की ओर से इसे घृणास्पद भाषण करार देते हुए कहा गया कि यह लोगों का ध्यान भटकाने की सोची-समझी चाल है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, आज मोदी जी के बौखलाहट भरे भाषण से दिखा कि प्रथम चरण के नतीजों में इंडिया जीत रहा है। मोदी जी ने जो कहा वो हेट स्पीच तो है ही, ध्यान भटकाने की एक सोची समझी चाल है। प्रधानमंत्री ने वही किया जो उन्हें संघ के संस्कारों में मिला है। उन्होंने कहा कि सत्ता के लिए झूठ बोलना, बातों का अनर्गल संदर्भ बनाकर विरोधियों पर झूठे आरोप मढ़ना यह संघ और भाजपा की प्रशिक्षण की खासियत है।

# कांग्रेस का बड़ा ऐलान- सरकार बनी तो संसद के पहले ही सत्र में रद्द हो जाएगा सीएए

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के केंद्र में सरकार बनते ही संसद के पहले सत्र में ही नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इरादा सीएए को रद्द करने का है, भले ही उसके घोषणापत्र में इसका उल्लेख नहीं किया गया हो।





केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राजनेता कांग्रेस पर इस बात को लेकर लगातार निशाना साध रहे हैं कि उसके घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख नहीं है।यहां मीडिया से बातचीत में चिदंबरम ने दावा किया कि घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख इसलिए नहीं किया गया था क्योंकि 'यह बहुत लंबा हो गया था।'

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के 10 साल के शासन ने देश को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है क्योंकि इसने संसद में 'प्रचंड बहुमत' का दुरुपयोग किया। चिदंबरम ने कहा, 'कानूनों की एक लंबी सूची है, जिनमें से पांच कानून पूरी तरह से रद्द कर दिए जाएंगे। ये मेरा वादा है, मैं घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष हूं। मैंने इसका एक-एक शब्द लिखा है, मुझे पता है कि इरादा क्या था। सीएए संशोधित नहीं किया जाएगा, बल्कि इसे रद्द कर दिया जाएगा। हमने इसे स्पष्ट कर दिया है।'

चिदंबरम ने विजयन के इस दावे को खारिज कर दिया कि कांग्रेस ने कानून का विरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम के कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने संसद में सीएए के खिलाफ अपने विचार रखे थे। चिदंबरम ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश के लोगों से यह सच्चाई छिपा रही है कि 'हजारों वर्ग किलोमीटर भारतीय भूमि' पर चीनी सैनिकों ने कब्जा कर लिया है।

चिदंबरम ने कहा, 'यह एक तथ्य है जिसकी गवाही लद्दाख के सांसद ने दी है। इस तथ्य की गवाही अरुणाचल प्रदेश के नागरिकों ने दी है। इसलिए यह कहना कि उन्होंने हमारी सीमाओं को सुरक्षित किया है, पूरी तरह से झूठ है।' उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।

चिदंबरम ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी के 10 साल के शासन में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है।उन्होंने लोगों से 'लोकतंत्र को बहाल' करने की अपील की। चिदंबरम ने कहा, 'भाजपा ने 14 दिन में घोषणापत्र तैयार किया, जिसका शीर्षक घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने इसे मोदी की गारंटी कहा। भाजपा अब कोई राजनीतिक दल नहीं है। यह एक पंथ बन गई है और यह पंथ नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।'

चिदंबरम ने दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' उन देशों की याद दिलाती है जहां पंथ पूजा होती है। उन्होंने कहा, 'भारत में पंथ पूजा को ताकत मिलनी शुरू हो गई है और इससे तानाशाही को बढ़ावा मिलेगा।' चिदंबरम ने आरोप लगाया कि 10 साल के मोदी शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर नियंत्रण रहा है।

उन्होंने कहा, 'यदि मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं, तो वह संविधान में संशोधन कर सकते हैं.... हमें लोकतंत्र को बहाल करना होगा।'

## अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को तोड़ना मरोड़ना नहीं चाहिए: चंद्र कुमार बोस

**शिमला, एजेंसी।**
नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने कंगना रनौत को नसीहत दी है। चंद्र कुमार बोस ने कंगना के उस दावे की आलोचना की है जिसमें भाजपा प्रत्याशी ने कहा था कि सुभाष चंद्र बोस भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। चंद्र कुमार बोस ने कहा कि किसी को भी अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को तोड़ना मरोड़ना नहीं चाहिए। मेरी कंगना से अपील है कि उनको नेताजी सुभाष चंद्र बोस की लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए।



दरअसल, हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने एक कार्यक्रम में कहा था कि पहले मुझे यह बात क्लियर करने दीजिए। जब हमें आजादी मिली तो भारत के पहले प्रधानमंत्री सुभाष चंद्र बोस, वो कहां गए थे? इस बयान को लेकर वह आलोचकों के निशाने पर भी आ गई थीं। एक विशेष बातचीत में चंद्र कुमार बोस ने कंगना रनौत को नसीहत दी कि उन्हें (कंगना रनौत) अपने राजनीतिक लाभ के लिए या अपने पार्टी नेतृत्व को खुश करने के लिए इतिहास को विकृत नहीं करना चाहिए। जहां तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर उनके बयान का सवाल है, तो यह अधूरा है। नेताजी निश्चित रूप से राष्ट्र प्रमुख, अखंड, अविभाजित भारत के प्रधानमंत्री थे। मैं यहां बता दूं कि महत्वपूर्ण कारक एकजुट और अविभाजित भारत है, जिसका जिक्र करने से वह चूक गईं।

चंद्र कुमार बोस ने कहा- नेताजी अविभाजित और अखंड भारत के अंतिम प्रधानमंत्री भी थे। आपको नेताजी के जीवन और समय, उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करने की जरूरत है। मैं न केवल कंगना से वरन उन सभी लोगों से, जो नेताजी में रुचि रखते हैं, अनुरोध करूंगा कि वे भारत की उनकी अवधारणा, विचारधारा और देश के लिए उनके नजरिये को समझने के लिए उनके लेखों का अध्ययन करें। चंद्र कुमार बोस 2016 में पश्चिम बंगाल में भाजपा के उपाध्यक्ष थे। चंद्र कुमार बोस ने कहा कि किसी को भी अपने या पार्टी या राजनीतिक आकाओं के राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को विकृत नहीं करना चाहिए। मेरा मानना है कि स्वतंत्रता आंदोलन 1857 में मंगल पांडे के विद्रोह के साथ शुरू हुआ था। शहीद भगत सिंह, राजगुरु, खुदीराम बोस जैसे कई लोग थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना बलिदान दिया। महात्मा गांधी का अहिंसक आंदोलन भी था, जिसका अपना प्रभाव भी था। पंडित जवाहरलाल नेहरू निश्चित रूप से विभाजित भारत के पहले प्रधानमंत्री थे।

## मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही बीजेपी, हम सुरक्षित नहीं; ममता बनर्जी ने लगाए गंभीर आरोप

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें और उनके भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है तथा वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को एक बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा, जिसके बाद ममता ने यह आरोप लगाया है। बलूरघाट लोकसभा क्षेत्र के कुमारगंज में पार्टी उम्मीदवार और राज्य में मंत्री बिप्लब मित्रा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, भाजपा मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही है। हम सुरक्षित नहीं हैं लेकिन हम केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की साजिश से भी नहीं डरते हैं। हम हर किसी से तृणमूल नेताओं और पश्चिम बंगाल के लोगों के खिलाफ साजिश के प्रति सावधान रहने का आग्रह करते हैं। तृणमूल प्रमुख ने अधिकारी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, एक गद्दार है, जिसने अपने परिवार और अवैध संपत्ति को बचाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। मैं उन्हें बता दूं कि चॉकलेट बम धमाका करने की उनकी धमकी को तवज्जो नहीं देते हैं। उन्होंने कहा, हम पटाखे फोड़कर उनका मुकाबला करेंगे। हम पीएम केयर फंड में विसंगतियों और प्रत्येक व्यक्ति के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करने के जुमले को उजागर कर रहे हैं। वे केवल झूठ फैलाते हैं। ममता ने भाजपा पर धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया और सवाल किया, दूरदर्शन का लोगो अचानक भगवा क्यों हो गया? सेना के जवानों के आधिकारिक आवासों को भगवा रंग में क्यों रंगा गया? काशी (विश्वनाथ मंदिर) में पुलिस की वर्दी भगवा रंग की क्यों कर दी गई?

## पाकिस्तान उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी का दबदबा, नहीं चला इमरान खान का जादू

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान में हुए उपचुनाव में सत्ताधारी पीएमएलएन पार्टी का दबदबा देखने को मिला है। नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएलएन ने उपचुनाव में नेशनल असेंबली की दो सीटों और प्रांतीय असेंबली की 10 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि अभी तक आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है और मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह दावा किया गया है।

पाकिस्तान में कुल पांच नेशनल असेंबली सीटों, जिनमें पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा की दो-दो नेशनल असेंबली सीट और सिंध की एक नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव हुए। वहीं पंजाब की 12 असेंबली सीटों, खैबर पख्तूनख्वा की दो और बलूचिस्तान की भी दो असेंबली सीटों पर उपचुनाव कराए गए। इन उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी ने दो नेशनल असेंबली की सीटों और 10 असेंबली सीटों पर जीत दर्ज की है। इस उपचुनाव में पीएमएलएन के अलावा इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थन वाली सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने हिस्सा लिया। वहीं मौलाना फजलुर रहमान की पार्टी जमीयत उलेमा ए इस्लाम ने उपचुनाव का बहिष्कार किया।



पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, पीएमएलएन ने दो नेशनल असेंबली सीटों पर जीत दर्ज की है तो पीपीपी और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल ने एक-एक सीट पर और एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। असेंबली सीटों में से पीएमएलएन ने पंजाब की नौ सीटों पर, बलूचिस्तान की एक सीट पर जीत दर्ज की। वहीं पीपीपी, सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल और इश्तेकाम पाकिस्तान पार्टी ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की।

उपचुनाव के दौरान कई जगह हुई हिंसा

उपचुनाव के दौरान पाकिस्तान में कई जगह हिंसा भी देखने को मिली और पीटीआई और पीएमएलएन समर्थकों के बीच हुए झगड़े में एक व्यक्ति की जान चली गई। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पाकिस्तान सरकार ने कई जगहों पर इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही कई जगहों पर मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर भी पाबंदी रही।

## इजराइली हमले में मौत के बाद महिला की डिलीवरी

### डॉक्टरों ने जिंदा बच्ची को गर्भ से निकाला; इसके पिता-बहन भी एयर स्ट्राइक में मारे गए

**गाजा , एजेंसी।**
गाजा के राफा शहर में रविवार को इजराइली हमले में मौत के बाद एक महिला के गर्भ से जिंदा बच्ची को निकाला गया है। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि महिला 30 हफ्ते की प्रेग्नेंट थीं।



डॉक्टरों ने इमरजेंसी सी-सेक्शन डिलीवरी के जरिए बच्ची को निकाला। जन्म के समय बच्ची का वजन 1.4 किलोग्राम (3.09 पाउंड) था। उसकी हालत स्थिर है। धीरे-धीरे उसकी सेहत में और सुधार हो रहा है। महिला की पहचान सबरीन अल-सकानी के रूप में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि दो घरों पर इजराइली एयर स्ट्राइक में बच्ची की मां के अलावा उसके पिता और बहन समेत 19 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें एक ही परिवार के 13 बच्चे शामिल हैं।

नवजात बच्ची के चाचा रामी अल-शेख ने बताया कि उसके जन्म को लेकर उसकी बड़ी बहन मलक काफी खुश थी। वह अपनी छोटी बहन का नाम रूह रखना चाहती थी, जिसका अरबी में अर्थ आत्मा होता है। हालांकि, छोटी बहन के दुनिया में आने से पहले ही मलक की एयर स्ट्राइक में मौत हो गई।

राफा के अस्पताल में बच्ची की देखभाल कर रहे डॉक्टर मोहम्मद सलामा ने बताया कि नवजात को एक अन्य शिशु के साथ इनक्यूबेटर में रखा गया है। उसे तीन से चार हफ्ते तक हॉस्पिटल में ही रखा जाएगा।

डॉक्टर ने कहा कि सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि बच्ची बच तो गई, लेकिन अनाथ पैदा हुई। इसलिए हम देखेंगे कि उसे कहां भेजा जाए, उसके चाची या चाचा या दादा-दादी के पास।

खान युनिस में इजराइल की कार्रवाई के बाद वापस लौटे लोगों को नासेर अस्पताल में कई सौ कब्र मिली हैं। इनमें से अब तक 180 लोगों की लाश बरामद की गई है। आरोप है कि इन्हें इजराइल की सेना ने मारकर दफनाया था। इजराइल और हमास के बीच 7 अक्टूबर 2023 से जंग जारी है। इसी दिन, हमास के लड़ाकों ने इजराइल में घुसकर हमले किए थे और इसमें 1200 इजराइली नागरिक मारे गए थे। 234 लोगों को किडनैप किया गया था। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, इजराइल के हमले से गाजा में 34,000 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

पिछले 24 घंटों में गाजा पर इजराइली सैन्य हमलों में 48 फिलिस्तीनियों की मौत हुई और 79 लोग घायल हो गए।

## बुर्का नहीं पहना और कुमकुम लगाया तो... पत्नी के सामने महिला के साथ की हैवानियत

**बेलगावी।** कर्नाटक में 28 वर्षीय महिला की निजी तस्वीरों का उपयोग करके उसे ब्लैकमेल करने की कोशिश की गई। वहीं, महिला पर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान रफीक और उसकी पत्नी के रूप में हुई, जो उसके साथ यौन गतिविधियों में लिप्त था। पुलिस के अनुसार, पीड़ित महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ उसका यौन उत्पीड़न किया और उसे बुर्का पहनने और माथे पर कुमकुम नहीं लगाने के लिए मजबूर किया गया है। तीनों एक साथ रह रहे थे और 2023 में उसके पति रफीक ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया और उसे इस्लाम में परिवर्तित करने की मांग की। बेलगावी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) भीमाशंकर एस गुलेद ने कहा, अप्रैल 2024 में आरोपी ने पीड़िता को पांच बार नमाज पढ़ने, बुर्का पहनने और कुमकुम न पहनने के लिए मजबूर किया। आरोपी रफीक ने उससे अपने पति को तलाक देने और इस्लाम धर्म अपनाकर उनके साथ रहने के लिए कहा और धमकी दी कि अगर महिला ने ऐसा नहीं किया तो उसकी निजी तस्वीरों को दुनिया से उजागर कर दिया जाएगा।

## लेबनान में वर्षों तक बंधक रहे अमेरिकी पत्रकार टेरी एंडरसन का निधन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी पत्रकार टेरी एंडरसन का निधन हो गया है। टेरी एंडरसन को इस्लामी आतंकियों ने लेबनान में करीब सात वर्षों तक बंधक बनाकर रखा था और पूरी दुनिया में इसकी चर्चा हुई थी। टेरी एंडरसन ने रविवार को 76 वर्ष की उम्र में अपने न्यूयॉर्क स्थित घर पर अंतिम सांस ली। टेरी एंडरसन मीडिया जगत के एक बड़े संस्थान के मध्य पूर्व के मुख्य संपादक थे और लेबनान में बंधक बनाए गए पश्चिमी नागरिकों में सबसे लंबे समय तक बंधक रहे।



### लेबनान में करीब सात वर्षों तक रहे बंधक टेरी एंडरसन

टेरी एंडरसन की बेटी सुलोम एंडरसन ने यह जानकार दी। टेरी को शिया मुस्लिम आतंकी संगठन ने बंधक बनाकर रखा था। इस दौरान टेरी को हाथ-पैर बांधकर, आंखों पर पट्टी बांधकर एक ऐसी कोठरी में रखा गया, जहां रोशनी भी कम आती थी। टेरी ने रिहाई के बाद बताया था कि वह एक समय पागल जैसे हो गए थे और खुदकुशी करना चाहते थे, लेकिन उनकी रोमन कैथोलिक आस्था की वजह से वे बचे रहे। आखिरकार दिसंबर 1991 में टेरी को रिहा कर दिया गया। टेरी की बेटी सुलोम ने बताया कि उसके पिता ने बंधक रहते हुए काफी कष्ट झेला। सुलोम ने कहा वह चाहेंगे कि लोग उन्हें उनके सबसे बुरे अनुभव के लिए याद न रखें बल्कि उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के लिए उन्हें याद रखा जाए। जैसे उन्होंने वियतनाम के बच्चों के लिए फंड बनाया। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए समिति बनाने समेत कई अच्छे काम किए।

**शिया आतंकियों ने किया था अपहरण:** टेरी एंडरसन का जन्म 27 अक्तूबर 1947 को ओहियो में हुआ था। टेरी का बचपन बटाविया, न्यूयॉर्क जैसे शहरों में बीता। आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी से स्नातक करने के बाद टेरी ने छह वर्षों तक मरीन कॉर्प्स में भी काम किया। इसके बाद टेरी ने मीडिया में काम करते हुए डेट्रॉयट, लुइसविले, न्यूयॉर्क, टोक्यो, जॉहानेसबर्ग और फिर बेरूत में काम किया। बेरूत से ही टेरी का अपहरण किया गया। 16 मार्च 1985 को जब टेरी बेरूत स्थित अपने घर पर टेनिस खेल रहे थे, उसी दौरान एक कार में आए कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने उनका अपहरण कर लिया। आतंकियों ने टेरी के बदले कुवैत की जेलों में बंद अपने साथी आतंकियों को छोड़ाने की मांग की। अगले छह साल टेरी के लिए नारकीय साबित हुए। टेरी के बंधक रहने के दौरान ही उनके पिता और भाई की कैंसर से मौत हो गई थी। टेरी की रिहाई के लिए उनकी बहन ने काफी कोशिश की थी। अमेरिकी सरकार ने भी टेरी की रिहाई के लिए काफी कोशिश की, लेकिन सब बेकार गईं।

## एलन मस्क का काम देखने टेस्ला की फैक्ट्री पहुंच गई उनकी मां

**टेक्सास, एजेंसी।**एलन मस्क की मां मेय मस्क जो कि अपने लुक, फैशन की वजह से लाइमलाइट में रहती हैं, वे टेक्सास में टेस्ला गीगाफैक्टरी गई थीं। मेयी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह एलन मस्क के साथ नजर आ रही हैं। मेय मस्क ने हाल ही में अपना 76 वां जन्मदिन से मनाया है। एलन मस्क की मां मेय मस्क एक मॉडल और डाइटिशियन हैं। वे अक्सर फिल्म फेस्टिवल में भी नजर आती हैं। सोशल मीडिया पर भी वे अपने फैशन और अपने खूबसूरत अंदाज के चलते छाई रहती हैं। शनिवार को उन्होंने संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के टेक्सास में टेस्ला गीगीफैक्ट्री का दौरा किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि शनिवार को आप क्या करते हैं एलन मस्क के साथ टेस्ला गीगाफैक्ट्री गई। यहां की लॉबी बहुत ही सुंदर है। सोशल मीडिया पर पोस्ट की इस तस्वीर में मेय नीले रंग की डेनिम जैकेट और जींस पहने नजर आ रही हैं। इस लिबास में वे बहुत ही खूबसूरत लग रहीं थीं। वहीं एलन काले रंग की जींस, टी-शर्ट और जैकेट पहने दिख रहे हैं। उनके फैंस ने कमेंट पर उनकी खूब तारीफ भी की।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129